राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 267
लखनऊ, शनिवार 30 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



फूड प्वाइजनिंग से एक परिवार के सात लोग बीमार 10

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ई-रिक्शा से पहुंचे दफ्तर 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,790/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,650/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,18,380/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को सुप्रीम कोर्ट से राहत, अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज के पॉक्सो मामले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को बड़ी राहत दी है। अदालत ने नाबालिगों के यौन उत्पीड़न से जुड़े आरोपों के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य स्वामी मुकुंदानंद ब्रह्मचारी पर तत्काल गिरफ्तारी का खतरा टल गया है। दरअसल, यह मामला प्रयागराज के झूंसी थाने में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें पॉक्सो अधिनियम की विभिन्न धाराओं के साथ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं भी लगाई गई हैं। शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने आरोप लगाया था कि माघ मेले के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके सहयोगियों ने नाबालिग बटुकों का यौन शोषण किया। प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट के आदेश पर 21 फरवरी 2026 को एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके बाद स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया। 25 मार्च 2026 को न्यायमूर्ति जितेंद्र कुमार सिन्हा की एकल पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। कोर्ट ने एफआईआर में कई विसंगतियां पाईं।

### यूपी में आंधी, बारिश व ओलावृष्टि का अलर्ट, पश्चिमी यूपी में भारी बारिश की चेतावनी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। भारतीय मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान तेज आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने तथा कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है।

### भारत आ रहे तेल टैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को किया पार, 3 मई को पहुंचेगा विशाखापत्तनम

न्यूयॉर्क। भारत के लिए पेट्रोलियम लेकर जा रहा एक तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जानकारी समुद्री यातायात पर नजर रखने वाली कई वेबसाइटों से मिली है। निसोस केरोस नाम का यह जहाज विशाखापत्तनम जा रहा है और इसके 3 जून तक वहां पहुंचने की उम्मीद है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला यह जहाज 21 मई को शारजाह से रवाना हुआ था। शुक्रवार सुबह 6 बजे भारतीय समय के अनुसार इसे भारत के पश्चिमी तट के पास उत्तरी अरब सागर में देखा गया। ईरान की समाचार एजेंसी आईआरएनए ने गुरुवार को बताया कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने पिछले 24 घंटों में 23 वाणिज्यिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी, जिनमें तेल टैंकर और कंटेनर जहाज शामिल हैं।

### कॉकरोच जनता पार्टी को हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, एक्स अकाउंट बहाल करने से इनकार

नई दिल्ली। 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) के एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट को भारत में ब्लॉक किए जाने के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार और एक्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हालांकि, अदालत ने फिलहाल संगठन के अकाउंट को तत्काल बहाल करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया है। मामले की सुनवाई जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की एकल पीठ ने की। याचिका 'कॉकरोच जनता पार्टी' के संस्थापक अभिजीत दीपके की ओर से दायर की गई थी, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके संगठन के अकाउंट को ब्लॉक किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है। अभिजीत दीपके, जो पहले आम आदमी पार्टी (आप) से जुड़े रहे हैं, ने 15 मई को 'कॉकरोच जनता पार्टी' नामक एक व्यंग्यात्मक डिजिटल अभियान की शुरुआत की थी।

# निर्माणाधीन पुल गिरने से छह मजदूरों की मौत

- हमीरपुर में भीषण तूफान के कारण निर्माणाधीन पुल का ढहा हिस्सा
- कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका



### तूफान के अलर्ट के बाद भी चल रहा था निर्माण

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बेतवा नदी में निर्माणाधीन पुल का स्ट्रक्चर देर रात आए चक्रवाती तूफान में ढहने के मामले में बड़ी लापरवाही सामने आई है। आंधी तूफान के प्रशासन के अलर्ट के बाद भी यहां दिन रात पुल में मजदूर काम कर रहे थे। चक्रवाती तूफान जैसे ही आया तो बिना कसाव के रखे गए लॉंच पैड (स्ट्रक्चर) ताश के पत्ते की तरह उड़कर बिखर गया। सेतु निगम के एई ने बताया कि निर्माणाधीन पुल के स्ट्रक्चर ढहने के मामले की जांच यहां शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश बिज्र कारपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने मौके का निरीक्षण कर जांच की। उन्होंने बताया कि ये पुल 92.52 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा था। इस फंड में एप्रोच मार्ग भी बनना है लेकिन चक्रवाती तूफान के कहर में पूरा स्ट्रक्चर ढह गया है। जिससे कम से कम एक करोड़ रुपये का झटका लगा है।

### सीएम योगी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की आर्थिक मदद की घोषणा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने हमीरपुर जिले में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का स्लैब ढहने में श्रमिकों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। सीएम ने मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने हादसे को अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। सीएम ने मृतकों के परिजनों को सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपये की सहायता पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही सीएम ने गुरुवार देर रात कई जिलों में तेज आंधी-तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली से भारी तबाही का भी संज्ञान लेते हुए सभी जिलाधिकारियों को बचाव कार्य तेज करने, नुकसान का आकलन करने और राहत राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं। हमीरपुर हादसे को लेकर सीएम ने तत्काल जिला प्रशासन को एसडीआरएफ के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों की हरसंभव मदद सुनिश्चित करने को कहा है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सीएम ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और हर तीन घंटे में स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुआवजा वितरण, राहत शिविरों, बचाव अभियान और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने को भी कहा गया है, ताकि आमजन तक सही और समयबद्ध सूचना पहुंच सके। सीएम ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बड़ा हादसा हो गया। भीषण तूफान के कारण निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह गया, जिससे मलबे के नीचे दबकर छह मजदूरों की मौत हो गई। कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस बल और स्थानीय निवासी घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं।

हमीरपुर के एएसपी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया, 28 और 29 मई की मध्यरात्रि करीब 2 बजे सूचना मिली कि थाना लालपुर क्षेत्र के मोराकंदर और कुरारा की मवाईजार को जोड़ने के लिए बन रहे पुल का स्लैब गिर गया है, जिसके नीचे कुछ लोग दब गए हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और हम सभी तत्काल मौके पर पहुंच गए। अभी तीन लोग खंभे पर फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए एसडीआरएफ और हमारी टीम लगातार प्रयास कर रही है। छह लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है, जिनमें से पांच लोगों की पहचान कर ली गई है। स्लैब हटाकर उन्हें बाहर निकाला जाएगा। जानकारी के मुताबिक, बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। हादसे के समय पुल के नीचे कई मजदूर सो रहे थे, जो मलबे में दब गए। मृतकों में बांदा और हमीरपुर जनपद के मजदूर शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस पुल का निर्माण राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद के प्रयासों से कराया जा रहा था। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया है। फिलहाल प्राथमिकता मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की है।

# अगले दो वर्षों में देश का सीमावर्ती क्षेत्र दुश्मनों से हमेशा के लिए सुरक्षित हो जाएगा : शाह

एजेंसी, भुज।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज में कहा कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है और अगले दो वर्षों में देश का सीमावर्ती क्षेत्र दुश्मनों की बुरी नजर से हमेशा के लिए सुरक्षित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, मजबूत सुरक्षा ढांचे और बीएसएफ जवानों के पराक्रम के बल पर भारत की सीमाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है।

कच्छ के भुज क्षेत्र में आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि सरक्रीक और भुज क्षेत्र में बीएसएफ के जवान चट्टान की तरह सीमा की रक्षा कर रहे हैं। उनके साहस, समर्पण और सतर्कता के कारण इस क्षेत्र के लोग सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार



- सरकार ने सीमा सुरक्षा के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी

ने सीमा सुरक्षा के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी है। आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे सीमा सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में वॉच टावरों का निर्माण किया गया है और कई बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) को ग्राउंड लेवल से ऊपर उठाकर अधिक सुरक्षित बनाया गया है। इन प्रयासों से जवानों की कार्यक्षमता बढ़ी है और निगरानी व्यवस्था अधिक प्रभावी हुई है।

# गुंडे-माफिया आ गए अपनी औकात में : योगी

मऊ, समृद्धि न्यूज।

मऊ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में माफिया, गुंडे और बदमाश अपनी औकात में आ गए हैं तथा प्रदेश छोड़कर भाग चुके हैं। अब किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगा सके।

मऊ जिले के मधुबन विधानसभा क्षेत्र में 392 करोड़ रुपए से अधिक लागत की 114 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई अपराधी बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाने की सोचता भी है तो उसका इंतजार यमराज करते हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में नेताओं की स्थिति ऐसी थी कि माफियाओं को देखकर उनके पसीने छूट जाते थे, जबकि आज माफिया प्रदेश से गायब हैं।



- मुख्यमंत्री योगी ने मऊ को दी 392 करोड़ की 114 परियोजनाओं की सौगात
- सीएम की खुली चेतावनी, त्योहारों में विघ्न डाला तो कंश और रावण जैसा हश्र होना तय

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश में रामलीला, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, होली, दीपावली और दशहरा जैसे सभी पर्व-त्योहार उत्साह और शांति के साथ मनाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अब किसी गुंडे या माफिया में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह किसी पर्व या त्योहार में विघ्न डाल सके। यदि कोई ऐसा प्रयास करता है तो उसकी दुर्गति रावण और कंस की तरह होना तय है।

# सुप्रीम कोर्ट से विनेश को राहत, एशियन गेम्स ट्रायल्स में खेलने की अनुमति

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें 2026 एशियन गेम्स के चयन ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दे दी है। यह ट्रायल्स 30 और 31 मई को आयोजित होने वाले हैं।

सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्लयूएफआई) की उस याचिका पर आया, जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि फिलहाल विनेश फोगाट को ट्रायल्स में हिस्सा लेने से नहीं रोका जा सकता। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी विनेश के पक्ष में फैसला देते हुए डब्लयूएफआई को उन्हें ट्रायल्स में शामिल करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि मातृत्व को किसी खिलाड़ी की अयोग्यता का आधार नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने माना कि महिला खिलाड़ियों को मां बनने के कारण खेल से बाहर करना उचित नहीं है और यह उनके अधिकारों के खिलाफ होगा। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने विनेश फोगाट की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने कई मौकों पर देश का नाम रोशन किया है और उनका मामला सामान्य खिलाड़ियों से अलग है। बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर कोई और खिलाड़ी होता तो मामला अलग हो सकता था, लेकिन विनेश ने देश को गौरवान्वित किया है।



# इस साल मानसून कमजोर रहने के आसार, कई राज्यों में बढ़ेगी गर्मी

एजेंसी, नई दिल्ली।



भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर दूसरे चरण के दीर्घकालिक पूर्वानुमान में इस साल मानसून सामान्य से कमजोर रहने की चेतावनी दी। मौसम विभाग के अनुसार, जून में लू चलने और भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है।

दिल्ली स्थित पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव डॉ. एम रविचंद्रन और आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में मौसम के पूर्वानुमानों को साझा किया। सचिव ने बताया कि जून से सितंबर 2026 के दौरान देश में कुल मानसूनी वर्षा दीर्घकालीन औसत (एलपीए) का लगभग 90 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस साल मानसून सामान्य से कमजोर रह सकता है। इसके अलावा, सामान्य से कम बारिश होने की संभावना सबसे अधिक यानी 84 प्रतिशत है जबकि 1971 से 2020 के आंकड़ों के आधार पर देश में मानसून के दौरान औसत वर्षा 87 सेंटीमीटर मानी जाती है। उन्होंने चेतावनी दी है कि कम वर्षा के कारण खेती, जल संकट और भीषण गर्मी जैसी समस्याएं बढ़ सकती हैं। रविचंद्रन के पूर्वानुसार देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने के आसार हैं। हालांकि उत्तर-पश्चिम भारत, उत्तर-पूर्व भारत, पूर्वी प्रायद्वीपीय इलाकों और पूर्वी-मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है।

# अब्दुल्ला आजम को मिली बड़ी राहत, दो पासपोर्ट मामले में सेशन कोर्ट ने किया बरी



एजेंसी, रामपुर। समाजवादी पार्टी के वारिष्ठ नेता आजम खान के बेटे व पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम दो पासपोर्ट वाले मामले में बड़ी राहत मिली है। सेशन कोर्ट ने उन्हें इस मामले में बरी कर दिया है। कोर्ट ने अब्दुल्ला आजम की 7 साल की सजा को भी रद्द कर दिया। एमपी,एमएलए कोर्ट में दायर अपील पर सुनवाई के बाद सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। अब्दुल्ला आजम ने सजा निरस्त कराए जाने और बरी किए जाने की मांग को लेकर अपील दायर की थी। कोर्ट ने उनकी अपील को स्वीकार करते हुए पूरे मामले से उन्हें राहत दे दी।

# सीबीएसई का पोस्ट-रिजल्ट पोर्टल एक जून से खुलेगा

### उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन व पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया होगी शुरू

एजेंसी, नई दिल्ली।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने घोषणा की है कि बोर्ड परीक्षा परिणामों के बाद उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए पोस्ट-रिजल्ट एक्टिविटीज पोर्टल अब एक जून 2026 से संचालित किया जाएगा। बोर्ड ने कहा कि यह निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुचारु और मूल्यांकन के उच्च मानकों को सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

सीबीएसई ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि जिन छात्रों को अपने परिणामों को लेकर कोई आपत्ति या संदेह है, वे निर्धारित पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। छात्रों की सुविधा के लिए बोर्ड ने टेली-काउंसलिंग हेल्पलाइन 1800-11-8004 और



- बोर्ड ने छात्रों से अफवाहों पर ध्यान न देने व केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की

ईमेल resultcbsew ®w{@ cbseshiksha .in भी जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर छात्रों और अभिभावकों की ओर से कई शिकायतें सामने आई थीं। तकनीकी गड़बड़ियों, पोर्टल के बार-बार ठप होने तथा उत्तर पुस्तिकाओं की स्कैन कॉपी में त्रुटियों को लेकर सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हुई थी। इसके बाद शिक्षा मंत्रालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के विशेषज्ञों की मदद से पोर्टल की तकनीकी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए थे।

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि पोर्टल को अतिरिक्त तकनीकी मजबूती प्रदान की जा रही है ताकि बड़ी संख्या में आने वाले आवेदनों का बिना किसी बाधा के निपटान किया जा सके। बोर्ड ने छात्रों से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

# सरिंदा वादन के दिग्गज कलाकार पद्मश्री मंगला कांति राय का निधन



एजेंसी, जलपाईगुड़ी। उत्तर बंगाल की लगभग 500 वर्ष पुरानी लोकसंस्कृति के प्रमुख वाहक और सरिंदा वादन के महान कलाकार मंगला कांति राय का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह 104 वर्ष के थे। उन्होंने मयनागुड़ी के आमगुड़ी ग्राम पंचायत अंतर्गत धवलागुड़ी स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। परिवार के अनुसार, मंगला कांति राय लंबे समय से बढ़ती उम्र से जुड़ी विभिन्न बीमारियों और गले की समस्या से जूझ रहे थे। मंगला कांति राय ने अपना पूरा जीवन सरिंदा वादन जैसी विलुप्तप्राय लोक कला को बचाने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए समर्पित कर दिया। उनके अथक प्रयासों के कारण यह पारंपरिक वाद्य यंत्र एक बार फिर सांस्कृतिक मंचों और लोक आयोजनों में पहचान बना सका।

# ट्विशा शर्मा मामला : गिरिबाला सिंह व समर्थ को पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा गया

एजेंसी, भोपाल।

भोपाल की एक जिला अदालत ने शुक्रवार को पूर्व जिला न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ सिंह को, अभिनेत्री-मॉडल ट्विशा शर्मा की कथित दहेज हत्या के मामले में, पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच अलग-अलग मेडिकल जांच के बाद, दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया।

सेशन जज शोभना भालवी की अदालत में दाखिल होने के बाद, गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह आरोपियों के कटघरे में एक साथ खड़े हुए। अदालती कार्यवाही के दौरान, उन्हें आपस में दबे स्वर में बात करते देखा गया। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ



इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने गुरुवार को भोपाल के कटारा हिल्स इलाके में गिरिबाला सिंह के घर पर सात घंटे से ज्यादा की पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत में पेश करने से पहले जांच के लिए भोपाल स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमएएनआईटी) कैंपस में लगाए गए एक विशेष मेडिकल कैंप में ले जाया गया। समर्थ सिंह को उनकी पिछली पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद अदालत में लाया गया। समर्थ सिंह को 12 मई को ट्विशा शर्मा की मौत के बाद, लगभग एक सप्ताह तक लापता रहने के बाद, भोपाल पुलिस ने 22 मई को जबलपुर से गिरफ्तार किया था। कथित तौर पर, ट्विशा शर्मा अपने ससुराल, कटारा हिल्स में फंदे से लटकी हुई मिली थीं। बाद में उनके परिवार ने उनके पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया, जिसके बाद मामले की विस्तृत जांच की मांग उठी। समर्थ सिंह को सबसे पहले 23 मई को भोपाल में ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की अदालत में पेश किया गया था। अदालत ने तब उन्हें 29 मई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया था।

**कार्रवाई** लखनऊ, सीतापुर-वाराणसी में एनआईए की छापेमारी

# पाकिस्तानी एजेंट का खंगाला जा रहा नेटवर्क

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार सुबह उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर और वाराणसी समेत कई शहरों में छापेमारी की। यह कार्रवाई पाकिस्तानी एजेंट जसवीर चौधरी के भारतीय नेटवर्क को खंगालने के लिए की जा रही है।

एनआईए उसके स्थानीय सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। जांच एजेंसियों को इनपुट मिला था कि पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में आईईडी ब्लास्ट की बड़ी साजिश रची जा रही थी।

सूत्रों के मुताबिक, एनआईए की टीमें शुक्रवार सुबह से ही अलग-अलग शहरों में छापेमारी कर रही हैं। एजेंसी उन लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर रही है, जिन पर जसवीर चौधरी के स्थानीय मददगार होने का शक है। कई संदिग्धों के मोबाइल, डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। यह मामला सबसे पहले पंजाब पुलिस ने दर्ज किया था।

बाद में अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन और बड़े आतंकी नेटवर्क की आशंका को देखते हुए 21 मार्च 2026 को जांच एनआईए को सौंप दी गई। जांच एजेंसियों का मानना है कि यह नेटवर्क सीमापार बैठे हैंडलर्स के इशारे पर भारत में बड़े हमलों की तैयारी कर रहा था। जांच में सामने आया है कि 10 फरवरी को पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) को खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तानी एजेंट जसवीर चौधरी के निर्देश पर उसके भारतीय सहयोगियों ने



भारत-पाक सीमा के जरिए ड्रोन से भेजी गई बड़ी खेप हासिल की थी। इसमें हथियार, गोला-बारूद और आईईडी शामिल थे एजेंसियों को आशंका है कि आतंकी नेटवर्क पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में समन्वित ब्लास्ट की योजना बना रहा था। अधिकारियों का कहना है कि अगर समय रहते इनपुट नहीं मिलता तो बड़े हमले हो सकते थे। बरामद सामग्री का इस्तेमाल भीड़भाड़ वाले इलाकों में दहशत फैलाने के लिए किया जाना था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, सीमा पार से ड्रोन के जरिए हथियार और विस्फोटक भेजना सुरक्षा एजेंसियों के लिए नई चुनौती बनता जा रहा है। ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर तस्करी और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश लगातार बढ़ रही है। एनआईए अब इस नेटवर्क से जुड़े फंडिंग चैनल, डिजिटल कम्युनिकेशन और स्थानीय मॉड्यूल की जांच कर रही है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में कई और ठिकानों पर छापेमारी और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

# पौधरोपण के लिए स्थलों का चयन करें अधिकारी : डीएम

- विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत कार्य करके प्रगति लाने दिये निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित, विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, बाल विकास परियोजना एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित सैम एवं मैम बच्चों से संबंधित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इसके अतिरिक्त सेतुओं के निर्माण कार्य, लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र तथा सिंचाई विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति का भी परीक्षण किया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

इसके उपरांत जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को शीघ्र स्थल चयन कर विस्तृत कार्ययोजना एवं एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नर्सरी चिन्हित करते हुए पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण एवं अन्य विकास कार्यों के प्रारंभ से पूर्व तथा कार्य पूर्ण होने के उपरांत की फोटोग्राफ पीपीटी के माध्यम से आगामी बैठकों में प्रस्तुत की जाएं, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद के सभी अस्पतालों से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण शासन की गाइडलाइन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य सुरक्षा बनी रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एनके सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, एक्सईएन प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, एक्सईएन लोक निर्माण खंड-1 सुरेश राम, श्रम परिवर्तन अधिकारी सत्येंद्र प्रताप सिंह सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने एनसीसी कैंप का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**




स्थानीय मनकापुर के आश्रम पद्धति विद्यालय में चल रहे 48 यूपी बटालियन एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटों को रोमांचकारी प्रशिक्षण के साथ ही चल रहे टग आफ वार कंपटीशन के समय गोंडा के यशस्वी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार ने अपने व्यक्तिगत पैराग्लाइडर से हवाई सर्वेक्षण करते हुए जमीन से लगभग 60 मीटर की ऊंचाई पर उड़ते हुए एनसीसी कैडेटो का उत्साह वर्धन किया। कैडेट अपने बीच में अपने सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री को देखकर नीचे से ही हर्षोल्लास के साथ हाथ उठाकर स्वागत करने लगे और गदगद हो गए। कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर के विशेष अनुरोध पर व्यस्तता होने के बावजूद कैंप का निरीक्षण करना उनका यह कैडेटों के प्रति लगाव दर्शाता है। प्रशिक्षण शिविर में सायंकाल गोंडा जनपद की साइबर टीम ने आकर वर्तमान में चल रहे साइबर फ्रॉड एवं उससे बचने के तरीके विधिवत रूप से समझाया। कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील कपूर एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी ने साइबर टीम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस शिविर में प्रत्येक कैडेटो के अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारते हुए उन्हें प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर भेजने का प्रयास कैंप कमांडेंट महोदय द्वारा किया जा रहा है। कैंप संचालन में सूबेदार संजीव कुमार, नायब सूबेदार विपिन कुमार, हवलदार बंटी कुमार सोलंकी, मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी, कैंप एजुटेंट संजीव शुक्ला, लेफ्टिनेंट हरीनाथ, अमित शुक्ला अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### डॉक्टरों ने मरीज को दिया नया जीवन 16 किलो के ट्यूमर से दिलाई मुक्ती



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम पाली क्लीनिक हॉस्पिटल में डॉ अमित पांडेय सर्जन की अगुवाई में श्रीमती जनक दुलारी उम्र 45 साल का सफल आपरेशन हुआ। डॉ अमित पांडेय ने बताया कि मरीज श्रीमती जनक दुलारी पत्नी बालक राम ग्राम बजरिया ब्लाक गेडसा गोन्डा की निवासी हैं,जो किसी के बताए अनुसार मेरे श्री श्याम पाली क्लीनिक हॉस्पिटल पहुंची।मरीज को देख कर बहुत ही टिपिकल केस था।मरीज के पेट से कड़ी मेहनत के बाद सफल आपरेशन किया गया जिसमें 16 किलो का पेट में कैंसर ट्यूमर था। ऑपरेशन के बाद मैरिज बिल्कुल स्वस्थ है। सफल आपरेशन में डॉअमित पांडेय के अलावा डॉ नमन अग्रवाल, डॉ रूमान खान, स्टाफ नर्स नीलम सोनी,रेखा शर्मा, ज्योति,कल्पना पाठक,शालिनी,पूनम का विशेष सहयोग रहा।मरीज के पति ने बताया कि मैंने मरीज़ को कई जगह पर दिखाया मगर हर जगह से वापस कर दिया गया और कहा कि घर पर ले जाइये और सेवा पानी करें मरीज में अब कुछ बचा नहीं है।मगर कहावत है जाको राखे साइयां मार सके न कोय, किसी ने बताया कि श्री श्याम हॉस्पिटल दिखा दीजिए। तो मैंने दिखाया और बहुत ही सफल इलाज हो गया और मरीज बिल्कुल स्वस्थ है। मरीज के पति ने डॉ अमित पांडेय और सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया।

### बाइक व ई-रिक्शा की टक्कर में किसान की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मोकलपुर मार्ग स्थित मेडिकल कॉलेज गेट के पास बृहस्पतिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक और ई–रिक्शा की आमने–सामने हुई जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। मृतक की पहचान भट्ठा परेड सरकार गांव निवासी 48 वर्षीय राम उदार उर्फ ननके मिश्रा पुत्र हनुमान प्रसाद मिश्रा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राम उदार बृहस्पतिवार शाम अपनी बाइक से डाकखाना चौराहे के पास सब्जी खरीदने आए थे। सब्जी लेकर जब वह घर लौट रहे थे, तभी मेडिकल कॉलेज गेट के पास सामने से आ रहे ई–रिक्शा ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें पास के मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक की पत्नी मीना और परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। राम उदार अपने पीछे छह बच्चों का भरा–पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके चार बेटे लवकुश, कोमल, विमल, निर्मल और दो बेटियां शिल्पा व मीनाक्षी हैं। नगर कोतवाल ने बताया कि ई–रिक्शा चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ई–रिक्शा व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दोनों चालक घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** पिपरिया पेट्रोल पम्प के पास दो बाईकों की आमने सामने टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिले के चौकी बैवाही क्षेत्र के पिपरिया पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे उस वक्त हड़कंप मच गया जब दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। दरअसल बता दें कि एकघरा गांव निवासी रमेश विश्वकर्मा अपने घर से बाइक से रामपुर की तरफ आ रहे थे वही नसीर निवासी मोतीपुरवा जो रामपुर की तरफ से अपने घर को जा रहे थे कि जैसे दोनों पिपरिया पेट्रोल पम्प के पास पहुंचे वैसे दोनों की बाइक आमने जोर दार भिडंत हो गई। जिसमें दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को आनन फानन में इलाज के लिए रामपुर बाजार लाया गया। हालत को नाजुक देखते हुए दोनों घायलों को जिला अस्पताल बहराइच भेज दिया गया है। खैरीघाट थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी नहीं है मैं पता करवा रहा हूं।

### खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना प्रभारी व राजस्व टीम ने मिट्टी खनन कर रहे एक मेड़लोडर व दो ट्रालियों को पकड़ कर कार्यवाही की है। जिले के थाना खैरीघाट क्षेत्र में इन दिनों मिट्टी खनन आम बात हो गई। बिना परमिशन के थाना क्षेत्र में मिट्टी खनन का कार्य जोरो से खनन माफियाओं करते हैं। इसी के तहत थाना प्रभारी खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह व नायब तहसील दार नानपारा की संयुक्त टीम ने बुधवार की रात बड़ी कार्यवाही की। मिट्टी खनन कर रहे एक मेड़लोडर मशीन व दो मिट्टी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर दिया। कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी खैरीघाट प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अवैध तरीके से मिट्टी खनन करने वालो के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# शनि दोष दूर करने के नाम पर महिलाओं से ठगी

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



- साधु बनकर आया ठग
- 20 हजार नकद, सोने का लॉकेट व सिलाई मशीन लेकर फरार, केस दर्ज

थाना परसपुर क्षेत्र में साधु के वेश में आए एक ठग ने महिलाओं को झांसे में लेकर नकदी, जेवर और घरेलू सामान ठग लिया। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

घटना ग्राम चंदापुर गुरेटी के मजरा दूबे पुरवा की है। आदेश विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 मई को करीब 11 बजे दिन में उनकी पत्नी लल्ली विश्वकर्मा और पड़ोसी आंचल विश्वकर्मा घर पर अकेली थीं। तभी साधु के वेश में एक अज्ञात व्यक्ति दरवाजे पर पहुंचा। उसने कहा कि घर पर ÷शनि की छाया÷ है और विशेष पूजा-पाठ से परिवार की परेशानियां दूर हो जाएंगी।

साधु की बातों में आकर दोनों महिलाओं ने उसे कीमती सामान दे दिया। आरोपी लल्ली विश्वकर्मा से 10 हजार रुपये नकद और एक सिलाई मशीन लेकर फरार हो गया। वहीं आंचल विश्वकर्मा से भी 10 हजार रुपये नकद और सोने का लॉकेट ठग लिया। कुल 20 हजार नकद, लॉकेट और सिलाई मशीन लेकर ठग भाग निकला।

घटना की जानकारी पर परिजनों के होश उड़ गए। पीड़ित आदेश विश्वकर्मा ने आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। थाना परसपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्र में संदिग्ध लोगों की जानकारी जुटा रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे भी खंगाल रही है।

**पुलिस की अपील**

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी अज्ञात व्यक्ति के झांसे में आकर नकदी, जेवर या कीमती सामान न सौंपें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल डायल 112 या नजदीकी थाने को दें।

# जिम संचालक ने की आत्महत्या किराए के मकान में मिला शव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली नगर क्षेत्र की विष्णुपुरी कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहने वाले जिम संचालक ने आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त युवक घर में अकेला था।

मृतक की पहचान शिवम पटेल पुत्र दिनेश कुमार पटेल के रूप में हुई है। शिवम जिम संचालक था और विष्णुपुरी कॉलोनी में किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि उसके पिता चीनी मिल में काम करते हैं। घटना के समय घर पर कोई और मौजूद नहीं था।

सूचना मिलते ही कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## उत्तर प्रदेश प्रमाण पोर्टल पर एल.बी.एस. कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

*प्रदेश में छठा व विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान*



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय ने उत्तर प्रदेश शासन के प्रमाण (PPRAMAN) पोर्टल पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। पोर्टल पर प्रदर्शित नवीनतम विश्लेषणात्मक आंकड़ों के अनुसार महाविद्यालय को प्रदेश स्तर पर छठा स्थान तथा माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय ने विश्वविद्यालय स्तर की रैंकिंग में 51.22 अंक अर्जित करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रदेश स्तरीय टॉप–10 परफॉर्मर्स की सूची में भी महाविद्यालय ने अपना स्थान सुरक्षित कर जिले एवं विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश स्तर की सूची में गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, बुलन्दशहर तथा मेरठ के कुछ प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के बाद श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय को छठा स्थान मिला है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि को संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता, डिजिटल प्रबंधन, छात्रहितकारी गतिविधियों तथा प्रशासनिक दक्षता का परिणाम माना जा रहा है। वर्ष 1966 में स्थापित यह महाविद्यालय जनपद के प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थानों में गिना जाता है तथा स्नातक, स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेन्द्र सिंह ने उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रबंध समिति, प्राचार्य, आई.क्यू.ए.सी., प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों के संयुक्त प्रयासों का प्रतिफल बताया है। इस उपलब्धि पर जनपद के शिक्षाविदों, पूर्व छात्रों तथा शुभचिंतकों ने महाविद्यालय परिवार को बधाई देते हुए इसे गोण्डा जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

# त्रिशताब्दी जन्मदिवस पर होगा लोकमाता अहिल्याबाई के मन्दिर का लोकार्पण

- हिंदुओं के लिए प्रेरक होने के कारण पुण्यश्लोक की मिली उपाधि : राजकिशोर
- महिला अधिकारों के लिए उनके कार्य महत्वपूर्ण : संजय

**बहराइच समृद्धि न्यूज**




पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर विकास खण्ड रिसिया में 31 मई 2026 को लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर के मन्दिर को लोकार्पित किये जाने हेतु जिला पंचायत सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संजय जायसवाल ने बताया कि विकास खण्ड रिसिया में लोकमाता के त्रिशताब्दी जन्मदिन के अवसर पर उनका मन्दिर लोकार्पित किया जाएगा।

इस अवसर पर हवन पूजन भंडारा सहित अन्य कार्यक्रम भी किये जायेंगे। अवध प्रान्त के सामाजिक समरसता प्रमुख राजकिशोर ने बताया कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन संस्कृति है।

इस संस्कृति में नारी को नारायणी कहा गया है। ऐसी ही एक नारायणी पुण्यश्लोका लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर का 301 वां जन्मदिवस 31 मई 2026 को होने जा रहा है। इस अवसर पर रिसिया विकास खण्ड में उनके मन्दिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है जो जन्मदिवस के दिन लोकार्पित किया जाएगा। उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर किसी बड़े राज्य की रानी नहीं थीं। उनका राज्य बहुत सूक्ष्म था फिर भी उन्होंने जो कुछ किया वो आश्चर्यजनक है। उन्होंने बताया कि शासन व्यवस्था के नाम पर अत्याचार हो रहे थे।

साधारण गृहस्थ किसान व मजदूर सिसक रहे थे। न्याय में न शक्ति थी न ही विश्वास। ऐसे कालखंड में विकट परिस्थितियों में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने जो किया वो चिरस्मरणीय है। व्यक्तिगत व पारिवारिक रूप से विकट झंझावतों के बीच उन्होंने अपने को संभाला और राज-रानी का ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया महिला अधिकारों के लिए उनके कार्य महत्वपूर्ण हैं , जिसके समक्ष हम सभी आज नतमस्तक हैं। हिन्दू समाज के लिए वह प्रेरक रहीं। इसीलिए उन्हें पुण्यश्लोक की उपाधि मिली। उनके अलौकिक जीवन पर 31 मई 2026 को रिसिया में उनके मन्दिर का लोकार्पण होना तय है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा गौशाला धर्मशाला भी प्रस्तावित है जिसका निर्माण भविष्य में कराया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक संजय जायसवाल,विभाग संयोजक सामाजिक समरसता श्रवण द्विवेदी,विभाग सम्पर्क प्रमुख धर्मेंद्र सिंह विभाग प्रचार प्रमुख अतुल गौड़ जिला प्रचार प्रमुख विपिन, ज्वाइन आरएसएस प्रमुख उत्तम सिंह आदि मौजूद रहे।

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का श्रम मंत्री ने किया निरीक्षण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



मंत्री श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग अनिल राजभर ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, सेवा योजना अधिकारी संजय कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के नवनिर्मित स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री राजभर ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की प्रसन्सा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण हुआ है। श्री राजभर ने कहा कि यहा आकर बहुत ही खुशी मिल रही है। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारियों ने मिलकर बहुत ही तन्मयता से इस स्मारक को बनाने का काम किया है। स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए श्री राजभर ने झील के चारों ओर पाथ–वे के साथ–साथ झील की साफ–सफाई, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्दर्यीकरण कराये जाने का भी आश्वासन दिया।

# भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग 2026 का उद्घाटन, छह सत्रों में चला प्रशिक्षण वर्ग

- संगठन मजबूती व केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़** भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 वर्ग का शुभारंभ शुक्रवार को बन सरिता रिजॉर्ट में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए किया। प्रशिक्षण वर्ग भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय के नेतृत्व में शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने प्रथम सत्र विचार परिवार विषय पर वैचारिक स्पष्टता और राष्ट्रीय हित को संगठन की मूल भावना बताया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने किया।

संचालन जिला महामंत्री रणविजय सिंह ने किया। प्रथम सत्र समाप्त होने के पश्चात सभी कार्यकर्ता भोजन करके दूसरे सत्र के लिए उपस्थित हुए। दूसरा सत्र एमएलसी पूर्व जिलाध्यक्ष लखनऊ मुकेश शर्मा ने देश समाज चुनौतियां नॉरेटिव पर अपने विचार रखें। अध्यक्षता विधायक सुरेश्वर सिंह ने किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष डिम्पल जैन ने किया। तृतीय सत्र प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह ने बूथ प्रबंधन मन की बात व स्थाई कार्यक्रम पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता श्री नाथ शुक्ला ने किया।

संचालन जिला मंत्री अजय प्रताप सिंह ने किया। चतुर्थ सत्र पूर्व प्रदेश संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ डॉ रंजन शर्मा ने वैचारिक अधिष्ठान पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता विधायक सरोज सोनकर व संचालन जिला मंत्री अमित वर्मा ने किया। पंचम सत्र पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता प्रज्ञा त्रिपाठी ने व संचालन हेमा निगम ने किया। आज का आखिरी व षष्टम सत्र सांसद बहराइच डॉ आनंद गौड ने सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं व क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका पर अपने विचार रखे। अध्यक्षता मंजू सिंह व संचालन जिला मंत्री शशिकांत त्रिपाठी ने किया। आज छः सत्र चले आज रात्रि संस्कृति कार्यक्रम करते हुए सभी कार्यकर्ता यही विश्राम करेंगे तथा पुनः कल चार सत्र का प्रशिक्षण लेंगे। कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि व अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# घाघरा नदी में डूबे तीनों युवकों के शव मिले

- दोस्तों संग गए थे नहाने, 5 डूबे थे, दो को बचाया गया था

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले में घाघरा नदी में डूबे तीनों युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बुधवार को दोस्तों के साथ नहाने गए पांच युवकों में से दो को ग्रामीणों ने बचा लिया था, जबकि तीन गहरे पानी में डूब गए थे। यह घटना बुधवार दोपहर महसी इलाके के मुंसारी के कोढवा गांव के पास हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू की। देर शाम एक युवक गोलू जायसवाल का शव बरामद कर लिया गया था।लापता दो अन्य युवकों, सूरज जायसवाल और मोहित यादव की तलाश जारी थी। गुरुवार दोपहर को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम ने इन दोनों के शव भी नदी से बरामद कर लिए। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे गोलू जायसवाल (22), सूरज जायसवाल (19) और मोहित यादव (25) अपने दोस्त राजकुमार (24) और शिवम सिंह (22) के साथ घाघरा नदी में नहाने गए थे। नहाते समय अचानक सभी गहरे पानी में चले गए।मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और राजकुमार व शिवम सिंह को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हरदी थाना प्रभारी आलोक सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आगे की कार्रवाई की। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# हाईकोर्ट के निर्देश पर सरकारी जमीन से हटा अतिक्रमण

- प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किए अवैध निर्माण

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



सरकारी बंजर भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के सिंहपुर ग्राम पंचायत के घिसियौना गांव में हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए।

इस दौरान पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा और सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। घिसियौना गांव स्थित गाटा संख्या 495 की सरकारी बंजर भूमि पर लंबे समय से अवैध कब्जा कर पक्के निर्माण किए गए थे। इस मामले को लेकर गांव निवासी रहीस अहमद ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रशासन को भूमि खाली कराने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय और तहसीलदार अम्बिका चौधरी के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान साहिल, शकील, नावेद और जावेद पुत्र सगीरे द्वारा बनाई गई चार पक्की दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा, एक मदरसा भवन, सामने रखा टीनशेड और ढाबली भी हटाई गई। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए हुजूरपुर थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। राजस्व टीम ने मौके पर भूमि की पैमाइश कर सीमांकन किया। कार्रवाई के बाद प्रशासन ने जमीन को कब्जामुक्त घोषित करते हुए दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए बोर्ड लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

तहसीलदार अम्बिका चौधरी ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के तहत सरकारी बंजर भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया है। वहीं, उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने कहा कि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, पांच घर जलकर राख

- लाखों की संपत्ति का हुआ नुकसान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



मटेरा इलाके में स्थित शिवपुर लालपुर ग्राम के खटकनपुरवा मजरे में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई।

इस अग्निकांड में पांच ग्रामीणों के मकान जलकर राख हो गए और लाखों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे रामू नामक ग्रामीण के मकान से शुरू हुई। तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैली और पड़ोस में स्थित सूरत, समुझ सहित दो अन्य ग्रामीणों के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो सके। घटना की सूचना मिलने पर मटेरा पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल विभाग को सूचित किया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई। सूचना पर स्थानीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया है।

# उत्साह एवं शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद-उल-जुहा का पर्व





## ईदगाहों व मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में ईद-उल-जुहा (बकरा ईद) का पर्व आपसी भाईचारे , उत्साह एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए परिधानों में सजधज कर ईदगाहों एवं मस्जिदों में पहुंचे, जहां ईद-उल-जुहा की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगी गईं। नगर की बड़ी ईदगाह मौजमपुर में शहर इमाम हाजी मोहम्मद सुआवलह उर्फ सदन मियां ने ईद की नमाज अदा कराई। उमरपुर ईदगाह में मौलाना जुबेर अहमद कच्चा कटरा बड़ी मस्जिद में कारी गुलाम अहमद रजा, चैहटिया जमा मस्जिद में मौलाना सखावत हुसैन , मैं नमाज अदा कराई मौलाना जुबेर अहमद ने अपने बयान में हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी और त्याग की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए लोगों से आपसी प्रेम , सौहार्द और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके उपरांत लोगों ने अल्लाह की राह में सुन्नते इब्राहीम को अदा करते हुए निर्धारित कुर्बानी स्थलों पर कुर्बानी पेश की। प्रशासन द्वारा तय किए गए स्थलों पर ही कुर्बानी किए जाने से व्यवस्था रही। ईद के मौके पर सुरक्षा एवं साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। नगर पालिका की ओर से सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी गई, इन जगहों पर की गई सामूहिक कुर्बानी, मदरसा दीनियत तालीमुल कुरान पक्का कटरा, मदरसा शमसिया फैजाने हातिम कच्चा कटरा, मदरसा गुलशन रजा उमरपुर, मदरसा बरकाती नजरपुर, सादिक का बगर बहादुरगंज, चीकू वाला बाग नितगंजा, महमूद का मकान मौजमपुर, बड़ी मस्जिद के पीछे कच्चा कटरा, बड़े जानवर की कुर्बानी की गई शांति व्यवस्था की दृष्टि से कुर्बानी स्थलों पर पुलिस बल तैनात रहा । वहीं एसडीएम जीत सिंह राय , सीओ इशिका सिंह , कोतवाल प्रिंस शर्मा , क्षेत्र भ्रमण शील रहे । एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने भी ईदगाह मस्जिद एवं कुर्बानी स्थल का भ्रमण किया। उधर मोहल्ला उमरपुर स्थित छीपीयों वाली मस्जिद में निर्धारित कुर्बानी स्थल पर कुर्बानी ना होकर एक घर में कुर्बानी हो रही थी । जिस पर तत्काल पुलिस ने एक्शन लेते हुए निर्धारित कुर्बानी स्थल में ही कुर्बानी कराई। इस मौके पर शहर इमाम सदन मियां, शहर काजी अकरम सलीम, ईदगाह कमेटी अध्यक्ष चांद अंसारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि , साजिद खान, सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां, सपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान, सैफ अली खान आदि ने लोगों को ईद की मुबारक बाद दी।

## ईद उल अजहा का पावन पर्व शांति सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया

**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर।** ईद उल अजहा का पावन पर्व गढ़िया रंगीन क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पूरी तरह श्रद्धा शांति सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। क्षेत्र की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह से ही नवाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने वस्त्र पहनकर बड़ी संख्या में पहुंचकर ईद उल अजहा की नमाज अदा की तथा मुस्क में अमन चैन तरक्की खुशहाली और भाईचारे की दुआं मांगी। गढ़िया रंगीन क्षेत्र की मस्जिद टाटरा बाद डभौरा दुबला करीम नगर शिवराजपुर सहित मस्जिदों और नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाया ईद की मुबारकबाद दी। बच्चे और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल पूरे क्षेत्र में त्योहार को लेकर खुशी और उत्साह का माहौल



बना रहा पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद दिखाई दिया। थाना प्रभारी हरकेश सिंह पुलिस संवेदनशील स्थानों का लगातार निरीक्षण किया तथा सभी प्रमुख मस्जिदों और पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए नमाज के दौरान पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा और हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने लोगों से आपसी भाईचारा शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहार समाज में प्रेम एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आम जनता का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को ईद उल अजहा की शुभकामनाएं भी दी ईद के अवसर पर मुस्लिम और हिन्दू समाज के लोगों ने आपसी एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की कई स्थान पर हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई की वही मुस्लिम समाज के लोगों ने प्रेम और सौहार्द के साथ उनका स्वागत किया इस दौरान लोगों ने कहा कि हमेशा से आप इसी प्रेम और भाईचारे की पहचान रही है। क्षेत्र के बुजुर्गों ने युवाओं को वापसी सद्भाव बनाए रखने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश किया वही बच्चों में ईद को लेकर खास उत्साह देखने को मिला बाजारों और मोहल्ले में दिनभर रौनक बनी रही।

## शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज, पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** ईद-उल-अजहा का पावन पर्व खुदागंज क्षेत्र में रविवार को पूरी श्रद्धा, शांति, सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया। क्षेत्र की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने नए वस्त्र पहनकर बड़ी संख्या में पहुंचकर ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की तथा मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। खुदागंज क्षेत्र की ईदगाह दीपपुर, जामा मस्जिद दीपपुर, आलमनगर, जलालपुर, सराय खुदागंज सहित अन्य मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। पूरे क्षेत्र में त्योहार को लेकर खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद दिखाई दिया। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों का लगातार निरीक्षण किया तथा सभी प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों पर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए। नमाज के दौरान पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा और हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी गई। थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य ने लोगों से आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहार समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आम जनता का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं भी दीं। ईद के अवसर पर मुस्लिम और हिन्दू समाज के लोगों ने आपसी एकता और भाईचारे की मिसाल पेश की। कई स्थानों पर हिन्दू समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई दी, वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने भी प्रेम और सौहार्द के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने कहा कि खुदागंज की गंगा-जमुनी तहजीब हमेशा से आपसी प्रेम और भाईचारे की पहचान रही है। क्षेत्र के बुजुर्गों ने युवाओं को आपसी सद्भाव बनाए रखने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश दिया। वहीं बच्चों में ईद को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बाजारों और मोहल्लों में दिनभर रौनक बनी रही। कुल मिलाकर ईद-उल-अजहा का पर्व खुदागंज क्षेत्र में पूरी शांति, उल्लास और भाईचारे के साथ सम्पन्न हुआ।

## दवा लेने गई नाबालिग बेटी भगा ले जाने में पांच के खिलाफ रिपोर दर्ज

### जाति सूचक गालियां देने व जान से मारने की धमकी का आरोप

**तिलहर - शाहजहांपुर।** दवा लेने गई नाबालिग बेटी के घर न लौटने पर पीड़ित दलित पिता ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 25 मई की दोपहर करीब दो बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी डडिया बाजार से दवा लेने घर से गई थी । शाम तक घर न लौटने पर उसकी तलाश की गई। शक होने पर गांव महमदपुर में अंशू वर्मा पुत्र श्रीपाल वर्मा के यहां जाकर पूँछा । आरोप है कि अंशु वर्मा ने उससे जाति सूचक गालियां देकर यह कहते हुए भगा दिया कि उसे मामूल है कि तेरी लड़की कहां है लेकिन वह नहीं बताएगा । 27 मई को जानकारी मिली कि गांव मदारीपुर थाना निगोही का सुदेश मौर्य पुत्र वसन्त मौर्य का अंशू वर्मा के घर आना जाना था। उसकी बेटी को डडिया बाजार से सुदेश मौर्य व अंशू वर्मा वहला फुसलाकर भगा ले गये हैं। आरोप है कि जब वह मदारीपुर सुदेश के यहां अपनी बेटी बापस मांगने गया तो सुदेश के पिता वसन्त उसके भाई अजय व विजय पुत्र गण बाबूराम ने उसे जाति सूचक गालियां देकर यह कहते हुए भगा दिया कि अपनी लडकी को भूल जा । तेरी लडकी अब नही मिलेगी ज्यादा कहीं शिकायत करेगा तो तुझे भी तेरे परिवार सहित जान से मार देंगे। पुलिस ने सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लड़की की तलाश की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा, श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

**पुवायां, शाहजहांपुर।** ग्राम सुहेला स्थित ब्रह्मबाबा शारदा नहर परिसर में 29 मई 2026 से 4 जून 2026 तक सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक धनपाल शास्त्री के मुखारविंद से होगा। सुबोध कनौजिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धार्मिक आस्था एवं भक्ति भाव के साथ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक तथा रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें श्रद्धालु कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कथा स्थल ब्रह्मबाबा सुहेला शारदा नहर को सजाने एवं आयोजन की तैयारियां पूर्ण। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं, ग्रामवासियों एवं धर्मप्रेमियों से कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस धार्मिक आयोजन के आयोजकों में सुबोध कनौजिया एडवोकेट, पूर्व प्रत्याशी ब्लॉक प्रमुख बंडा, कंचन यादव, राजीव यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, अहिवरन सिंह, जितिन यादव, हर नारायण, पप्पू, टप्पू, बबलू, संतोष यादव, भूरे यादव, मनोज यादव, प्रदीप कुमार, सुनील कनौजिया, जैतराम, स्वामी दयाल, कमलेश यादव, राम सरन यादव, बृजेश कुमार, हरि ओम, आकाश यादव, विकास, सुधीर यादव, सहित सम्मानित ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी शामिल हैं।

### ब्राह्मणों को अपशब्द का वीडियो वायरल होंने पर रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** युवक ने जल जीवन मिशन के टैंक में घुसकर पानी को गंदा करने तथा ब्राह्मणों को अपशब्द कहे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसको लेकर इलाके के ब्राह्मणों में काफी रोष दिखाई दिया। इसी के साथ कटका गांव निवासी विक्रांत सिंह ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। 27 मई से सोशल मीडिया पर यह बहुत तेजी से वायरल हो गया है। इस वीडियो में जो यह युवक हरकत कर रहा है वो ग्राम पंचायत बेला छेदा के गांव कटका में बने जल जीवन मिशन के टैंक में एक व्यक्ति अंदर घुसकर टैंक में भरे पानी से पैर धोता व उसमे थूकते नजर आता है। जब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर क्षेत्र के ब्राह्मणों में काफी रोष देखने को मिला। इस मामले में गांव कटका निवासी विक्रांत मिश्रा ने गांव जगमोहन पासी व अजीत पासी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। कोतवाली प्रभारी आर के रावत ने बताया है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का तृतीय दिवस हुआ संपन्न



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** नगर ईकाई द्वारा आयोजित 7 दिवसीय छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर में तृतीय दिवस पर मेंहदी, सेल्फ डिफेंस, नृत्य, आर्ट, पेंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रान्त सह मंत्री संजय गुप्ता ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह शिविर छात्राओं को मंच देगा जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। व्यक्तित्व विकास केवल किताबी ज्ञान से नहीं होता, इसके लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण, राष्ट्रबोध और नेतृत्व के गुण जरूरी हैं। एबीवीपी का मूल मंत्र है ज्ञान, शील, एकता। आज की छात्रा इन्हीं मूल्यों के साथ आगे बढ़कर परिवार, समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेगी। जिला संयोजक जितेंद्र पाल ने बताया कि यह पांच दिवसीय शिविर है जिसमें करियर काउंसिलिंग, स्वास्थ्य जागरूकता, वक्तृत्व कला और आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसे सत्र होंगे। एबीवीपी लगातार छात्र हित और राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में प्रान्त सह मंत्री संजय गुप्ता, जिला मेडिविजन संयोजक जितेंद्र पाल, जिला कला मंच सह संयोजक दिव्या सिंह, जिला मीडिया संयोजक जय श्रीवास्तव, तहसील संयोजक सुजल गुप्ता, नगर मंत्री शिवा सक्सेना, राज गुप्ता, सान्या,निधि, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सख्तीः शहीद पार्क गेट पर डिस्प्ले होगा टिकट रेट, ज्यादा वसूली पर एक्शन



**शाहजहांपुर।** शहर का एकमात्र मनोरंजन का सहारा शहीद पार्क में अव्यवस्थाएं व टिकट दरों में हेरफेर को लेकर नवागत सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत ने कड़ा रूख अख्तियार किया है। उन्होंने पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई व्यवस्था परखी, जिसमें पाया कि घास कटिंग ठीक न होने, शौचालय में टूट फूट व गंदगी देखकर मजिस्ट्रेट का पारा चढ़ गया। उन्होंने पार्क के ठेकेदार की लताड़ लगाते हुए कहा कि ऐसे काम नहीं चलेगा। साथ ही पार्क में लगी लाइटों को ठीक कराने को भी कहा। पार्क में प्रवेश के लिए बिकने वाली टिकटों की दरों में हेरफेर की शिकायत को सिटी मजिस्ट्रेट ने गंभीरता से लिया और उन्होंने कहा कि पार्क गेट पर ही टिकट रेट की सूची चस्पा, डिस्प्ले कराई जाएगी। वहां की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी फीडबैक लिया। पार्क गेट पर अतिक्रमण, ठेले आदि देखकर भी नाराजगी जाहिर की।

## भीषण गर्मी में लगाया गया शरबत का प्याऊ

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से खन्नौत नदी पुल के समीप स्थित साईं शिक्षायतन स्कूल की प्रबंधक नीता श्रीवास्तव द्वारा राहगीरों के लिए शर्बत पियाऊं का आयोजन किया गया। दोपहर के समय बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों और आसपास के लोगों ने ठंडा शरबत पीकर गर्मी से राहत महसूस की। गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्कूल प्रबंधन की इस पहल की लोगों ने जमकर सराहना की। राहगीरों ने कहा कि इस तरह की सेवा कार्य भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के साथ समाज को मानवता का संदेश देते हैं। कई लोगों ने स्कूल स्टाफ को आशीर्वाद देते हुए उनके इस सामाजिक कार्य की प्रशंसा की। साईं



शिक्षायतन स्कूल की प्रबंधक नीता श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी में राहगीरों को ठंडा पेय उपलब्ध कराना एक छोटा सा प्रयास है, जिससे लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के कार्यों में सभी लोगों को आगे आना चाहिए। इस दौरान प्रधानाचार्य रचना बुधवार, हरिओम सहित स्कूल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने मिलकर राहगीरों को शरबत वितरित किया और लोगों से गर्मी में सावधानी बरतने की अपील की। आयोजन के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला और देर तक शरबत वितरण का सिलसिला चलता रहा।

## पुलिस टीम से अभद्रता कर फायर करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार

### 26 मई को जांच करने गांव बंधीचक गई थी टीम

**तिलहर - शाहजहांपुर।** पुलिस टीम के साथ अभद्रता करते हुए सरकारी कागजात फाड़ने और जान से मारने की नीयत से फायर करने के मामले में नामजद सगे दो भाइयों में से पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर लिया । जबकि अपराधी प्रवृत्ति का दूसरा भाई चार दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। गौर तलब है कि बीती 26 मई की शाम करीब सात बजे एसआई गौरव शर्मा, हमराही हेड कांस्टेबिल भारत मणि व कांस्टेबिल शरद यादव के गांव हरनोखा निवासी अनीता देवी पत्नी साधू सिंह के प्रार्थना पत्र की जांच करने गांव बंधीचक पहुंचने पर नामित नकुल व गुड्डू उर्फ बिछौटा पुत्र जगवीर ने गाली गलौज कर धमकाते हुए एसआई के हाथ से डायरी छीनकर उसमें रखे सभी दस्तावेज फाड़ दिए। और अभद्रता करते हुए वर्दी फाड़ दी । आरोप है कि आरोपी गुड्डू ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर भी कर दिया। उक्त घटना की उच्चाधिकारियों को खबर दी गई। पीड़ित एसआई गौरव शर्मा की ओर से विभिन्न धाराओं में नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी नकुल को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा आरोपी गुड्डू उर्फ बिछौटा घटना के चार दिन बीतने पर भी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि गुड्डू की शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## देसी शराब की दुकान में चोरी, करीब 60 हजार की शराब पार



**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं। बीती रात गांव रसवा कला स्थित देशी शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए चोर हजारों रुपये कीमत की शराब उठा ले गए। बताया जा रहा है कि चोरी गई शराब की कीमत करीब 60 हजार रुपये आंकी गई है। घटना की सूचना मिलने पर खुटार पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में भी कई चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। इसे लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में अवैध खनन का मामला भी लगातार चर्चा में बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद मिट्टी से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रालियां बेखौफ होकर सड़कों पर दौड़ रही हैं। पुलिस द्वारा नियमित फ्लैग मार्च किए जाने के बावजूद अपराधों और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं दिख रहा। लगातार बढ़ती घटनाओं से लोगों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## सेंट मैरी स्कूल के बच्चों ने की फन सिटी वॉटर पार्क सैर सपाटा

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सेंट मेरी कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से कक्षा 3 से 6 तक के बच्चों को बरेली के फन सिटी वॉटर पार्क ले जाया गया। जहां बच्चों ने खूब मस्ती की। सुबह आठ बजे विद्यालय के प्रबंधक महोदय रेव. फादर लाइजू एंटनी, प्रधानाचार्या सिस्टर पुनीता एवं सभी शिक्षकगण के सानिध्य में समूह विद्यालय से बस द्वारा बरेली प्रस्थान किया और फन सिटी वॉटर पार्क पहुंचे। वॉटर पार्क में छात्रों ने विभिन्न स्लाइड्स, वॉटर राइड्स एवं वेव पूल का खूब आनंद लिया। बच्चों ने मनोरंजन पार्क के झूलों पर भी मस्ती करते हुए ममी हाउस, भूत बंगला और



अफ्रीकन जंगल का भी भरपूर लुत्फ उठाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्या ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में अनुशासन, टीम भावना एवं तनावमुक्त होकर सीखने की प्रेरणा मिलती है। भ्रमण के दौरान सभी छात्र अनुशासित रहे। पूरा दिन हँसी-खुशी, उत्साह के साथ यात्रा संपन्न हुई। बच्चे एक नई ताजगी के साथ विद्यालय लौटे। विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों ने इस मजेदार शैक्षिक भ्रमण की सराहना की।

## अलग-अलग सड़क हादसे में बालक समेत दो घायल

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गली में खेल रहा बल्क बाइक की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हो गया । जबकि दूसरी घटना में बैंक सवार अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से गम्भीर घायल हो गया । दोनो को सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला खनपुरा में गली में खेल रहा 12 वर्षीय बालक हुसैन पुत्र मोहम्मद नबी गुरुवार सुबह अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आजाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जमा हुए परिवार के लोग हुसैन को गंभीर हालत में सीएचसी लेकर पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हुसैन को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर कोतवाली क्षेत्र के गांव मिर्जापुर के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से पेट्रोल पंप कर्मचारी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर नगरिया निवासी रंजीत पुत्र महेश 20 तिलहर नगर आ रहा था इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद घायल को सरकारी एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

## रोजा पॉवर में बायोमास कार्यशाला का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत उत्पादन में पर्यावरण अनुकूल ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने एवं सतत् विकास के उद्देश्य से रोजा पॉवर प्लांट में मिशन समर्थ के सहयोग से आज एक कार्यशाला एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संयंत्र एवं मिशन समर्थ के अधिकारियों, स्थानीय किसानों तथा संबंधित हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बायोमास के तात्पर्य, विद्युत उत्पादन में इसके महत्व, कोयले के साथ इसके सह दहन की प्रक्रिया, पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका तथा किसानों के लिए इससे संबंधित



आर्थिक लाभ की विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को यह जानकारी भी दी गई कि कृषि अवशेषों का उचित प्रबंधन कर प्रदूषण को कम किया जा सकता है तथा अतिरिक्त आय के अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए रोजा पॉवर के स्टेशन डायरेक्टर श्री हृदय सिंह तोमर ने कहा कि विद्युत संयंत्र में बायोमास के उपयोग को बढ़ावा देना स्वच्छ ऊर्जा एवं हरित पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से बायोमास आपूर्ति एवं उपयोग को बढ़ाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने ऐसी जागरुकतापूर्ण कार्यशाला आयोजित करने के लिए रोजा पॉवर का आभार व्यक्त किया और बताया कि जिले में कृषि अवशेषों से लोगों के आर्थिक विकास की असीम संभावनाएं हैं क्योंकि कृषि उत्पादन, विशेषकर धान के उत्पादन में शाहजहाँपुर जिला प्रदेश में अव्वल स्थान रखता है। उन्होंने यह भी बताया कि प्लांट को जितने बायोमास की आवश्यकता है उससे भी अधिक आपूर्ति की संभावना है। उन्होंने इस क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को किसानो तथा प्लांट के मध्य एक मज़बूत कड़ी के रूप में आगे आने की अपेक्षा की। विशिष्ट अतिथि एवं समर्थ के मिशन डायरेक्टर श्री रवि प्रकाश अग्रवाल ने कृषि अवशेषों के उचित प्रबंधन को देश के लिए बहुत बड़ी चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया लेकिन इसी में छुपे अवसर पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि अवशेषों का उचित प्रबंध कर किस प्रकार देश एवं पर्यावरण के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। इस अवसर पर एस बी आई के एस एम ई ब्रांच के शाखा प्रबंधक ने बायोमास प्लांट लगाने हेतु ऋण दिए जाने पर भी विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला का समापन रोजा पॉवर प्लांट के ऑपरेशन हेड शुवेंदु शेखर डे ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों से आए उद्यमियों तथा स्थानीय किसानों के अतिरिक्त रोजा पॉवर से श्री उमेश यादव, सुरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र बैस, शरद मिश्रा जितेंद्र निगम, मनीष कुमार सिंह, मनोहर कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बुजुर्गों का दर्द सुन भावुक हुए युवा, लिया सेवा और सम्मान का संकल्प

**शाहजहांपुर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत द्वारा विनोबा सेवा आश्रम वृद्धाश्रम में अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सेवा, संवेदना, सामाजिक जिम्मेदारी एवं बुजुर्गों के सम्मान के प्रति जागरूक करना रहा। इसी दौरान वीर सावरकर जयंती भी मनाई गई तथा उनके राष्ट्रभक्ति एवं त्यागमय जीवन से युवाओं को प्रेरित किया गया। माय भारत वॉलिंटियर्स ने वृद्धजनों से संवाद कर उनके जीवन अनुभवों को सुना तथा वृद्धजनों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें फल, जूस एवं अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की। वॉलिंटियर्स ने कहा कि वृद्धाश्रम आकर उन्हें जीवन की वास्तविक संवेदनाओं को समझने का अवसर मिला। यहां आकर यह महसूस हुआ कि बुजुर्ग हमारे परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं। युवाओं ने संकल्प लिया कि वे समाज में जागरूकता फैलाएंगे और लोगों को प्रेरित करेंगे ताकि भविष्य में किसी भी बुजुर्ग को अकेलेपन या उपेक्षा के कारण वृद्धाश्रम आने की आवश्यकता न पड़े। आश्रम अध्यक्ष रमेश भैया ने कहा कि मेरा युवा भारत द्वारा युवाओं को वृद्धाश्रम में लाकर सेवा, संस्कार और मानवीय मूल्यों का व्यवहारिक अनुभव कराया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को बुजुर्गों के प्रति सम्मान, अपनापन और जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि परिवारों में संस्कार और संवेदनाएं मजबूत हों तो वृद्धाश्रमों की आवश्यकता बहुत कम रह जाएगी। मेरा युवा भारत के उप निदेशक महे आलम ने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य युवाओं को केवल शैक्षिक रूप से सक्षम बनाना नहीं बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी जागरूक बनाना है। अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम युवाओं को समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन को नजदीक से समझने और सेवा भाव विकसित करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। युवाओं ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं को समझा तथा बुजुर्गों के जीवन संघर्ष, अनुशासन, धैर्य और पारिवारिक मूल्यों के महत्व को निकट से सीखा। वीर सावरकर जयंती के अवसर पर उनके साहस, राष्ट्रप्रेम और त्याग को याद करते हुए युवाओं ने राष्ट्र एवं समाज सेवा का संकल्प भी लिया। आश्रम की संरक्षण विमला बहन, डीपीओ नमामि गंगे विनय सक्सेना, ओपी अग्निहोत्री, मानवता वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक अमित श्रीवास्तव, दिव्यांशी मिश्रा, सहित अनेक माय भारत वॉलिंटियर्स एवं आश्रम परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला गिरफ्तार



**खुदागंज,शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक खुदागंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महिला उत्पीड़न एवं आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दिनांक 24 मई 2026 को थाना फरीदपुर जनपद बरेली क्षेत्र से संबंधित एक प्रकरण में वादी की पुत्री द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में अभियुक्त गौधन लाल पुत्र रामदुलारे निवासी लक्ष्मीपुर करबा एवं थाना खुदागंज, जनपद शाहजहांपुर के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 126/2026 धारा 108, 352 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। गुरुवार को खुदागंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमलापुर पुलिया स्थित मंदिर के पास से आरोपी गौधन लाल को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेशचंद्र, कांस्टेबल गौरव शर्मा एवं कांस्टेबल राहुल कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। खुदागंज पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में भरोसा मजबूत हुआ है तथा अपराधियों में पुलिस का खौफ साफ दिखाई दे रहा है।

### शौचालयों पर तालाबंदी पर बार एसोसिएशन महासचिव ने जताई नाराजगी



**तिलहर-शाहजहांपुर।** बार एसोसिएशन महासचिव राहुलदेव सागर ने तहसील भवन के महिला/पुरुष शौचालयों में तालाबंदी होने पर खासी नाराजगी जताते हुए उन्हें खोले जाने तथा साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की है। श्री सागर ने कहा है कि तहसील के नव निर्मित भवन में महिला व पुरुष शौचालयों में अक्सर तालाबंदी रहती है। जिसके चलते न केवल अधिवक्ताओं को बल्कि दूर दराज से तहसील पहुंचने वाले लोगों को शौच अथवा लघुशंका लगने की स्थिति में भटकना पड़ता है। उन्होंने शुक्रवार को अपरान्ह साढ़े तीन बजे दोनो शौचालयों में तालाबंदी होने पर गहरी नाराजगी जताते हुए तहसील प्रशासन से कार्य दिवस के समय तक शौचालयों को खुलबाए जाने तथा साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

### युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जैतीपुर,शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी युवक थाना खुदागंज क्षेत्र का निवासी है और पिछले काफी समय से उनके पड़ोस में रह रहा था। आरोप है कि 22 मई की रात जब परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे, तभी आरोपी उनकी करीब 19 वर्षीय पुत्री को शादी करने के उद्देश्य से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में युवती की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद पीड़ित पिता ने थाना जैतीपुर पहुंचकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और पुलिस युवती तथा आरोपी की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दे रही है।

### डॉ. मनीषा आचार्य बनीं मोहम्मदी सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर, रिकॉर्ड उपलब्धियों के बीच मिली जिम्मेदारी

**शाहजहांपुर।** भारत में नेत्र चिकित्सा के प्रमुख संस्थानों में शामिल डा. श्राफ्स चैरिटी आई हास्पिटल के मोहम्मदी सेंटर में डॉ. मनीषा आचार्य को मेडिकल डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। संस्थान की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, यह नियुक्ति सेंटर की लगातार बढ़ती उपलब्धियों और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को ध्यान में रखते हुए की गई है। संस्थान के अनुसार, सेंटर की स्थापना से अब तक 11.85 लाख से अधिक ओपीडी मरीजों का उपचार किया जा चुका है, जबकि 1.15 लाख से अधिक सर्जरी की गई हैं। वर्ष 2025-26 में सेंटर ने रिकॉर्ड 2,62,181 ओपीडी विजिट दर्ज की हैं। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि डॉ. मनीषा आचार्य की क्लिनिकल विशेषज्ञता और नेतृत्व क्षमता सेंटर के उद्देश्यों के अनुरूप है। उनके नेतृत्व में मरीजों को संवेदनशील और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ नई ऊंचाइयों तक पहुंचने की उम्मीद जताई गई है। डॉ. आचार्य एक प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं और उन्हें क्लिनिकल प्रैक्टिस, सर्जिकल उत्कृष्टता तथा स्वास्थ्य प्रबंधन का व्यापक अनुभव प्राप्त है। अपने नए दायित्व में वह सेंटर की क्लिनिकल गतिविधियों, गुणवत्ता मानकों और रणनीतिक पहलों का नेतृत्व करेंगी, जिससे अधिकाधिक मरीजों तक गुणवत्तापूर्ण नेत्र सेवाएं पहुंचाई जा सकें।

### आंधी में छप्पर पर गिरा पेड़, परिवार के मुखिया की मौत

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर चिकटिया में बृहस्पतिवार की रात लगभग नौ बजे आए चक्रवाती तूफान और ओलावृष्टि में नीम का पेड़ उखड़कर पक्की दीवार पर पड़े छप्पर पर गिर गया। जिससे छप्पर के नीचे बैठे परिवार के मुखिया 54 वर्षीय प्रेमपाल मौर्य की दीवार के मलबे में दबकर मृत्यु हो गई। दैवीय आपदा में किसान की मृत्यु की सूचना ग्राम प्रधान पूनम देवी के पति अवधेश अग्निहोत्री ने तत्काल तहसील प्रशासन और थानाध्यक्ष मिर्जापुर को दी। प्रधानपति अवधेश अग्निहोत्री की सूचना पर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने रात में ही मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रधानपति ने बताया कि शुक्रवार सुबह क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक सुखवीर सिंह और लेखपाल बृजकिशोर ने मौके पर पहुंचकर दैवीय आपदा में परिवार के मुखिया प्रेमपाल मौर्य की मृत्यु पर परिवार को ढाढस बंधाते हुए सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने की लिखा पढ़ी की। मृतक प्रेमपाल की पत्नी नन्हीं देवी ने बताया कि बीती रात आए चक्रवाती तूफान में परिवार के सभी लोग घर में थे। जबकि उसके पति घर के बाहर पक्की दीवार के सहारे पड़े छप्पर के नीचे बैठे थे। तभी चक्रवाती तूफान और ओलावृष्टि के बीच अचानक पड़ोस में खड़ा नीम का पेड़ उसकी दीवार और छप्पर पर गिर गया। जिससे उसके पति दीवार के मलबे में दब गए। पेड़ गिरने की आवाज सुनकर परिवार और पड़ोस के लोगों ने जबतक मलबे को हटाकर उन्हें बाहर निकाला, तबतक उनकी सांसे थम चुकीं थीं। मृतक की पत्नी ने रोते बिलखते बताया कि उसके पति ने अब से करीब एक माह पहले ही बड़ी बेटी शिवानी की शादी की थी। घर में बेटी की शादी की खुशियों के बीच बेटी को ससुराल से बुलाने की तैयारी चल रही थी,कि अचानक घर के मुखिया की मृत्यु से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। मृतक अपने पीछे पत्नी नन्हीं देवी, 22 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार, 18 वर्षीय ब्याहता बेटी शिवानी,16 वर्षीय शिखा व 15 वर्षीय सुधा को रोता बिलखता छोड़ गए। प्रधानपति अवधेश अग्निहोत्री ने तहसील और जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता मुहैया करवाए जाने की मांग की है।

# बीएड परीक्षाः तीसरी नजर की निगरानी में होगी परीक्षा, एजेंसियां अलर्ट

▶ 31 मई को 7 केंद्रों पर 2993 परीक्षार्थी देंगे बीएड परीक्षा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



31 मई को जनपद के 7 परीक्षा केंद्रों पर बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित कराई जा रही है। उक्त परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा कराई जा रही। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा में 2993 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों की सुविधा और परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को प्रशासनिक स्तर पर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर 2 से 5 बजे में संपन्न कराई जाएगी। जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। परीक्षा की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के माध्यम से की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की संभावना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर हेल्प डेस्क स्थापित की गई हैं। यहां नोडल अधिकारियों की तैनाती रहेगी, जो बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने और अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने में सहायता करेंगे। प्रशासन ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे और परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

> ‘एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने परीक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए गए हैं।’

### ड्रिप प्रणाली सिंचाई अपनाएं, 70 फीसदी पानी की बचतः पाठक



**शाहजहांपुर।** भूगर्भ जल के दोहन मे कमी लाने के दृष्टिगत उद्यान विभाग द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश माइको इरीगेशन प्रोजेक्ट के तहत पर ड्रॉप मोर क्राप माइकोइरीगेशन पीडीएमसी के अन्तर्गत जनपद में भौतिक लक्ष्य प्राप्त हो चुके है। जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया गया कि ड्रिप में 663 हेक्टेयर, मिनी स्प्रिंकलर में 332 हेक्टेयर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर में 924 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजनान्तर्गत गन्ने, गेहूं, दलहन, तिलहन एवं औद्यानिक फसलों मे सूक्ष्म सिंचाई पद्धति ड्रिप,मिनी स्प्रिंकलर की स्थापना पर लघु सीमान्त कृषकों को 90 प्रतिशत एवं सामान्य कृषकों को 80 प्रतिशत एवं रेनगन व पोर्टेबल स्प्रिंकलर पर 65-75 प्रतिशत अनुदान देय है। उन्होंने कहा कि सिंचाई पद्धति का इस्तेमाल करने से लगभग 70 प्रतिशत तक पानी की बचत एवं कम पानी में अधिक क्षेत्र की सिंचाई संभव होने से किसानों की लागत घटती है व उत्पादन में बढ़ोतरी होती है। ड्रिप प्रणाली में पानी सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचता है, जबकि स्प्रिंकलर प्रणाली में फव्वारे की तरह सिंचाई होती है। जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है। इस योजना का लाभ लेने के लिए कृषकों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन हेतु भू अभिलेख खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र अनुसूचित जाति एवं जनजाति कृषकों की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने को किसान के पास सिंचाई के लिए स्वयं का जल स्रोत और भूमि होना आवश्यक है। योजना की अधिक जानकारी को कृषक जिला उद्यान अधिकारी के मोबाइल नंबर 9151066860 अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में सम्पर्क कर सकते है।

## अकबरी प्रीमियर लीग का रोमांचक फाइनल सम्पन्न, अकबरी लायन बनी चैम्पियन

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अकबरी प्रीमियर लीग का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला गुरुवार को अकबरी इलेवन और अकबरी लायन के बीच बेहद रोमांचक माहौल में खेला गया। मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

फाइनल मुकाबले में अकबरी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 11.3 ओवर में 103 रन बनाए, हालांकि पूरी टीम ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से बाबू ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 29 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। 104 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अकबरी लायन की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से निजामुद्दीन ने शानदार 28 रन की अहम पारी खेली और जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैच में उत्कृष्ट गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल करने वाले ताजीम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं पूरे टूर्नामेंट में शानदार बल्लेबाजी के लिए इमरान खान को बेस्ट बैट्समैन तथा बेहतरीन गेंदबाजी के लिए मोइन को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी खिलाड़ियों को डॉ. इजहार अली द्वारा सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## महापौर ने खड़े किए सवाल, मानकों की अनदेखी कर जल निगम कर रहा कार्य

▶ वार्डों में पाइपलाइन डालने में बरती जा रही हीलाहवाली, नागरिकों को दिक्कतें, जलालाबाद रूट पर पुनः चल सकती हैं ई-बसें, महापौर ने भेजा पत्र



**शाहजहांपुर।** नगर निगम सीमा अन्तर्गत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को जल निगम द्वारा विभिन्न वार्डों में पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। लेकिन काम में हीलाहवाली से आमजन को दिक्कतों का सामना पड़ रहा है। पार्षदों एवं नागरिकों की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए महापौर अर्चना वर्मा ने कि जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री को पत्राचार किया। उन्होंने पत्र में लिखा कि निगम द्वारा मानकों के अनुरूप पाइप लाइन स्थापित करने का कार्य नहीं किया जा रहा है। पाइप लाइन स्थापित करने के लिए मार्गों को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है, लेकिन कार्य पूर्ण होने के उपरान्त मार्गों की समुचित मरम्मत नहीं कराई जाती है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर बने गड्ढों को न भरे जाने के कारण अनेक स्थानों पर दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं। इसको लेकर जल निगम के अधिकारियों को पूर्व में भी सुधार को निर्देशित किया गया, इसके बाबजूद समस्या यथावत बनी हुई है। महापौर ने मांग की है कि नगर निगम सीमा अन्तर्गत पाइप लाइन स्थापना कार्य की जांच कराते हुए अधिकारियों को क्षतिग्रस्त मार्गों की समुचित मरम्मत कराए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए जाएं।

**जलालाबाद रुट पर ई बसें बंद, महापौर ने उठाई आवाजः** नगर निगम की महापौर अर्चना वर्मा ने बताया कि किन्हीं कारण से नगर निगम से संचालित ई बस कांट, जलालाबाद तक जाने से रोक दी गई थी। उनके संचालन को फिर शुरू करने के लिए उन्होंने प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम को पत्राचार किया है। गर्मी में पुनः ई बसें चलने से यात्रियों को सहूलियत होगी।

## महिला जागरूकता शिविर आयोजित, योजनाओं की दी गई जानकारी

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




जनपद शाहजहांपुर के विकास खंड खुटार अंतर्गत ग्राम पंचायत रौतापुर में शुक्रवार को महिला जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला प्रोबेशन विभाग की ओर से आयोजित कराया गया।

हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालक-बालिकाओं को खेल एवं शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि बेटियां परिवार और समाज की शक्ति हैं, इसलिए उन्हें शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 181 महिला हेल्पलाइन सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी ने घरेलू हिंसा, दहेज निषेध, बाल विवाह रोकथाम और मानव तस्करी से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। इस दौरान पंचायत सहायक रचना गौतम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला देवी, आशा सुमन देवी, बीसी सखी नमिता मिश्रा तथा समूह सखी मनीषा मौर्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

## स्वामी शुकदेवानंद विवि में शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास को नई गति

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▶ कुलपति ने विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों का किया गठन

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता, संस्थागत पहचान एवं नवाचार को सशक्त बनाने की दिशा में कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों का गठन किया है। इन समितियों के माध्यम से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा प्रदान किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है। विवि प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय के लोगो, झंडा एवं ध्येय वाक्य के निर्धारण हेतु गठित समिति में प्रो. आलोक मिश्रा को समन्वयक नियुक्त किया गया है। समिति में प्रोफेसर अजीत सिंह चारग, डॉ. अर्चना गर्ग एवं डॉ. प्रज्ज्वल पुंडीर को सदस्य बनाया गया है। यह समिति विश्वविद्यालय की पहचान और वैचारिक मूल्यों को अभिव्यक्त करने वाले प्रतीकों का निर्धारण करेगी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के कुलगीत के निर्माण हेतु गठित समिति में डॉ. कविता भटनागर को समन्वयक बनाया गया है। समिति में डॉ. इंदु अजनबी को बाह्य सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जबकि डॉ. प्रमोद यादव को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति विश्वविद्यालय की गरिमा, परंपरा एवं शैक्षणिक संस्कृति को स्वर देने वाले कुलगीत का निर्माण करेगी। वहीं विश्वविद्यालय स्तर पर विभिन्न पाठ्यक्रमों के संचालन एवं नवीन पाठ्यक्रमों के आरंभ के लिए गठित पाठ्यक्रम निर्धारण समिति में प्रो. आलोक मिश्रा को समन्वयक नियुक्त किया गया है। समिति में प्रो. मीना शर्मा, प्रो. शालीन कुमार सिंह, प्रो. देवेंद्र सिंह, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. प्रांजल शाही, श्री राजनंदन सिंह राजपूत एवं डॉ. आदर्श पांडेय को सदस्य बनाया गया है। यह समिति नई शिक्षा नीति के अनुरूप रोजगारपरक एवं समयानुकूल पाठ्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी। कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए संस्थागत संरचना, सांस्कृतिक पहचान एवं आधुनिक पाठ्यक्रमों का समन्वित विकास आवश्यक है। गठित समितियां विश्वविद्यालय की दीर्घकालिक विकास योजनाओं को गति प्रदान करेंगी। विश्वविद्यालय में समितियों के गठन को लेकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों में तीव्र उत्साह का वातावरण है। शिक्षकों का मानना है कि इन समितियों के माध्यम से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक पहचान और अधिक सशक्त होगी तथा विद्यार्थियों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास सार्थक सिद्ध होंगे।

### अधिवक्ता की घर के बाहर से बाइक चोरी

**रोजा-शाहजहांपुर।** अधिवक्ता की घर के बाहर खड़ी बाइक अज्ञात चोर चुरा कर फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी हैं। थाना क्षेत्र के लोधीपुर निवासी रामकिशोर सिंह भदौरिया ने पुलिस को बताया कि वह जजी कचहरी में वकालत करता है। शनिवार की दोपहर कचहरी से अपनी बाइक हीरो डीलक्स से घर आया और बाइक दरवाजे पर खड़ी कर दी उसके बाद उसने शाम को देखा तो बाइक गायब थी। उसकी बाइक अज्ञात चोर चुराकर ले गये। उसने बाइक की तलाश की, लेकिन बाइक अभी तक नही मिली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी हैं।

## किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

▶ भाकियू भानु ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पुवायां, शाहजहांपुर।** कई दिनों से मंडी परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा साथ ही कहा समाधान नही होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के कार्यकर्ताओं ने डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया दिए हुए ज्ञापन में बताया कि 21 मई को किसानों की समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलाया जा रहा है जिसमें आज तक किसी भी अधिकारी ने वार्ता करने की शुद्ध नहीं ली है। समस्याएं अधिकांश विकास विभाग एवं राजस्व विभाग से संबंधित है परंतु पुवायां तहसील प्रशासन किसानों की समस्याओं को अनदेखा कर रहा है। जिलाध्यक्ष के द्वारा लगातार किसानों की समस्याओं का समाधान के लिए ज्ञापन दिए गए परंतु अभी तक ज्ञापन में समस्याओं का समाधान नही किया गया है। जिसके बाद कार्यकर्ता ने 29 मई को डीएम को सम्बोधित। ज्ञापन एसडीएम को दिया साथ ही अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को उग्र आंदोलन में तब्दील कर दिया जाएगा। जिसके बाद जिला मुख्यालय के लिए पैदल कूच करेंगे जिसमें किसान अपने पालतू गाय बैल भैंस बकरी सभी साथ में लेकर जिला मुख्यालय जिलाधिकरी आवास के लिए कूच करेंगे। तहसील प्रशासन के द्वारा आए दिन किसानों की समस्याओं का समाधान ना करके कोर्ट में उलझा दिया जाता है जिससे किसान कोर्ट के चक्कर लगाते लगाते तक के बैठ जाते हैं और भूमाफिया मौज करते है ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, रामजी शर्मा, सतेंद्र कुमार सिंह, हेतराम सवर्ण सिंह, बलबीर सिंह, सन्तोष सिंह, सोनपाल सिंह, अनिरुद्ध राज रधुवीर बनवारी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कार व ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**तिलहर - शाहजहांपुर ।** दो माह पूर्व नशीला पदार्थ पिलाकर शारीरिक संबंध बनाने की वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल बार बार दुष्कर्म करने तथा रुपए ऐंठने के मामले में वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि क्षेत्र की एक युवती ने बीती 28 मार्च को उसके साथ बलात्कार किए जाने का आरोप लगाते हुए गुरगवां कॉलोनी निवासी अंकुर सिंह उर्फ धर्मवीर सिंह पुत्र कमल सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ बलात्कार कर अश्लील वीडियो बनाने तथा उसे वायरल करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर बलात्कार करने और रुपए ऐंठने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। उक्त मामले में वांछित आरोपी अंकुर सिंह को पुलिस ने 29 मई को दोपहर करीब पौने बजे सुल्तानपुर नहर पुलिया के समीप धर दबोचा। जिसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। उसे पकड़ने बाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई रमेश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबिल संजीव कुमार, रिक्रूट कांस्टेबिल आशीष कुमार शामिल रहे।

### आईटीआई में अप्रेंटिसशिप साक्षात्कार 30 को

**रोजा,शाहजहांपुर।** रोजा के आईटीआई में 30 मई को अप्रेंटिस साक्षात्कार का आयोजन होगा। युवाओं को रोजगारपरक कौशल सीखने व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अप्रेंटिसशिप साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप साक्षात्कार शनिवार को प्रातः ग्यारह बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार में सरकारी व गैर सरकारी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी पोटर्ल पर अपना पंजीकरण कराकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि संस्थान पर भी एक निःशुल्क पंजीकरण कांउन्टर खोला गया है। प्रशिक्षार्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों व एक फोटो के साथ पंजीकरण करा सकते हैं।

## शाखा अध्यक्ष प्रियदर्शी, सचिव बने हरिओम

▶ ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ रोजा शाखा का हुआ पुर्नगठन

**रोजा-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आयल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ रोजा शाखा ने गुरूवार को भीषण गर्मी के चलते लोको पायलट के लिये इंजन में एसी लगाये जाने की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना देकर यूनियन का पुनर्गठन किया। जिसकी अध्यक्षता मंडल कोषाध्यक्ष अनूप वैश्य ने की। यूनियन के सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

यूनियन के पुर्नगठन में शाखा अध्यक्ष प्रियदर्शी, कार्यकारी अध्यक्ष रंजीत कुमार व विनीत रस्तोगी, उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव,सहायक उपाध्यक्ष रविकान्त, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, विनय कुमार, सचिव हरिओम, विकास यादव, सहायक सचिव सौरभ कुमार उत्व, सचिव कैलाश चन्द मीना, मनोज कुमार यादव, संयुक्त सचिव जर्नादन, समुन्त सहायक सचिव शुभम पाण्डेय, केतन अग्रहरि, संगठन सचिव विकास विनीत सिंह, सहायक शरद मिश्रा, टीआई सुरज वर्मा, प्रदीप कुमार, प्रेस सचिव मान सिह कुशवाहा, सहायक प्रेस सचिव सचिन कुमार, विनय कुमार नियुक्त किये गये।

## हज के बाद जंग!

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप 'अच्छी खबर' तो दे नहीं सके और न ही ईरान के साथ समझौता कर पाए, लेकिन उनके लड़ाकू विमानों ने ईरान के नौसेना बेस पर तीन हमले जरूर कर दिए। इस तरह ट्रंप ने युद्धविराम तुड़वा दिया। अमरीकी सेना ने ईरान के बंदर अब्बास बंदरगाह पर हमले कर ईरानी स्पीड नौकाओं को समंदर में डुबो दिया। मिसाइल लॉन्च साइट्स पर भी हवाई हमले कर उन्हें नष्ट कर दिया गया। अमरीकी सेना की दलील है कि ईरानी नौकाएं समंदर में बारूदी सुरंगें बिछा रही थीं, लिहाजा आत्मरक्षा में अमरीका को हमले करने पड़े। इन हमलों और धमाकों में ईरानी आईआरजीसी के 4 जवान हताहत हुए और कुछ घायल भी हुए हैं। ईरान ने इसे युद्धविराम का 'साक्षात उल्लंघन' करार दिया है और अमरीका को 'महान शैतान' माना है। ईरान बेहद गुस्से में है। चूंकि यह 'पवित्र हज' का दौर है, दुनिया भर से 15 लाख से अधिक जायरीन हज यात्रा के लिए मक्का पहुंच चुके हैं। भारत के जायरीनों (तीर्थयात्रियों) का अधिकृत कोटा भी 1.75 लाख से ज्यादा का है, लिहाजा ईरान किसी संभावित युद्ध के दोबारा आगाज के मद्देनजर खामोश है, लेकिन उसने हमलों की पुष्टि की है। युद्धविराम के दौरान अमरीका ने ऐसे हमले किए हैं, लिहाजा युद्धविराम टूट चुका है। सवाल है कि क्या हज के बाद युद्ध नए सिरे से छिड़ेगा? यह बेहद गंभीर, संवेदनशील, मानवीय सवाल है, क्योंकि पूरा विश्व इससे प्रभावित हुआ है। हाहाकार मचा है। ऊर्जा के अलावा खाद्य संकट, उर्वरक संकट, माल के आयात-निर्यात का संकट और अंततः भुखमरी का संकट इस युद्ध के नतीजतन ही है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां और विश्व बैंक 'महामंदी' की चेतावनी दे रहे हैं, लेकिन अमरीका और ईरान वैश्विक तबाही को आमादा हैं। अमरीका ने आदतन फिर दोगला प्रहार किया है। एक ओर कतर की राजधानी दोहा में कथित मध्यस्थ देश शांति-समझौते की रूपरेखा पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर अमरीका ने ईरानी पक्ष पर हमले किए हैं? यह किस किस्म की कूटनीति या शांति-संवाद है? राष्ट्रपति ट्रंप दावा करते रहे हैं कि ईरान के साथ अमरीका की 95 फीसदी सहमति बन चुकी है। शेष 5 फीसदी पर बातचीत जारी है, लेकिन साथ में यह धमकी भी देते रहे हैं कि यदि ईरान ने करार नहीं किया, तो पहले से भी भयंकर हमले किए जाएंगे। ईरान ने राष्ट्रपति ट्रंप के दावों, सहमतियों और सर्वाधिक यूरेनियम संबंधी बयानों को सिरे से खंडित किया है। अब हमलों के बाद और बकरीद के मौके पर ईरान के सुप्रीम लीडर मुज्तबा खामेनेई का संदेश टीवी पर पढ़ा गया है, जिसमें उन्होंने ट्रंप को चेतावनी दी है कि अब खाड़ी देश अमरीकी सैन्य ठिकानों की 'ढाल' नहीं बनेंगे। अब खाड़ी का यह इलाका अमरीका के लिए 'सुरक्षित पनाहगाह' नहीं रहा है। खामेनेई ने मुस्लिम देशों को एकजुट होने और नई विश्व-व्यवस्था बनाने की अपील भी की है। हमलों के बाद ईरान ने पलटवार कर अमरीका के एम.क्यू.-9 ड्रोन (कीमत करीब 250 करोड़ रुपए) और आर.क्यू.-4 हॉक ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। अमरीका के बेशकीमती एफ-35 फाइटर जेट पर भी मिसाइल से हमला किया गया है। इससे ईरान और सुप्रीम लीडर के मजबूत और आक्रामक मंसूबों को पढ़ा जा सकता है। रक्षा विशेषज्ञों के आकलन हैं कि हज के बाद, यानी आगामी 72 घंटों में, ईरान युद्ध नए सिरे से शुरू हो सकता है। यह भी आकलन है कि 3-4 महीने युद्धविराम का नाटक करने के बाद अमरीका सितंबर-नवंबर के दरमियान फिर हमला कर सकता है। तब तक राष्ट्रपति ट्रंप पर घरेलू दबाव, मध्यावधि चुनावों का तनाव और अमरीका की आर्थिक स्थिति के मद्देनजर जन-विरोध उतना नहीं रहेगा, जितना अब है। दोनों देशों के बीच समझौते के आसार बहुत कम हैं, क्योंकि यूरेनियम, ईरान की जब्त संपत्तियों, पाबंदियों, हमलों की क्षतिपूर्ति, होर्मुज जलमार्ग आदि अहम मुद्दे यथावत अनसुलझे रहे हैं। उधर राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नया खेल शुरू कर दिया है कि सभी खाड़ी और अरब देश 'अब्राहम समझौते' पर दस्तखत करें और इजरायल को मान्यता दें। खाड़ी के अधिकतर देश सन्नाटे में हैं, क्योंकि वे इजरायल के साथ किसी भी तरह के संबंधों के पक्षधर नहीं हैं। यह युद्ध कब तक जारी रहेगा, यह बात अधिकतर अमरीका के रुख पर निर्भर करती है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समझना कठिन है, क्योंकि वह कभी युद्धविराम की घोषणा कर देते हैं, और कभी ईरान पर हमले जारी रखने की बात करने लग जाते हैं। अनिश्चय की जैसी स्थिति बनी हुई है।

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे : पूर्वांचल के विकास, रोजगार व निवेश का नया महामार्ग

सरिता वर्मा

सड़कें विकास की रीढ़ होती है। किसी पिछड़े क्षेत्र में एक सड़क बन जाने से उस क्षेत्र का विकास स्वतः होने लगता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश अवस्थापना सुविधाओं के विकास में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे एक्सप्रेस-वे नेटवर्क ने राज्य की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य किया है। इन्हीं महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास की नई धुरी बनकर उभरा है। यह एक्सप्रेस-वे केवल एक सड़क परियोजना नहीं, बल्कि पूर्वांचल के आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक और व्यापारिक विकास का मजबूत आधार बन गया है।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे लगभग 91.352 किलोमीटर लंबा प्रवेश नियंत्रित (ग्रीन फील्ड) एक्सप्रेस-वे गोरखपुर बाईपास एनएच-27 पर ग्राम जैतपुर के पास से शुरू होकर जनपद आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़ता है। यह परियोजना गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ जैसे महत्वपूर्ण जनपदों को आधुनिक सड़क नेटवर्क से जोड़ती है।

इस एक्सप्रेस-वे का 20 जून, 2025 को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लोकार्पण किया गया। 01 अगस्त 2025 से इस एक्सप्रेस-वे पर टोल कलेक्शन का कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके संचालन के बाद पूर्वी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों को तेज, सुरक्षित और आधुनिक यात्रा सुविधा प्राप्त हो रही है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश लंबे समय तक बेहतर सड़क संपर्क और औद्योगिक विकास के मामले में अपेक्षाकृत पिछड़ा माना जाता रहा। यहां के लोगों को बड़े शहरों तक पहुंचने में अधिक समय लगता था, जिससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जुड़ी कई समस्याएं बनी रहती थीं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे ने इस स्थिति को बदलने का कार्य किया है। अब गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों से लखनऊ, वाराणसी तथा अन्य बड़े शहरों तक पहुंचना कहीं अधिक आसान और तेज हो गया है। यह एक्सप्रेस-वे पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से जुड़कर पूरे प्रदेश के एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

इस परियोजना के कारण गोरखपुर क्षेत्र सीधे राजधानी लखनऊ तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बेहतर रूप से जुड़ गया है। इससे यात्रियों के समय और ईंधन दोनों की बचत हो रही है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे एक ग्रीन फील्ड परियोजना है। इसे नई भूमि पर आधुनिक तकनीक और बेहतर डिजाइन के साथ विकसित किया गया है। ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे होने के कारण इसमें मोड़ कम हैं, यातायात अधिक व्यवस्थित रहता है और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होती है। साथ ही वाहन बिना रुकावट के अधिक गति से चल सकते हैं, जिससे यात्रा समय में कम समय लगता है। यह एक्सप्रेस-वे आधुनिक इंजीनियरिंग मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाली सड़क, सुरक्षित पुल, सर्विस रोड, ड्रेनेज व्यवस्था और आधुनिक यातायात प्रबंधन प्रणाली का उपयोग किया गया है।




*प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार एक्सप्रेस-वे केवल यातायात सुविधा के लिए नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे भी इसी सोच का हिस्सा है। एक्सप्रेस-वे के आसपास औद्योगिक कॉरिडोर, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क, ट्रांसपोर्ट हब और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से निवेशकों का भरोसा भी मजबूत हुआ है। गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में एमएसएमई इकाइयों, कृषि आधारित उद्योगों तथा छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठानों को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। आने वाले समय में यह क्षेत्र निवेश और उद्योग का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।*

*जब किसी क्षेत्र में सड़क और आधारभूत संरचना मजबूत होती है तो वहां उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र तेजी से विकसित होते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे ने यह साबित किया है कि मजबूत आधारभूत संरचना किसी भी क्षेत्र के विकास की सबसे बड़ी कुंजी होती है। यह परियोजना पूर्वांचल के लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। यह एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश को औद्योगिक, व्यापारिक और आर्थिक रूप से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि पूर्वांचल के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग है।*

**किसानों के लिए बना वरदानः-** उ0प्र0 का पूर्वांचल क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां धान, गेहूं, गन्ना, सब्जियां और अन्य कृषि उत्पाद बड़े पैमाने पर पैदा होते हैं। लेकिन लंबे समय तक किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे बनने से किसानों को अब अपने उत्पाद कम समय में बड़ी मंडियों तक पहुंचाने की सुविधा मिल रही है। इससे परिवहन लागत कम होगी और फसल खराब होने की संभावना भी घटेगी। विशेष रूप से सब्जी और डेयरी उत्पादों के व्यापार को इससे बड़ी गति मिलेगी। किसानों को बेहतर दाम मिलने के साथ-साथ कृषि आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**उद्योग और निवेश के लिए नई संभावनाएंः-** प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार एक्सप्रेस-वे केवल यातायात सुविधा के लिए नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे भी इसी सोच का हिस्सा है। एक्सप्रेस-वे के आसपास औद्योगिक कॉरिडोर, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक पार्क, ट्रांसपोर्ट हब और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। बेहतर कनेक्टिविटी मिलने से निवेशकों का भरोसा भी मजबूत हुआ है। गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में एमएसएमई इकाइयों, कृषि आधारित उद्योगों तथा छोटे व्यापारिक प्रतिष्ठानों को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। आने वाले समय में यह क्षेत्र निवेश और उद्योग का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

जब किसी क्षेत्र में सड़क और आधारभूत संरचना मजबूत होती है तो वहां उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्र तेजी से विकसित होते हैं। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण और संचालन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिला है। भविष्य में एक्सप्रेस-वे के किनारे स्थापित होने वाले उद्योगों और व्यापारिक इकाइयों से स्थानीय युवाओं को बड़े स्तर पर रोजगार मिलने की संभावना है। इससे पलायन की समस्या में भी कमी आएगी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

**स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यटन को बढ़ावाः-** बेहतर सड़क संपर्क का सबसे बड़ा लाभ स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को भी मिलता है। अब पूर्वांचल के लोग कम समय में बड़े अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों तक पहुंच सकते हैं। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को तेजी से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना आसान होगा। साथ ही छात्र भी बड़े शहरों के शिक्षण संस्थानों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। गोरखपुर और पूर्वांचल क्षेत्र धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। गोरखनाथ मंदिर, कुशीनगर, संतकबीरनगर और आसपास के कई धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। बेहतर सड़क संपर्क से पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक और सुरक्षित बनेगी। इससे होटल, परिवहन और स्थानीय व्यापार को भी लाभ मिलेगा।

एक्सप्रेस-वे पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो जनसुविधा परिसरों का निर्माण किया गया है। यहां भोजन, शौचालय, पार्किंग, ईंधन तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आने वाले समय में इन परिसरों के आसपास और भी सुविधाओं का विकास किया जा सकता है, जिससे लंबी दूरी की यात्रा अधिक आरामदायक बन सके।

**प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूतीः-** उत्तर प्रदेश तेजी से देश की आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एक्सप्रेस-वे नेटवर्क इस विकास मॉडल का महत्वपूर्ण आधार है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे जैसे प्रोजेक्ट न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाते हैं, बल्कि निवेश, उद्योग, व्यापार और रोजगार को भी नई गति देते हैं। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और क्षेत्रीय असंतुलन कम होता है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे ने यह साबित किया है कि मजबूत आधारभूत संरचना किसी भी क्षेत्र के विकास की सबसे बड़ी कुंजी होती है। यह परियोजना पूर्वांचल के लाखों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। यह एक्सप्रेस-वे पूर्वी उत्तर प्रदेश को औद्योगिक, व्यापारिक और आर्थिक रूप से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह केवल एक सड़क नहीं, बल्कि पूर्वांचल के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग है।

*(सूचना अधिकारी।)*

विचार

# यूपी में ग्रामीण पर्यटन के बढ़ते साम्राज्य में पहचान बनाता बस्ती

उत्तर प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस मुहिम के तहत अब केवल बड़े शहरों या प्रमुख धार्मिक केंद्रों तक ही पर्यटन को सीमित नहीं रखा जा रहा है, बल्कि ग्रामीण अंचलों को भी इसका मुख्य हिस्सा बनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही नई पर्यटन नीति के माध्यम से गांवों में छिपी ऐतिहासिक कहानियों, पारंपरिक कलाओं और प्राकृतिक सौंदर्य को पर्यटकों के सामने लाने की अनूठी पहल की गई है। इस रणनीति का सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर पैदा करने के रूप में सामने आ रहा है।

धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ रही है। अयोध्या, काशी (वाराणसी) और मथुरा जैसे बड़े धार्मिक केंद्रों में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आवास की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने होमस्टे नीति को विशेष बढ़ावा दिया है। इसके अंतर्गत गांवों में रहने वाले आम परिवारों को अपने घरों को पर्यटकों के अनुकूल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। राज्य में अब तक 900 से अधिक होमस्टे सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं, जो पर्यटकों को न केवल ठहरने की बेहतर सुविधा दे रहे हैं बल्कि उन्हें उत्तर प्रदेश की पारंपरिक अतिथि सत्कार संस्कृति से भी रूबरू करा रहे हैं।

ग्रामीण जीवन को करीब से देखने और समझने की चाह रखने वाले पर्यटकों के लिए प्रदेश सरकार ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए 'फार्म स्टे निवेश कार्यक्रम' की शुरुआत की है। प्रदेश के इतिहास में इस तरह का यह पहला कार्यक्रम है जिसके तहत खेतों और ग्रामीण परिवेश को व्यवस्थित पर्यटन स्थलों के रूप में बदला जा रहा है। इस योजना का सीधा लाभ उन प्रगतिशील किसानों को मिल रहा है जो अपनी खेती के साथ-साथ पर्यटन को जोड़ रहे हैं। फार्म स्टे के माध्यम से पर्यटकों को कृषि पर्यटन, मधुमक्खी पालन, स्थानीय हस्तशिल्प को करीब से देखने और ग्रामीण जीवन की सादगी का सजीव अनुभव लेने का मौका मिल रहा है।

प्रदेश सरकार के इन सभी प्रयासों के केंद्र में ग्रामीण क्षेत्रों के वे हस्तशिल्पी, कारीगर और छोटे व्यवसायी हैं जो सदियों से अपनी कला को संजोए हुए हैं। ग्रामीण पर्यटन की इन पहलों में पर्यटकों की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता दी जा रही है। जिन गाँवों की पहचान उनके विशिष्ट हथकरघा, हस्तशिल्प और पारंपरिक कलाओं के लिए है, उन्हें विशेष रूप से विकसित किया जा रहा है। सरकार की इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादकों को बाजार और आर्थिक सहायता प्रदान करना, पारंपरिक कौशलों को विलुप्त होने से बचाना और बाहर से आने वाले लोगों को एक बिल्कुल अनूठा और गहरा अनुभव प्रदान करना है। इससे युवाओं को अपने ही गांव में रोजगार मिल रहा है।

पर्यटन के इसी जमीनी मॉडल को अमलीजामा पहनाने के लिए जनपद बस्ती में विशेष रूप से काम शुरू किया गया है। जिला प्रशासन ने इस मुहिम के तहत दो विशिष्ट गाँवों, बढ़नी मिश्र और अमोढ़ा खास को ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए चिह्नित किया है। इन दोनों गांवों का चयन उनकी ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखकर किया गया है। बढ़नी मिश्र गाँव का अपना एक प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व है, जिसे रामायण कालीन भगवान राम के गुरु वशिष्ठ मुनि का मूल निवास माना जाता है। इसी पौराणिक जुड़ाव के कारण स्थानीय लोग इस पूरे क्षेत्र के प्राचीन नाम को वशिष्ठी के रूप में याद करते हैं।

इसी क्रम में जनपद का दूसरा सुप्रसिद्ध अमोढ़ा खास गाँव अपनी ऐतिहासिकता एवं गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के लिए अलग पहचान रखता है। सन् 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अमोढ़ा के राजा जालिम सिंह और उनकी पत्नी रानी तलाश कुँवरी ने ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध जमकर लोहा लिया था। इस ऐतिहासिक संग्राम के साक्ष्य के रूप में आज भी राजा जालिम सिंह के किले के अवशेष इस गाँव में मौजूद हैं। इसके अलावा, धार्मिक दृष्टिकोण से भी यह गांव बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ प्रसिद्ध चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग का प्रमुख पड़ाव राम रेखा मंदिर और चतुर्भुजी मंदिर स्थित है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग इन दोनों ऐतिहासिक गाँवों के स्थानीय निवासियों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके हुनर को निखारने के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए विभाग द्वारा हस्तशिल्प पर आधारित विभिन्न प्रशिक्षण पहलों की शुरुआत की गई है, जिसका सीधा लाभ स्थानीय बेरोजगार युवाओं और महिलाओं को मिल रहा है। वर्तमान में ये प्रशिक्षण कार्यक्रम धरातल पर संचालित किए जा रहे हैं, और पर्यटकों के ठहराव के लिए होमस्टे सुविधाओं हेतु कुछ विशिष्ट स्थलों की पहचान भी कर ली गई है। इन प्रयासों से आने वाले समय में पर्यटकों को इस क्षेत्र की ऐतिहासिकता का एक समग्र अनुभव मिल सकेगा। राज्य की इस विकास यात्रा को गति देने में 'नई पर्यटन नीति 2022' एक मजबूत आधार साबित हो रही है। इस नीति को पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के संगठनों और विभिन्न हितधारकों से मिले व्यावहारिक सुझावों को शामिल करके तैयार किया गया है। योजना के क्रियान्वयन को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए 'जिला संवर्धन परिषद' और 'नीति कार्यान्वयन समिति' को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके तहत राजस्व, नगर विकास, आवास और स्थानीय स्वशासन जैसे महत्वपूर्ण विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है ताकि विकास कार्यों को बिना किसी देरी के त्वरित गति से धरातल पर उतारा जा सके।

इस नीति के तहत उत्तर प्रदेश के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों को 'प्रमुख पर्यटन स्थलों' के रूप में नामित किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे हैं। अकेले बस्ती जिले में ही 'पर्यटन नीति 2022' के अंतर्गत अब तक लगभग 28 नई पर्यटन इकाइयों का पंजीकरण किया जा चुका है, जिनमें होटल, बजट होटल, कन्वेंशन सेंटर और मार्गस्थ सुविधा केंद्र शामिल हैं। इन सभी निजी आतिथ्य इकाइयों में कुल मिलाकर लगभग 17415.93 लाख रुपये का भारी-भरकम निवेश प्रस्तावित है। निजी क्षेत्र के इस निवेश से न केवल बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर हजारों युवाओं को सीधे तौर पर रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।

सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में भी सरकार व्यापक स्तर पर काम कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा स्थानीय संस्कृति, लोक कलाओं और क्षेत्रीय परंपराओं को एक बड़ा मंच देने के लिए लगभग हर जिले में 'महोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम' आयोजित किए जा रहे हैं। ये आयोजन पारंपरिक कला रूपों को जीवंत रखने में मददगार साबित हो रहे हैं, साथ ही उन कलाकारों की आजीविका का जरिया भी बन रहे हैं जो पीढ़ियों से भारतीय सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम कर रहे हैं। इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को बड़े स्तर पर पहचान मिल रही है। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने की इस कड़ी में सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस, हर घर तिरंगा, संस्कृति उत्सव, नवरात्रि और वाल्मीकि जयंती जैसे बड़े आयोजनों को हर साल संस्कृति विभाग के माध्यम से विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इन भव्य आयोजनों से न केवल सामाजिक समरसता और राष्ट्रीयता की भावना को बल मिलता है, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों में भी भारी उछाल आता है। इन उत्सवों के दौरान लगने वाले मेलों और प्रदर्शनियों से स्थानीय छोटे दुकानदारों, शिल्पकारों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सीधे तौर पर बड़ा आर्थिक लाभ मिलता है। राज्य सेक्टर की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से प्रमुख पर्यटन स्थलों के बुनियादी विकास को शीर्ष प्राथमिकता दी जा रही है। वर्ष 2017 से लेकर अब तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो पर्यटन विभाग ने अकेले बस्ती जिले के 34 प्रमुख पर्यटन स्थलों के कायाकल्प के लिए कुल 5180.87 लाख रुपये की भारी राशि स्वीकृत की है। इस भारी बजट से विकास की कुल 53 महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं, जबकि शेष 7 परियोजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है। इस वित्तीय सहयोग का सीधा लाभ उन लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को मिल रहा है जो हर साल इन स्थानों पर आते हैं। इस पूरी योजना के अंतर्गत जनपद के विभिन्न धार्मिक, प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए आधुनिक अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया गया है। इसके तहत सड़कों का चौड़ीकरण, पेयजल की व्यवस्था, विश्राम गृहों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे मखौडा धाम मंदिर, राम रेखा मंदिर, हनुमान बाग चकोही, भदेश्वरनाथ मंदिर, चंदो ताल और वन विहार जैसी जगहों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, जिससे यहाँ पर्यटन की संभावनाएं पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ गई हैं।

साहित्य



## वैभव ही वैभव

संजय एम तराणेकर

*बस, पंद्रह बरस की उम्र में ऐसा तूफ़ान उठा,*
*हर गली-मोहल्ले में बस वैभव का नाम गूंजा।*
*छोटे से कंधों पे सपनों का ये आसमान लिए,*
*गेंदबाजों ने आउट करने क्या-2 जतन किए।*

*बल्ला जब उसके हाथों में बिजली बन जाता,*
*हरेक चौका उम्मीदों का दीप नया जलवाता।*
*छक्कों की बरसात से मैदान भी है दहक उठे,*
*जब दर्शकों के चेहरें गर्वित होकर चमक उठे।*

*सिर्फ रन नहीं थे, वो जज़्बा भी दिखलाता था,*
*हर शॉट में भारत का भविष्य मुस्कुराता था।*
*जब गेंद हवा में जाती तो दिल भी उड़ते जाते,*
*खिलाड़ियों के पुराने रिकॉर्ड पीछे छूट जाते।*

*पैंसठ छक्कों की गूंज आसमान तलक पहुँची,*
*क्रिस गेल की ताकत भी उसके आगे है छोटी।*
*प्लेऑफ में ही तूफानी पचास की चमक ऐसी,*
*प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी की धड़कन बन गई वैसी।*

*सिर्फ उनतीस गेंदों में वैभव ने 97वें रन ठोके,*
*हर गेंदबाज़ के हौसले उसने पल भर में रोके।*
*उसके हरेक प्रहार में आत्मविश्वास छलकता,*
*जैसे कोई एक नया सूरज धरती पर चमकता।*



## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

वृश्चिकः- किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। आलस्य त्यागें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिये प्रयत्न तीव्र होगा।

# पहली आभासी पार्टी सीजेपी, सियासत और साजिश



रत्नेश कुमार

डिजिटल क्रांति के इस दौर में राजनीति की भाषा और तेवर दोनों बदल चुके हैं। आज जब हम अपने आस-पास देखते हैं, तो समाज में एक अजीब सी छटपटाहट और हताशा साफ महसूस होती है। यह हताशा उस आम नागरिक, उस बेरोजगार युवा की है जो रोज सुबह एक नई उम्मीद के साथ उठता है, लेकिन शाम को कमरतोड़ महंगाई और नौकरी की अंतहीन तलाश के बोझ तले दबकर घर लौट आता है। ऐसे माहौल में जब देश के किसी बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा देश के भविष्य यानी युवाओं की तुलना कथित तौर पर कॉकरोच जैसे कीड़े से कर दी जाए, तो वह घाव सीधे आत्मसम्मान पर लगता है। कॉकरोच जनता पार्टी का जन्म इसी गहरे अपमान, सुलगते जन-आक्रोश और व्यवस्था के खिलाफ उपजे तीखे व्यंग्य की कोख से हुआ है। पहली नजर में यह नाम अजीब या घिनौना लग सकता है, लेकिन सच तो यह है कि यह नाम इस देश के आम आदमी की उस बेबसी का प्रतीक बन गया है, जहां वह खुद को सत्ता की नजरों में उतना ही तुच्छ और उपेक्षित महसूस कर रहा है।

इंटरनेट के आभासी संसार में इस नवोदित पार्टी ने महज पांच दिनों के भीतर एक करोड़ से अधिक फॉलोअर्स जुटाकर जो तूफान खड़ा किया, उसने देश के स्थापित और दशकों पुराने राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि डिजिटल युग में पनपी एक ऐसी मूक क्रांति है जिसने परंपरागत राजनीति के अहंकार को झकझोर कर रख दिया है। रिकॉर्ड तोड़ बेरोजगारी, महंगाई, तीव्रता से बढ़ती आर्थिक और असमानता की खाई, सार्वजनिक संसाधनों का चुनिंदा औद्योगिक घरानों के हाथों में सिमटना और नफरत का बढ़ता दायरा, जातीय हिंसा, सांप्रदायिक हिंसा आदि तमाम अव्यवस्थाओं से जब सिस्टम पूरी तरह आंखें मूंद लेता है, तब जनता का गुस्सा किसी न किसी रूप में फूटता ही है। इस बार वह गुस्सा किसी सड़क पर लाठियां खाने नहीं उतरा, बल्कि उसने सोशल मीडिया को अपना हथियार बनाया।

महज पांच दिनों में इस आभासी संगठन का सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी जैसे विशाल नेटवर्क वाले दल से भी बड़ा हो जाना इस बात का साक्ष्य है कि देश का युवा अपने असल मुद्दों पर बात करने के लिए कितना तड़प रहा था। जब इस पार्टी ने आम आदमी की अस्मिता की लड़ाई को मुख्यधारा में ला दिया और जनहित के सवालों को इतनी तेजी से उठाया कि वे ट्रेंड करने लगे, तो स्थापित सत्ता के भीतर एक गहरा डर बैठ गया। यह डर इस बात का था कि जिस युवा वोटर को वे अब तक धर्म, जाति और राष्ट्रवाद के कॉकटेल से प्रभावित करते आ रहे थे, वह अचानक अपने हकों और अपने अपमान के खिलाफ एक अदृश्य झंडे के नीचे एकजुट होने लगा है। सत्ता की इस घबराहट ने ही उस दमनकारी तंत्र को सक्रिय किया जो हर उठती हुई आवाज को कुचलने के लिए जाना जाता है।

जैसे ही इस आभासी आंदोलन की गूंज सत्ता के गलियारों तक पहुंची, वैसे ही इसे नेस्तनाबूद करने के लिए एक सुनियोजित और भारी-भरकम अभियान शुरू कर दिया गया। जब सत्ता सीधे तर्कों से नहीं लड़ पाती, तो वह बदनामी और भ्रम का सहारा लेती है। इस नवोदित पार्टी के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए सत्ताधारी दल के आईटी सेल और मुख्यधारा के गोदी मीडिया ने जी-जान लगा दी। रातों-रात इस आंदोलन को एक साजिश और डिजिटल पीआर स्टंट साबित करने की कहानियां बुनी जाने लगीं। महाराष्ट्र के रहने वाले और वर्तमान में अमेरिका में रह रहे अभिजीत दिपके नामक व्यक्ति के पुराने राजनीतिक इतिहास को खंगालकर यह प्रचारित किया गया कि यह आंदोलन स्वतःस्फूर्त नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी द्वारा प्रायोजित एक टूल है। लोकतंत्र की यह कड़वी हकीकत है कि जब भी कोई नागरिक आंदोलन खड़ा होता है, तो सत्ता उसके पीछे किसी न किसी राजनीतिक चेहरे को ढूंढकर उसकी साख पर हमला करती है। आलोचकों और डेटा विश्लेषकों के हवाले से यह नैरेटिव चलाया गया कि चूंकि पोस्ट्स पर लाइक्स की संख्या फॉलोअर्स के अनुपात में कम है, इसलिए ये नब्बे लाख फॉलोअर्स असली नहीं बल्कि पैसे देकर खरीदे गए बॉट्स या फर्जी अकाउंट्स हैं। गोदी मीडिया के कैमरों और बहसों ने इस विसंगति को देश की सबसे बड़ी सुरक्षा चुनौती की तरह पेश करना शुरू कर दिया, ताकि आम जनता के मन में इस आंदोलन के प्रति संदेह पैदा किया जा सके।

सत्ता के इस तीखे पलटवार और आईटी सेल के इस आक्रमण की असल वजह यह है कि वे इस बात को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं कि कोई आभासी शक्ति उनके स्थापित सूचना तंत्र को इतनी आसानी से पछाड़ दे। जो मीडिया महीनों तक युवाओं की बेरोजगारी और महंगाई पर मौन रहता है, वह अचानक पांच दिन की इस पार्टी को बदनाम करने के लिए घंटों के स्लॉट अलॉट करने लगा। यह इस बात का सीधा प्रमाण है कि यह नवोदित आभासी पार्टी सीधे निशाने पर लग चुकी थी। हालांकि, सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि डिजिटल युग में नागरिकों को भी अत्यधिक सतर्क रहने की आवश्यकता होती है।

जब हम व्यवस्था की मनमानियों पर सवाल उठाते हैं, तो हमें यह भी देखना होगा कि हमारी वास्तविक पीड़ा, हमारी बेरोजगारी और हमारी लाचारी का इस्तेमाल पर्दे के पीछे बैठा कोई पीआर तंत्र अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए न कर ले। सोशल मीडिया पर जो कुछ भी रातों-रात वायरल होता है, उसकी प्रामाणिकता की जांच करना एक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है। लेकिन सत्ता द्वारा इस आंदोलन को पूरी तरह खारिज करने और इसके पीछे केवल फर्जी बॉट्स का खेल बताने की थ्योरी भी गले नहीं उतरती। अगर यह सिर्फ बॉट्स का खेल होता, तो सत्ता का पूरा तंत्र, उसके बड़े नेता और पूरा मीडिया नेटवर्क इस तरह अपनी पूरी ताकत झोंककर इसे कुचलने में न लगा होता। वे डरे हुए हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कॉकरोच भले ही एक तुच्छ जीव हो, लेकिन जब वह घरों की दीवारों से निकलकर सत्ता के सिंहासनों की तरफ बढ़ने लगता है, तो वह व्यवस्था की सड़न को उजागर कर देता है। आज के इस दौर में जनता के लिए सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह अपने आत्मसम्मान के लिए लड़े, अपनी आवाज बुलंद करे, लेकिन साथ ही हर उस आभासी चेहरे के प्रति भी सचेत रहे जो उनके आक्रोश को अपना मोहरा बनाना चाहता है। चेतना, तीखे सवाल और सतर्कता का यही संतुलन ही असल में इस देश के लोकतंत्र को जिंदा रख सकता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी भाजपा हो चुकी बेशर्म: महेश द्विवेदी



**फतेहपुर।** आज जिला एवं शहर कांग्रेस ने संयुक्त रूप से एक प्रेस वार्ता कर मौजूदा भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार एवं बलात्कारियों का एक संगठित समूह करार दिया। कांग्रेस कार्यालय ज्वालागंज में प्रेस से रूबरू होते हुए जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने कहा कि बड़े आश्चर्य की बात है कि जो भाजपा सरकार अपने मंत्री विधायकों सहित भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है, उसी के मंत्री, विधायक हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग कर रहे हैं जिनका सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है। उन्होंने कहा कि पूरी भाजपा का मूल मंत्र ही भ्रष्टाचार और बलात्कार है अगर यह भ्रष्टाचार को बेनकाब करना चाहते हैं तो पहले अपने मंत्री विधायकों की संपत्ति की जांच कराएं जिसमें नब्बे प्रतिशत घोर भ्रष्टाचारी निकलेंगे साथ ही पिछले नौ सालों में लूटा गया धन सामने होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अजीत पवार को सत्तर हजार करोड़ के घोटाले में पकड़ा तो अपनी भाजपा में भर्ती कर ईमानदार बना दिया गया इसके अतिरिक्त हेमंत बिश्वा शर्मा, सुबेंदु अधिकारी आदि ऐसे तमाम उदाहरण हैं जिनको पकड़ने के बाद पैसे वसूल कर भाजपा में भर्ती किया गया जिसको जनता खुद अपनी आँखों से देख रही है। शहर अध्यक्ष आरिफगुड्डा ने कहा कि अभी दो दिन पहले ही आगरा नगर निगम ने एक प्राइवेट बिजली कंपनी टोरंटो का 430 करोड़ रुपया माफकर दिया गया एवं इसके पहले भी पूंजीपतियों के हजारों करोड़ रुपया माफकिया गया जो जनता का पैसा था, इसे भ्रष्टाचार नहीं तो क्या कहा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि मिड डे मील से लेकर सड़क, अस्पताल की दवाइयों, मनरेगा आदि में चारों तरफभ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी जांच से नहीं डरती भाजपा जिस एजेंसी से चाहे उससे अजय राय जी की संपत्ति की जांच करा ले पर शर्त यह है कि उसी एजेंसी से अपने मंत्री, विधायकों की भी जांच कराए असलियत सामने होगी। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद, पार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे, विधि प्रकोष्ठ चेयर मैन आदित्य श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

### बकरीद पर मांगी गई देश में अमन एवं भाईचारे की दुआ



**कुलपहाड़/महोबा।** नगर एवं क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान, अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर के ईदगाह में ईद-उल-अजहा की नमाज सुबह साढ़े 7 बजे पेश इमाम हाफिज हसन साहब द्वारा पढ़ाई गई, वहीं जामा मस्जिद में 8 बजे हाफिज नाजिम साहब ने अदा कराई। नमाज के दौरान पेश इमाम द्वारा देश में अमन चैन व आपसी भाईचारा बनाए रखने हेतु दुआ मांगी गई। प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस प्रशासन एवं समाजसेवियों द्वारा सभी मुस्लिम भाइयों से गले मिलकर बकरीद की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे के साथ खुशी खुशी त्यौहार मनाने की अपील की गई। नगर पंचायत द्वारा ईदगाह में पहले से ही बेहतर सफाई व्यवस्था कर लोगों को कैंप लगाकर ठंडा पेयजल की व्यवस्था की गई थी। वहीं समाजसेवियों द्वारा पंडाल लगाकर ठंडा शर्बत व मिष्ठान की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर पूर्व बार अध्यक्ष शिवराम राजपूत एडवोकेट, अजीज मंसूरी, अमित राजपूत, डॉ करीम बख्श, लेखपाल सत्येन्द्र कुमार, सन्तोष कुमार, देवेन्द्र लटौरिया आदि मौजूद रहे। इसी तरह ग्राम सुगिरा की मस्जिद में हाफिज शाहिद चिश्ती साहब द्वारा सुबह 7:30 बजे नमाज अता कराई गई। और मुल्क में अमन चैन बनाए रखने हेतु दुआ मांगी गई।

### राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण होगा: राजीव राज



**उरई (जालौन)।** नवागत अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज ने पदभार ग्रहण करने के उपरांत बताया कि शासन की मंशा एवं सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े राजस्व संबंधी मामलों में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि लोगों को न्याय पाने के लिए लंबे समय तक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने विशेष रूप से बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम, नामांतरण एवं अन्य राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की बात कही। राजीव राज ने बताया कि वर्तमान समय में राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों की संख्या अधिक है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में विभाग का प्रयास रहेगा कि लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर पुराने मामलों की समीक्षा की जाएगी तथा यह प्रयास रहेगा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित मुकदमों का निस्तारण अधिकतम दो माह के भीतर कराया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान में टेनेंसी एक्ट से संबंधित मुकदमे भी उनके अधिकार क्षेत्र में आते हैं और ऐसे मामलों को भी गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निस्तारित कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों में समयबद्ध सुनवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाया जाए। प्रयास किया जाएगा कि दो महीने के अंदर टेनेसी एक्ट के वादों का निस्तारण हो जाए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन को सरल एवं पारदर्शी प्रशासन मिले और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाएगा।

### तेज आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई स्थानों पर पेड़ व विद्युत पोल गिरे



**जगम्मनपुर (जालौन)।** शुक्रवार की देर रात आए तेज आंधी–तूफान और बारिश ने जगम्मनपुर क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। अचानक मौसम बदलने के साथ तेज हवाओं ने कई स्थानों पर पेड़ों और विद्युत पोलों को धराशायी कर दिया, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। तेज आंधी के कारण रामपुरा–जगम्मनपुर मुख्य मार्ग पर एक बड़ा पेड़ गिर गया, जिससे मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया और यात्रियों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज हवा का असर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगम्मनपुर पर भी देखने को मिला, जहां अस्पताल के मुख्य गेट पर पेड़ गिर जाने से कुछ समय के लिए प्रवेश मार्ग अवरुद्ध हो गया। वहीं सड़क किनारे रखे लकड़ी के खोखे और अस्थायी दुकानें भी तेज आंधी की चपेट में आकर सड़क पर गिर गईं, जिससे स्थानीय दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। जगम्मनपुर से हुसेपुरा जागीर और बहादुरपुर मार्ग पर भी कई स्थानों पर पेड़ एवं बिजली के पोल टूटकर गिर गए। विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने से पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिसके चलते लोगों को रातभर अंधेरे में रहना पड़ा। बिजली विभाग की टीमों ने सुबह से क्षतिग्रस्त लाइनों और पोलों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। शनिवार सुबह तक आसमान में बादल छाए रहे और मौसम विभाग के अनुसार आगे भी बारिश होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन द्वारा मार्गों पर गिरे पेड़ों को हटाने और यातायात सामान्य कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई बकरीद पर नमाज

▶ **रेडइया आबूनगर ईदगाह में सकुशल अदा हुई नमाज, जिलेभर में सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया पर्व**

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को पूरे उत्साह, श्रद्धा और भाईचारे के माहौल में शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों एवं मस्जिदों में विशेष नमाज अदा कर मुल्क में अमन, चैन और तरक्की की दुआ मांगी। प्रशासन और पुलिस विभाग की मुस्तैदी के चलते जिलेभर में त्योहार सकुशल संपन्न हुआ और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित ईदगाह रेडइया आबूनगर में बकरीद की नमाज शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। नमाज के दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे, जिन्होंने अल्लाह की बारगाह में देश, प्रदेश और समाज में शांति एवं भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम एवं सौहार्द का संदेश दिया। पर्व को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पहले से ही सतर्क नजर आया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक स्वयं ईदगाह पहुंचे तथा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुरक्षा प्रबंधों की बारीकी से समीक्षा की। ईदगाह परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए रहे, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनपदवासियों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए सभी से आपसी भाईचारा, शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाए जाने चाहिए, जिससे समाज में एकता और भाईचारा मजबूत हो। प्रशासन की सतर्कता और नागरिकों के सहयोग के चलते जिलेभर में बकरीद का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। लोगों ने भी प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए शांति और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान शहर काजी अब्दुल्ला एवं डॉ. हबीबुल इस्लाम ने सदर विधायक चंद्रप्रकाश लोधी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव, बसपा जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी, अल्पसंख्यक के पूर्व जिला अध्यक्ष अलीक कल्लू खान के पास मंच में पहुंचकर बकरीद में गले मिलकर बधाई दिया और फतेहपुर में अमन चौन के लिए दुआ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद पर्व की मुबारकबाद दिया।



### आकाशीय बिजली गिरने से चरवाहे की मौत

**कुलपहाड़/महोबा।** तहसील क्षेत्र के अजनर थाना क्षेत्र के बड़ाखेड़ा ग्राम में आकाशीय बिजली गिरने से एक चरवाहे की मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहसील कुलपहाड़ के अजनर थाना अंतर्गत ग्राम बड़ाखेड़ा निवासी जगत सिंह पुत्र तुलसीदास उम्र लगभग 50 वर्ष बीते दिन वृहस्पतिवार की शाम जंगल में अपनी भैंस चरा रहा था, तभी अचानक बादलों की गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। परिजन रात भर खोजबीन करते रहे। भैंसे तो मिल गईं, लेकिन मृतक नहीं मिल सका। दूसरे दिन दोपहर के समय किसी मृतक पड़ा देखा तो उनके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची अजनर थाना पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## 30 मई को विधानसभा अध्यक्ष करेंगे आरओ पलांट का शुभारंभ

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल फाउंडेशन के संचालक विराज शास्त्री व वरिष्ठ भाजपा नेता निभाकर शास्त्री मीडिया से रूबरू हुए और बताया कि जनसाधारण, पिछड़े, दलित, आम जन सरोकार एवं ग्राम विकास समेत मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र में पुनीत कार्य किया जा रहा है, जनता एवं जनप्रतिनिधियों की मांग एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन को आगे बढ़ाते हुए फाउंडेशन द्वारा चयनित ग्राम पंचायत एवं वार्डों में बीते दिनों विभिन्न सामाजिक गतिविधियों, जागरूकता कैंप, अभियान, गोष्ठी एवं स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाया गया है, जो कि निम्न है मोदी के मिशन स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत को आगे बढ़ाते हुए कुसुंभी ग्राम में 2000 लीटर क्षमता के आर. ओ. प्लांट की स्थापना की गई है जिसे 30 मई को उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा एवं अन्य गणमान्य जन्प्रतिनिधि गणों की उपस्थिति में लोकार्पण कर ग्राम पंचायत को सौपा जाएगा। जिससे प्लांट द्वारा ग्रामीणों को निशुल्क शुद्ध जल उपलब्ध होगा, बीते दिनों नगर के कलक्टर गंज वार्ड के गढ़ीवा, जयरामनगर, नारायणपुर, बेरुईहार, मिठनपुर, चौंधिकिया पुरवा समेत अन्य नगर वासियों को स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए लगभग 500 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई इसी क्रम में देवीगंज, ईसाइन पुरवा, झाऊपुर, विनोबा नगर, अशोक नगर, खुशवंत राय नगर, राधा नगर के लगभग 700 लोगों को स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से चिकित्सीय परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण व का निशुल्क वितरण फाउंडेशन ने करवाया सदर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र औरैई गांव में बीते 7 अप्रैल को समीपवर्ती दर्जनों ग्रामों के लगभग 1000 लोगों को विशाल स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण कर कान की मशीन, आंखों के चश्मे वितरण कर निशुल्क दवाएं प्रदान कर बीमारियों से बचने का पुनीत कार्य किया गया। फाउंडेशन द्वारा आगामी दिनों में स्वास्थ्य कैंप की श्रंखला में थरियांव ग्राम में आगामी 5 जून को विशाल स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित कर निशुल्क दवा वितरण करने की योजना को अंतिम रूप प्रदान किया जा चुका है, फाउंडेशन की मनसा है कि आगामी दिनों में सदर विधानसभा समेत पूरे जनपद में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, वृक्षारोपण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से जनहित के कार्य कर लोगों को समस्याओं से निजात दिलाने में सहयोग प्रदान किया जाए एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय की परिकल्पना साकार कर पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान जय किसान के उद्घोष को सार्थक करने में योगदान प्रदान किया जाए।

### जैतपुर में व्यक्ति की पीट पीटकर हत्या से हड़कंप

**कुलपहाड़/महोबा।** ग्राम जैतपुर के नयापुरा मोहाल निवासी पीड़ित मलखान पुत्र स्वर्गीय छिदिया ने जैतपुर पुलिस चौकी में दिए तहरीर में बताया कि 28 मई 2026 की शाम करीब 7 बजे उसके पिता छिदिया कचड़ा फेंकने गए थे। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे गांव के कुछ लोगों ने उनके पिता पर लाठी–डंडों से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पीड़ित ने अपनी तहरीर में लगभग एक दर्जन से अधिक व कुछ अज्ञात आरोपी के नाम दिए गए हैं। आरोप है कि बीच–बचाव करने पहुंची प्रार्थी की मां रूपरानी के साथ भी मारपीट की गई। घटना की जानकारी मिलने पर मलखान मौके पर पहुंचा और पुलिस को सूचना दी गई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्यवाही तथा घायल मां का मेडिकल परीक्षण कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच करने में जुट गई है। सूत्रों की मानें तो इस हत्या के पीछे जमीनी विवाद बताया जा रहा है जिसको लेकर हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

**क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड ने कहा कि यह घटना पुरानी रंजिश को लेकर की गई है इनका पूर्व में भी विवाद हुआ था और दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था उन्होंने कहा कि पंचनामा की कार्यवाही की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर आगे की कार्यवाही की जायेगी।**

## हजारों कुंतल गेहूं भीगने से किसानों में आक्रोश

▶ **किसानों ने लगाया लापरवाही का आरोप**

**असोथर, फतेहपुर।** असोथर गेहूं क्रय केंद्र में बेमौसम बारिश ने व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी। क्रय केंद्र परिसर में जलभराव होने से तौल के इंतजार में रखा किसानों का करीब हजारों कुंतल गेहूं बारिश में भीग गया। वहीं तौल के बाद रखे गए गेहूं के बोरे भी पानी और बारिश से प्रभावित हो गए, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। क्षेत्र के किसान अनिल, विमल, किशोर और प्रेमलता जायसवाल समेत कई किसानों ने आरोप लगाया कि क्रय केंद्र प्रभारी शेखर मौर्य की लापरवाही और मनमानी के चलते समय पर गेहूं की तौल नहीं की गई। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते खरीद प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो उनकी मेहनत की फसल बारिश से खराब होने से बच सकती थी। बारिश शुरू होते ही किसान अपने-अपने गेहूं को बचाने के लिए जुट गए। किसी ने तिरपाल डालकर अनाज को ढकने का प्रयास किया तो किसी ने बोरे सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की कोशिश की। इसके बावजूद बड़ी मात्रा में गेहूं भीग गया। किसानों का आरोप है कि क्रय केंद्र में न तो पर्याप्त तिरपाल की व्यवस्था थी और न ही जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था की गई थी। घटना के बाद किसानों में भारी आक्रोश देखा गया। किसानों ने प्रशासन से भीगे गेहूं का सर्वे कराकर नुकसान का आकलन कराने, उचित मुआवजा दिलाने तथा लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं एसएमआई शेखर मौर्य ने बताया कि अचानक हुई तेज बारिश के कारण गेहूं भीग गया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा गेहूं को सुरक्षित करने का प्रयास किया गया है। भीगे हुए गेहूं का आकलन कराया जा रहा है और उच्च अधिकारियों को भी मामले से अवगत करा दिया गया है। किसानों का कहना है कि हर वर्ष खरीद केंद्रों पर अव्यवस्थाओं के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सुधार के नाम पर केवल खानापूरी करते हैं।



### नमाज के बाद गले मिलकर दी बकरीद की बधाई



**पनवाड़ी,महोबा।** पनवाड़ी कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को ईद उल अजहा (बकरीद) का पर्व हर्षोल्लास और अकीदत के साथ मनाया गया। इस मुबारक मौके पर मस्जिदों और ईदगाहों में हजारों नमाजियों ने ईद की नमाज अदा कर मुल्क में अमन–चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। सुबह से ही नए परिधानों में सजे बच्चे, युवा और बुजुर्ग ईदगाहों की ओर जाते दिखाई दिए। पनवाड़ी कस्बे के बुडेरा मार्ग स्थित ईदगाह में सुबह 7:30 बजे ईद की नमाज अदा की गई। नमाज हाफिज अब्दुल कादिर साहब ने अदा कराई। उन्होंने देश की तरक्की, खुशहाली और सौहार्द बनाए रखने की दुआ कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक–दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। गंगा–जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए हिंदू समाज के लोगों तथा विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को शुभकामनाएं दीं। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रविकांत गौड़ कुलपहाड़ भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। ईदगाह और पाठकपुर बस स्टैंड के पास यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। नमाज के बाद मुस्लिम परिवारों ने सुन्नत–ए–इब्राहीमी पर अमल करते हुए अल्लाह की राह में बकरों की कुर्बानी दी। दिनभर लोगों का एक–दूसरे के घर जाकर मुबारकबाद देने का सिलसिला चलता रहा। पनवाड़ी कस्बे की पठानपुरा एवं देवगनपुरा क्षेत्रों में भी ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। पूरे क्षेत्र में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2001 जिसका अनुक्रमांक 2112364 व इंटरमीडिएट वर्ष 2005 जिसका अनुक्रमांक 0495790 तथा बीए प्रथम वर्ष 2008 जिसका अनुक्रमांक 8289010018, द्वितीय वर्ष 2009 जिसका अनुक्रमांक 9289010012, तृतीय वर्ष 2010 जिसका अनुक्रमांक 10289030011 का अंक पत्र एवं प्रमाण पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे द्वितीय प्रति की बहुत आवश्यकता है। **अखलेश कुमार पुत्र शिवराम सिंह निवासी गाम हमीर खेड़ा, पोस्ट राजेन्द्र नगर, फर्रुखाबाद।**

## आठ दिन तक नहीं पहुंचे पशु चिकित्सक, बीमार गाय ने तोड़ा दम

**जालौन (उरई)।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सुढ़ार सालाबाद में पशु चिकित्सकों की लापरवाही का मामला सामने आया है। गांव निवासी मनीष तोमर ने आरोप लगाया है कि उनकी गाय पिछले करीब 8 दिनों से गंभीर रूप से बीमार थी। गाय के इलाज के लिए उन्होंने कई बार हेल्पलाइन नंबर और संबंधित डॉक्टरों को फोन कर सूचना दी, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिलता रहा। पीड़ित मनीष तोमर का कहना है कि डॉक्टरों द्वारा लगातार 10 मिनट में आ रहा हूं, 15 मिनट में पहुंच रहा हूं और 1 घंटे में आ रहा हूं जैसे जवाब दिए जाते रहे, लेकिन कोई भी चिकित्सक मौके पर नहीं पहुंचा। समय पर उपचार न मिलने के कारण आखिरकार गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मनीष तोमर ने बताया कि उन्होंने यह गाय करीब ढाई से तीन महीने पहले लोन पर खरीदी थी। गाय की मौत से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने पशु चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय पर इलाज मिल जाता तो शायद गाय की जान बचाई जा सकती थी। गांव के लोगों में भी इस घटना को लेकर नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पशु चिकित्सकों की लापरवाही के कारण पशुपालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद-उल-अजहा का पर्व

▶ **जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ईदगाह पहुंच सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, ईद पर दी शुभकामनाएं, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम**

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



जनपद में ईद-उल-जुहा (बकरीद) का पर्व उत्साह, शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ ईदगाह पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा धर्मगुरुओं एवं आमजन से भेंट कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी गई तथा आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया गया। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में ईदगाहों, मस्जिदों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, पीएसी एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित की गई।

सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमणशील रहकर सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखते हुए नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराते रहे। नमाज उपरांत मुस्लिम धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों, बुजुर्गों, एवं विशेष रूप से बच्चों को बकरीद की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान सभी नागरिकों से शांति, सौहार्द एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई तथा जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र संख्या 2**

**ई–निविदा संख्याः उप मु०ई०–नि०–1–जीकेपी– ई पी सी–1–2026 खुलने की तिथिः 24.07.2026. (संशोधित तिथि) कार्य का नाम :–** "इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं निर्माण (ईपीसी) निविदा के माध्यम से पूर्वोत्तर रेलवे के आनंदनगर–घुघली नई सिंगल बीजी रेलवे लाइन परियोजना के अंतर्गत महराजगंज (रहित) आनंदनगर (रहित) सेक्शन (लंबाईः 25.800 किमी) में नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों को कराया जाना" के सम्बन्ध में आमंत्रित उपरोक्त निविदा हेतु शुद्धि पत्र संख्या 2 जारी कर दिया गया है। इससे समबन्धित विवरण के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं।

उप मुख्य इंजीनियर/नि०–1 गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू–134
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०ई०–नि०–सा०–जीकेपी–03–2026 दिनांकः 19.06.2026, **कार्य का नाम –** पूर्वोत्तर रेलवे के खलीलाबाद–बहराइच नई लाइन परियोजना के संबंध में, खलीलाबाद–बांसी सेक्शन में ग्लूड इंसुलेटेड रेल जॉइंट्स के मैनुअल में दिए गए निर्देशों के अनुसार, ब्रॉड गेज 60 कि०ग्रा०/52 कि०ग्रा० के लिए जी–3/एल टाइप के ग्लूड इंसुलेटेड जॉइंट्स की साइट पर ही (इन सिटू) फैब्रिकेशन और असेंबली का काम पूरा करना, जिसमें ठेकेदार के सभी मटेरियल, मटेरियल का लाना–ले जाना, ऑक्ट्रॉय आदि सब शामिल है। अनुमानित निविदा मुल्य : 2,28,43,203.32, बयाना राशि (रू०) : 4,56,900.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : –, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 (चौबीस) माह ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– दिनांक 05.06.2026 ● उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि – दिनांक 19.06.2026 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 19.06.2026 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इन्जी०/ निर्माण/सामान्य गोरखपुर
मुजाधि/डब्लू – 131
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन 31 मई 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 7

▶ **सात परीक्षा केंद्रों पर 3068 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा**

परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें गांधी महाविद्यालय उरई, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई, दयानंद वैदिक महाविद्यालय उरई, सनातन धर्म इंटर कॉलेज उरई, सर्वोदय इंटर कॉलेज उरई, आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज उरई एवं राजकीय इंटर कॉलेज उरई शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 3068 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समन्वय स्थापित कर संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी निगरानी, सीलबंद पैकेटों की सुरक्षा एवं गोपनीय सामग्री के परिवहन की व्यवस्था को पूरी तरह सुरक्षित एवं मानक अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी निरीक्षक, कर्मचारी अथवा सपोर्ट स्टाफ द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी सहित संबंधित अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## भीषण आंधी-तूफान के बीच पूरी रात सड़कों पर रहे डीएम-एसपी

▶ **जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाल प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण, दो मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में 28 मई की रात्रि आए भीषण आंधी-तूफान, तेज वर्षा एवं बिजली कड़कने की घटना के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह पूरी रात फील्ड में सक्रिय रहे। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। प्रशासन ने आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं, बेड, बिजली बैकअप एवं मानव संसाधन उपलब्ध रहें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दैनिक क्षति सूचना के अनुसार भीषण आंधी-तूफान की घटना में जनपद में दो लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। शासन की निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 23 पशुओं की क्षति, 7 व्यक्तियों के घायल होने तथा 45 मकानों के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। कुल 12.88 लाख से अधिक की राहत सहायता प्रभावित परिवारों को प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित की गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर विद्युत पोल एवं लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनका सर्वे एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से प्राप्त मौसम चेतावनियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार, मुनादी एवं जनजागरूकता के कारण संभावित क्षति को काफी हद तक कम किया जा सका है। प्रशासन की सतत निगरानी, त्वरित कार्रवाई एवं पूरी रात फील्ड में मौजूद रहकर किए गए प्रयासों के चलते जनपद में स्थिति नियंत्रण में है तथा राहत एवं पुनर्वास कार्य निरंतर जारी हैं।

# अनाथ बच्चों के अभिभावक बने चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी

## जूठीपुर गांव पहुंचकर स्मृति ईरानी ने भाजपा के दिवंगत बूथ अध्यक्ष पवन पासी को दी श्रद्धांजलि

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**



पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद अमेठी स्मृति ईरानी के निर्देश पर पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए जूठीपुर गांव के दिवंगत बूथ अध्यक्ष स्व. पवन पासी के अनाथ बच्चों की शिक्षा का जिम्मा उठाया है।

इस पहल के बाद एक बार फिर बच्चों के जीवन में उम्मीद की नई किरण जगी है। बीते 27 मई को अमेठी प्रवास के दौरान स्मृति ईरानी सीधे जूठीपुर गांव पहुंची, यहां उन्होंने भाजपा के दिवंगत बूथ अध्यक्ष पवन पासी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार से मुलाकात कर दुख साझा किया। पवन पासी की पत्नी पियारा देवी ने अपनी आर्थिक परेशानियों का जिक्र करते हुए बताया कि पति के निधन के बाद बच्चों की पढ़ाई छूट गई है और परिवार कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है। जिस पर उन्होंने चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी को बच्चों की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। दीदी स्मृति ईरानी के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी स्वयं बच्चों को लेकर श्री हनुमान इंटर कॉलेज पहुंचे। वहां कुमारी माधुरी, कुमारी, आकांक्षा और सच्चिदानंद का कक्षा नौ में प्रवेश कराया, साथ ही तीनों बच्चों की एक वर्ष की फीस भी जमा कराई। दीदी के निर्देश पर बच्चों की इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाई गई है। आगे भी जो आवश्यकता होगी, उसे पूरा किया जाएगा। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के चलते बच्चों की पढ़ाई करीब तीन वर्ष पहले ही छूट गई थी। दोबारा स्कूल में प्रवेश मिलने के बाद बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। माधुरी, आकांक्षा और सच्चिदानंद ने स्मृति ईरानी और चन्द्रप्रकाश मटियारी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें अपने अधूरे सपनों के पूरे होने की उम्मीद दिखाई दे रही है। वहीं बच्चों की मां पियारा देवी ने कहा कि उनके बच्चों के जीवन में एक बार फिर खुशियां लौट आई हैं। उन्होंने स्मृति ईरानी और चन्द्रप्रकाश मटियारी को धन्यवाद दिया।

# डीसीएम बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



> हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन पहुंचे अस्पताल

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में गुरुवार को डीसीएम और बाइक की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।जबकि बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी फतेहपुर भेजा। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।जनपद सीतापुर के थाना थानगांव क्षेत्र के ईंट गांव निवासी इमरान (22) पुत्र यूसुफ अली, गांव के ही अबरार (45) के साथ बाइक से बेलहरा स्थित रिश्तेदारी में ईद मिलने आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक बेलहरा-महमूदाबाद रोड स्थित सांवरिया पेट्रोल पंप के पास बाईपास मोड़ पर पहुंची, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम से जोरदार भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सड़क पर दूर जा गिरे।हादसे में इमरान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे अबरार घायल हो गए।दुर्घटना के बाद चालक डीसीएम समेत मौके से फरार हो गया।घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया,जहां चिकित्सकों ने इमरान को मृत घोषित कर दिया।

वहीं अबरार का प्राथमिक उपचार किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों के मुताबिक इमरान मेहनती और मिलनसार युवक था। उसकी मौत से बकरीद की खुशियां मातम में बदल गईं और गांव में शोक का माहौल है। चौकी प्रभारी अरविंद पटेल ने बताया कि हादसे के बाद चालक डीसीएम समेत फरार हो गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायत की भूमि पर बोई फसल, फिर रातों रात काटी

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के पोखरा गांव में स्थित ग्राम समाज की भूमि पर पहले तो ग्रामीणों ने फसल बोली, और फसल काटने से रोकने पर रात के अंधेरे में फसल काट ली। जिससे फसल की नीलामी नही हो सकी। लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हल्का लेखपाल ने पुलिस को बताया कि. पोखरा गाँव स्थित गाटा संख्या 3017/ 1.372 हे0 ग्राम समाज भूमि के रूप में राजस्व अभिलेखो में अंकित हैं। उक्त भूमि पर रमेश पुत्र हुभलाल, तेज वहादुर पुत्र बाबूलाल, लल्लन पुत्र कालुराम, प्रभुदेई पत्नी प्रभु, मैका उर्फ सुमिरता पत्नी बब्बन द्वारा मना करने बावजूद गेहूँ की फसल बो लिया गया था। जिस पर उन्होंने 09 मार्च को उक्त फसल को काटने से उपरोक्त लोगों को रोका गया था। तथा फसल को नीलाम किये जाने हेतु रिपार्ट विभाग को भेजी गई थीं। फिर भी 16 अप्रैल को उपरोक्त लोगो के द्वारा रात्रि में फसल काट ली गई । जिसके कारण नीलामी संभव नही हो सकी।

# डंपर-ट्रक की टक्कर से लगी आग, चालक की मौत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर कोतवाली के गढ़ी गांव में रेलवे क्रॉसिंग के निकट बृहस्पतिवार रात डंपर और ट्रक के बीच आमने सामने हुई भीषण टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस भयावह दुर्घटना में ट्रक चालक की जहां जलकर दर्दनाक मौत हो गई, वहीं क्लीनर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। डंपर के चालक व क्लीनर मौके से फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा तब हुआ जब डंपर और ट्रक आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और उनसे आग की लपटें उठने लगीं। घटना के समय ट्रक में चालक और क्लीनर मौजूद थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, क्लीनर किसी तरह आग और धुएं के बीच से निकलकर बाहर आने में कामयाब रहा, लेकिन ट्रक चालक, जिसकी पहचान थाना असंद्रा के गांव पूरे मंसूर निवासी धर्मेंद्र कुमार पाल (30) के रूप में हुई है, केबिन के अंदर ही फंस गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड को भी तुरंत बुलाया गया। स्थानीय लोगों, पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवानों ने मिलकर आग पर काबू पाने का अथक प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया, लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो चुके थे। बाद में ट्रक के केबिन से ट्रक चालक का बुरी तरह जला हुआ शव बरामद कर पुलिस ने पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

## पत्रकार को पितृ शोक, अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में गणमान्यजनो ने दी श्रद्धांजलि



**मसौली बाराबंकी।** प्रमुख हिन्दी दैनिक अख़बार के छायाकार सुरेंद्र कुमार मौर्य के 75 वर्षीय पिता केशव राम का आज निधन हो गया स्वर्गीय केशव राम मौर्य का अंतिम संस्कार उनके पैर्तक गाँव अमदहा मे किया गया ।इस दौरान भारी संख्या मे राजनैतिक दलों के नेता,पत्रकार एव सामाजिक लोग मौजूद रहें ।मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम अमदहा निवासी 75 वर्षीय केशवराम मौर्य बीते एक पखवाड़े से अस्वस्थ चल रहे थे जिन्हे इलाज के लिए मेयो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां पर केशवराम मौर्य ने शुक्रवार की भोर करीब 4 बजे अंतिम सास ली जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार दो बजे पैतृक अमदहा किया गया। स्वर्गीय केशवराम मौर्य अमदहा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान साहबसरन उर्फ गुड्डू मौर्य एव हिन्दुस्तान अख़बार के छायाकार सुरेंद्र मौर्य के पिता है ।अंतिम संस्कार मे सपा विधायक गौरव रावत रामनगर विधायक के प्रतिनिधि लल्लन वर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष रामसिंह उर्फ भुल्लन वर्मा,देवा ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव,भाजपा नेता अरुण रावत, वरिष्ठ पत्रकार रत्नेश कुमार, नूर मोहम्मद,शिवम भैया,उस्मान सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# मायके में रह रही विवाहिता की संदिग्ध मौत, बेटी के सिर से उठा मां का साया

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के मुरारपुर गांव में गुरुवार सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की मासूम बेटी के सिर से मां का साया उठ गया। मृतका की पहचान स्वाति वर्मा (23) पत्नी नरेंद्र कुमार निवासी मुरारपुर के रूप में हुई है। बताया गया कि स्वाति की शादी करीब तीन वर्ष पहले हुई थी और वह इन दिनों अपने मायके में रह रही थी। परिजनों के मुताबिक गुरुवार सुबह घर के अंदर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। पति नरेंद्र कुमार तत्काल उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अस्पताल पहुंच गए। उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने बताया कि पूछताछ में पति नरेंद्र कुमार ने जानकारी दी कि सुबह करीब चार बजे तक स्वाति पूरी तरह स्वस्थ थी। इसके बाद वह किसी काम में लग गया और थोड़ी देर बाद लौटने पर पत्नी को अचेत अवस्था में पाया। घटना के बाद पति का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजन भी गहरे सदमे में हैं। स्वाति की एक बेटी है, जो अब मां के स्नेह से वंचित हो गई है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र ने बताया कि महिला को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया था। वहीं, कोतवाल दयाशंकर द्विवेदी ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला बीमारी से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी होती रहीं।

## खबरें एक नजर में

### 11 हजार केवी लाइन का तार टूटकर गिरने से गाय की मौत

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत सरैया पसियान मजरे सरैया कनू में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गांव के बीच से गुजर रही 11 हजार केवी विद्युत लाइन का जर्जर तार अचानक टूटकर एक गर्भवती गाय पर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला। पीड़ित पशुपालक किसान सुभाष सरोज ने बिजली विभाग के जिरहा फीडर क्षेत्र में तैनात जेई एवं दिहाड़ी कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि गांव के खेतों और घरों के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइन काफी समय से जर्जर हालत में है और कई स्थानों पर जोड़कर बिजली आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा कई बार विभागीय कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### युवाओं के पढ़ाई के दबाव पर आधारित फिल्म ड्रॉप आउट हुई रिलीज

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** आज के दौर के युवाओं की आकांक्षाओं और उन पर पड़ने वाले सामाजिक व शैक्षणिक दबाव को बड़ी ही संवेदनशीलता से दर्शाती फिल्म ड्रॉप आउट जल्द ही बड़े पर्दे पर दस्तक दे दी है। यह फिल्म उन अनगिनत युवाओं की कहानी बयां करती है, जो अपने सपनों को साकार करने की जद्दोजहद में अक्सर करियर और समाज की अपेक्षाओं के बीच उलझ जाते हैं। निर्माता उमाशंकर यादव और निर्देशक ओंकार पेठकर की यह जोड़ी ड्रॉप आउट के माध्यम से समाज को एक महत्वपूर्ण संदेश देना चाहती है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय किसी व्यक्ति के भविष्य को पूरी तरह से बदल सकते हैं। फिल्म में तनुष्का शर्मा और उदय सिंह मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिनके अभिनय से दर्शकों को एक सशक्त और भावनात्मक अनुभव मिलने की उम्मीद है। फिल्म की कहानी और कलाकारों का प्रदर्शन युवाओं और उनके माता–पिता दोनों को पसंद आएगी ड्रॉप आउट सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक दर्पण है जो आधुनिक शिक्षा प्रणाली और युवा पीढ़ी के सामने आने वाली चुनौतियों को दर्शाता है। यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी कि क्या हम अपने बच्चों को उनके सपनों को पूरा करने की आजादी दे रहे हैं, या उन्हें केवल सामाजिक मानदंडों के अनुरूप ढालने का प्रयास कर रहे हैं।

### श्रद्धा भाव से मनाया गया बलिदान का पर्व बकरीद



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** ईद उल अजहा के पर्व पर ईदगाह में नमाजियों ने एक साथ नमाज अदा कर देश में अमन चैन की दुआ की ।जिसके बाद सभी ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गुरुवार को ईद के पर्व पर लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे स्थित ईदगाह पर ईद–उल–अजहा की नमाज सुबह अदा कराई गई और मुल्क में अमन चैन व भाईचारे के लिए हजारों हाथ दुआ के लिए उठे। दुआ के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राममगन रावत एवं युवा सपा नेता पप्पू सिद्दीकी ने ईदगाह में मौजूद सभी भाइयों से गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दी।

# सिलेंडर रिसाव से लगी आग, पति-पत्नी बच्चों समेत दो मासूम बच्चे झुलसे

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज से अचानक आग लग गई। हादसे में पति-पत्नी समेत दो मासूम बच्चे बुरी तरह से झुलस गए। सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।जानकारी के अनुसार कस्बे के वार्ड नंबर 4 अजीद खान मज़ार निवासी अल्लू सोनी अपनी पत्नी वीना सोनी (36) बेटी वैष्णवी (13) और ढाई साल के बेटे बालाजी के साथ छोटे से मकान में रहते हैं। मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले अल्लू किसी तरह घर का खर्च चला रहे थे। शुक्रवार सुबह उनकी पत्नी वीना सोनी रसोई में खाना बना रही थीं तभी अचानक गैस सिलेंडर के पाइप में लीकेज से आग लग गई।देखते ही देखते आग ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया।आग लगते ही घर में अफरा-तफरी मच गई।चीख-पुकार सुनकर आस पास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह चारों को बाहर निकाला।तब तक अल्लू सोनी, उनकी पत्नी वीना,बेटी वैष्णवी और मासूम बालाजी गंभीर रूप से झुलस चुके थे। सभी को निजी अस्पताल के यहां पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चारों की हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि अल्लू सोनी बेहद गरीब परिवार से है और दिहाड़ी मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की मांग की है।

# शाम होते ही शुरू हो जाता है मिट्टी खनन, जिम्मेदार मौन

> स्थानीय लोगों का आरोप, खुलेआम कोतवाली के सामने से गुजरती हैं अवैध मिट्टी खनन में लगी ट्रालियां



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में सीतापुर-लखीमपुर रोड पर शाम ढलते ही अवैध मिट्टी खनन का खेल शुरू हो जाता है। रातभर भारी संख्या में मिट्टी से भरी ट्रालियां सड़कों पर दौड़ती नजर आती हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध मिट्टी खनन में लगी ट्रालियां खुलेआम कोतवाली के सामने से गुजरती हैं, इसके बावजूद पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि अवैध खनन करने वालों के हौसले कितने बुलंद हैं। एक ओर जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर जनपद सीतापुर को उत्तर प्रदेश में प्रथम पायदान पर लाने के लिए लगातार मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मिट्टी खनन माफिया प्रशासनिक व्यवस्थाओं को चुनौती देते नजर आ रहे हैं। सूत्रों की मानें तो खनन विभाग और तहसील स्तर के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत के चलते सदर तहसील क्षेत्र में यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है।

रात के अंधेरे में नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अवैध मिट्टी खनन से सरकार को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है, साथ ही सड़कों की हालत भी खराब हो रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध मिट्टी खनन पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए।

# हत्या आरोपित वांछित अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

दहेज उत्पीड़न एवं विवाहिता की हत्या के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को डलमऊ पुलिस ने धर दबोचा पुलिस ने मृतका के देवर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इससे पहले पुलिस मृतका के पति को भी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे नान्ही मजरे करकसा में विवाहिता की मौत के पीड़ित पक्ष द्वारा थाना डलमऊ में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाते हुए बताया था कि उसकी बहन का विवाह वर्ष 2024 में कोतवाली क्षेत्र के पूरे नान्ही मजरे करकसा गांव निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र छोटेलाल के साथ हुआ था। विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर आए दिन मृतक विवाहित के साथ मारपीट की जाती थी। परिजनों के अनुसार, दिनांक 12 मई 2026 को दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों से मारपीट की थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के लिए विवाहिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन उपचार के दौरान 17 मई 2026 को उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली डलमऊ में शिकायत की थी। जिस पर डलमऊ पुलिस ने पति सहित अन्य परिजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। गुरुवार को थाना डलमऊ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मुकदमे से संबंधित आरोपी देवर शुभम पुत्र छोटेलाल को थाना क्षेत्र के करकसा तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति नरेंद्र कुमार को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। पुलिस मामले की विवेचना कर अन्य तथ्यों की जांच में जुटी हुई है। कोतवाली प्रभारी डलमऊ राघवन सिंह ने बताया कि विवाहिता की मौत के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## ईद-उल-अजहा पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल



**रायबरेली।** ईद–उल–अज़हा के पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक–प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए शहर स्थित ईदगाह पर विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया, जहां नमाज अदा करने पहुंचे लोगों के लिए ठंडे पानी एवं शरबत की व्यवस्था की गई। नमाज संपन्न होने के बाद डॉ. शर्मा ने मुस्लिम समाज के लोगों को इत्र लगाकर, गले मिलकर ईद–उल–अज़हा की मुबारकबाद पेश की। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता और आपसी भाईचारे में निहित है। ईद–उल–अज़हा त्याग, समर्पण एवं इंसानियत का पर्व है और गंगा–जमुनी तहजीब हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करते हैं तथा सभी धर्मों और समुदायों के बीच एकता का संदेश देते हैं। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## रायबरेली महायोजना-2031 एन.आई.सी. की वेबसाइट पर अपलोड

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने जानकारी देते हुए बताया कि जनसामान्य की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायबरेली महायोजना–2031 को रायबरेली एन.आई.सी. की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आमजन, संबंधित विभागों, संस्थाओं एवं हितधारकों द्वारा महायोजना का अवलोकन ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। इससे नगर के सुनियोजित विकास,आधारभूत संरचनाओं के विस्तार तथा भविष्य की विकास योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने में सुविधा होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि महायोजना–2031 जनहित एवं शहर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है।


## सूचना

मैं रमेश कुमार पुत्र दौलत राम निवासी ग्राम पूरे भगन मजरे पोखरनी पोस्ट गढ़ी थाना महराजगंज जिला रायबरेली का निवासी हूं। मै अपने पुत्र शिवा पुत्र रमेश कुमार निवासी पता उपरोक्त को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं तथा भविष्य मे इसके द्वारा किए गए समस्त कार्यों की जिम्मेदारी इसी की होगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संगीता उर्फ सुमन देवी निवासी पोखरभिटवा, कलेनिया, मछली गांव, मनकापुर, जिला गोण्डा, पिन नं.- 271302 है। मैं सशपथ बयान करती हूं कि मेरा भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा बलरामपुर में पालिसी सं. 275572249 में मेरा नाम संगीता पति उमा शंकर हो गया है जो गलत है, जबकि मेरे आधार कार्ड और बैंक में मेरा नाम संगीता देवी पति उमा शंकर है। भविष्य में मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाए।


# त्योहार को संपन्न कराने को लेकर भ्रमणशील रहे डीएम-एसपी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



ईद-उल-अजहा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईद की नमाज के अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कस्बा जायस पहुंचकर वहां के धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमामों एवं मौलानाओं से मुलाकात कर वार्ता की। इस दौरान उन्होंने सभी से आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिल-जुलकर पर्व मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से प्रशासन का सहयोग करने की भी अपील की। जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ईदगाहों एवं संवेदनशील स्थलों पर तैनात पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेटों से भी जानकारी प्राप्त की। ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र, जायस नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा सिंह सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी तथा कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## 15 लाख के बकरे-भेड़ समेत तीन लुटेरे गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस ने ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत गुरुवार दोपहर बड़ी कार्रवाई करते हुए बकरी व्यापारियों से हुई लूट की घटना का खुलासा कर तीन अंतरजनपदीय लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 66 बकरे, 2 भेड़ें, 2 लाख 4 हजार रुपये नकद, दो तमंचे, तीन कारतूस, लूटी गई महिन्द्रा पिकअप और घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद की है। बरामद जानवरों की कीमत लगभग 15 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में मुसाफिरखाना और भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मठाभुसुण्डा जंगल के पास घेराबंदी कर बदमाशों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान आशीष गोस्वामी, करन सिंह और संजय सिंह निवासी जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है, जबकि एक आरोपी विजय यादव मौके से फरार हो गया है।

# 25 हजार का इनामिया गौतस्कर गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

> गिरफ्तारी के संबंध में थाना रामगंज पुलिस कर रही कार्यवाही

जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में रामगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गैंगस्टर एक्ट थाना रामगंज में वांछित अभियुक्त गणेश यादव उर्फ मनीष यादव उर्फ मिन्टू यादव पुत्र शिवलाल यादव निवासी कैथा उर्फ टडिया खुर्द थाना अलीनगर जनपद चन्दौली को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त एक शातिर व अन्तर्जनपदीय, गोवध अधिनियम के अभियुक्तों का गैंगलीडर व 25 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त है जिसके विरुद्ध जनपद चन्दौली, जौनपुर व अमेठी में गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, हत्या का प्रयास व गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 8 अभियोग पंजीकृत हैं।

गिरफ्तारी के संबंध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एडीएम के हस्तक्षेप के बाद जनगणना कार्य शुरू

- सरकारी कर्मचारियों द्वारा आदेशों की अवहेलना करने पर होगी विभागीय कार्रवाई
- जिला जनगणना अधिकारी ने संभाली कमान



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत नगर की रेलवे कॉलोनी में रुका हुआ प्रगणना कार्य जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह के हस्तक्षेप के बाद पुनः शुरू हो गया। कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा रेलवे विभाग के माध्यम से ही जनगणना कराए जाने की बात कहकर प्रगणकों को सहयोग न देने से मंगलवार को कार्य प्रभावित हो गया था। जानकारी मिलने पर संबंधित प्रगणक ने सुपरवाइजर के माध्यम से मामले की सूचना चार्ज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार को दी।

इसके बाद रेलवे विभाग के अधिकारियों एवं स्टेशन मास्टर से अधिशासी अधिकारी ने समन्वय स्थापित कर लोगों को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन इसके बावजूद प्रगणना कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला जनगणना अधिकारी गुरुवार को सुबह स्वयं रेलवे कॉलोनी पहुंचे और वहां मौजूद लोगों को जनगणना की संवैधानिक, प्रशासनिक एवं राष्ट्रीय महत्व की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने जनगणना अधिनियम 1948 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए बताया कि जनगणना कार्य में सहयोग न करना कानूनन दंडनीय है तथा सरकारी कर्मचारियों द्वारा आदेशों की अवहेलना किए जाने पर विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है। जिला जनगणना अधिकारी देवेंद्र सिंह द्वारा लोगों को विधिक जानकारी एवं जनगणना के महत्व से अवगत कराने के बाद कॉलोनी निवासियों ने तत्काल सहयोग देना शुरू कर दिया, जिससे रुकी हुई जनगणना को फिर से गति मिल गई।

नगर पालिका प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि भारत की जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करें, ताकि सही एवं समयबद्ध आंकड़े एकत्र किए जा सकें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी जिला जनगणना अधिकारी देवेंद्र सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अधिशासी अधिकारी चार्ज अधिकारी अनिल कुमार मास्टर ट्रेनर मृदुल मिश्रा नायब तहसीलदार नमन तिवारी कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी चौकी प्रभारी सुपरवाइजर आलोक कुमार प्रगणक कल्पेंद्र जनार्दन मिश्रा मौजूद रहे।

# रिश्वत के 60 हजार रुपयों के साथ सब रजिस्ट्रार गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



विजिलेंस टीम ने सदर तहसील के उपनिबंधक कार्यालय में सब रजिस्ट्रार को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। सब रजिस्ट्रार ने जमीन के बैनामे के लिए 60 हजार रुपए की रिश्वत ली थी। बताते चलें किए सब रजिस्ट्रार अश्वनी कुमार वर्मा ने कन्नौज के छिप्पटी मोहल्ला निवासी प्रवीण कुमार से 14 डिसमिल जमीन के बैनामे के लिए डेढ़ लाख रुपए की मांग की थीं। प्रवीण ने जब असमर्थता जताई तो मामला 60 हजार रुपए में तय हो गया। शुक्रवार को जमीन का बैनामा कराने के लिए प्रवीन तहसील स्थित उपनिबंधक कार्यालय पहुंचे। यहां बैनामे से पहले एक बार फिर तय हुई साठ हजार रुपए की रकम सब रजिस्ट्रार द्वारा प्रवीण से मांगी गई। इस पर प्रवीण ने नकदी सब रजिस्ट्रार के निजी कर्मी बलही निवासी जितेंद्र कुशवाहा को दे दी। जिसके बाद निजी कर्मी द्वारा ली गई रकम को सब रजिस्ट्रार को दे दिया गया। इसी बीच विजिलेंस टीम ने छापेमारी के दौरान सब रजिस्ट्रार को ली गई रिश्वत की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी के बाद तहसील मुख्यालय पर हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गई। सब रजिस्ट्रार को गिरफ्तार करने के बाद विजिलेंस टीम कोतवाली पहुंची। यहां सब रजिस्ट्रार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के बाद टीम के लोग सब रजिस्ट्रार को लेकर अपने साथ चले गए। मामले में विजिलेंस टीम के डिप्टी एसपी सुजीत कुमार ने बताया किए जमीन की रजिस्ट्री के एवज में रिश्वत के 60 हजार रुपए के साथ सब रजिस्ट्रार को पकड़ा गया है। उन्होंने बताया किए सब रजिस्ट्रार अपने निजी कर्मी के माध्यम से रिश्वतखोरी की रकम लेता था।

# तालग्राम रोड पर नई स्ट्रीट लाइटों का किया शुभारंभ



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने नगर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए तालग्राम तिराहे से बहवलपुर तक नई स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रत्येक पोल पर तिरंगा स्ट्रिप लाइट भी लगवाई गई है, जिससे पूरा मार्ग देशभक्ति की भावना से आलोकित हो उठा है। इन लाइटों के लगने से रात्रि में आमजन को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी, रास्ता स्पष्ट दिखाई देगा तथा दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा। पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा आप सभी के सहयोग और विश्वास से नगर को सुंदर, सुरक्षित एवं आधुनिक बनाने का कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर सभासद हिमांक त्रिपाठी, सभासद अमित शाक्य एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर मामले में पूर्व सपा नेता और उनके भाई को आठ और सह आरोपी को 6 साल की सजा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



- नाबालिक रेप केस के आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट के तहत सुनाई गई सजा
- पुरुष आरोपियों पर दस-दस लाख रूपये, व महिला सह आरोपी पर लगा 5 लाख का जुर्माना

जनपद के चर्चित नाबालिक रेप कांड में आरोपी पूर्व सपा नेता, उनके भाई और महिला सह आरोपी को गैंगस्टर मामले में न्यायालय ने सजा सुनाये जाने के साथ ही लाखों रुपए का जुर्माना भी लगाया है। मामला 2 साल पूर्व 11/12 अगस्त 2024 की रात कन्नौज के एक डिग्री कॉलेज जो पूर्व सपा नेता/ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव का है, यहां एक नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया था। जिसमें नबाब सिंह को आरोपी होने के कारण पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। इसके बाद सह आरोपी पूजा तोमर को 21 अगस्त 2024 को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में नबाब के भाई नीलू यादव पर घटना के साक्ष्य छिपाने और मुख्य आरोपी नबाब की मदद करने का आरोप था, जिसके कारण पुलिस ने नीलू को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और 27 सितम्बर 2024 को सभी पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही हुई थी। मामले में नवंबर 2024 को सह आरोपी पूजा जमानत मिलने के उपरांत फरार हो गई थीं और एक साध्वी के भेष में रहती थी। जिसे सहारनपुर से गिरफ्तार किया था। जिसे न्यायालय में पेशी कराने के बाद उसे जेल भेज दिया गया था जो कन्नौज की अनौगी जेल में बन्द हैं। इधर शुक्रवार की सुनवाई में गैंगस्टर न्यायालय ने तीनों आरोपियों दोषी करार देते हुए अर्थ दंड से भी दंडित किया है। सरकारी अधिवक्ता बृजेश शुक्ला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार नबाब और नीलू को 8/8 साल की सजा के अलावा दस-दस लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है ,वहीं पूजा तोमर को 6 साल की सजा सुनाए जाने के साथ ही 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

अधिवक्ता के मुताबिक, तत्कालीन कन्नौज कोतवाली प्रभारी कपिल दूबे ने साल 2024 में दर्ज मामलों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, जमीन पर कब्जा, मारपीट और अन्य अपराधों का चार्ट तैयार कर जिलाधिकारी को कार्यवाही हेतु भेजा था। डीएम की मंजूरी के बाद तीनों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई थी।

# शांति के लिए भगवान बुद्ध के बताए पंचशील का करें पालन

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



दीनपुर बौद्ध कमेटी द्वारा आयोजित बुद्ध कथा के सातवें दिन सरस बौद्ध कथा वाचिका ने कहा कि आज दुनिया में वही देश युद्ध कर रहे हैं जिन्हें भगवान बुद्ध के बताए हुए मार्ग का ज्ञान नहीं है या वे पंचशीलों का पालन नहीं करते हैं। बुद्ध कमेटी के आमंत्रण पर पहुंचे वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि, हुकुम सिंह प्रधान, शिवम शाक्य ,राम लखन, अनिल, अंशुल आदि ने बुद्ध कथा वाचिका, भंतेगण एवं संपूर्ण बौद्ध कमेटी का पंचशील पट्टिका, फूल मालाओं एवं भगवान बुद्ध का चित्र देकर सम्मानित किया भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए हरिगोविंद शाक्य हरि ने कहा कि भगवान बुद्ध ने करुणा,मैत्री,प्रज्ञा, शील और प्रेम से हिंसक अंगुलिमाल को भी अहिंसक बना दिया आज हमें अपने को बदलने की आवश्यकता है। यदि हम अपने को बदल सके तो सारा संसार स्वयं बदल जाएगा। हमें बातें नहीं, भाषण नहीं, केवल जमीनी कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने अपने मुक्तकों के माध्यम से भी लोगों को प्रेरित कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया बुद्ध कमेटी दीनपुर ने भी हरिगोविंद शाक्य हरि ,प्रधान हुकुम सिंह शाक्य सहित सभी लोगों का यथायोग्य सम्मान किया।

## खबरें एक नजर में

### मौलाना मसूद अहमद के इंतकाल से नगर में शोक लहर



मौलाना मसूद अहमद की फाइल फोटो

**समधन, समृद्धि न्यूज।** मदरसा के बच्चों को तालीम देने वाले मौलाना मसूद अहमद का इंतकाल हो जाने से समधन नगर सहित आसपास इलाकों में मुस्लिम लोगों में शोक की लहर दौड़ गई और मौलाना से तालीम हासिल करने वाले लोगों को खबर मिलते ही उनकी आंखें नम हों गई। आपको बता दें कि जनपद हरदोई के कन्धरी गांव लालपुर निवासी मौलाना मसूद अहमद जिनकी उम्र 76 थी यह समधन नगर के मोहल्ला सौरखी तरफ मदरसा रफीकुल उलूम में लगातार लगभग 54 वर्ष से मदरसा में पढ़ने वाले बच्चों को तालीम दे रहे थे इन्होंने बिना किसी भेदभाव से हमेशा बच्चों को तालीम दी है इनका मकसद था कि जब बच्चे तालीम हासिल कर अपने सीने में कुरान को उतार कर हाफिज/ मौलाना बनेंगे इनकी बुनियाद से आगे भी दीन का काम बढ़ता रहेगा इन्होंने बड़ी संख्या में बच्चों को तालीम देकर मौलाना हाफिज तैय्यार किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार आज़ सुबह 9 :30 बजें इनकी नमाजे जनाजा (कन्हरी) गांव लालपुर में होगी।

### आंधी-तूफान से गिरे पेड़, बिजली व्यवस्था चरमराई



**समधन, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी के चलते बीता गुरुवार रात मौसम ने ली करवट बारिश के साथ आंधी तूफान ने मचाही तबाही बड़े-बड़े विशाल पेड़ पौधे उखड़ गए और जगह-जगह टीन सेट उड़ गए , कई जगह बिजली के पोल भी उखड़ गए जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई समधन नगर की बिजली गुल रहने से लोगों का गर्मी में हाल बेहाल हो गया गुरसहायगंज, फर्रूखाबाद मेन सड़क पर समधन से मलिकपुर तक सड़क किनारे बड़े बड़े कई पेड़ उखड़ गए जिससे पूरे दिन वाहनों का याता यात प्रभावित रहा लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा वन विभाग के किसी भी अधिकारी व कर्मचारी ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया पूरे दिन सड़क पर पेड़ पढ़ें रहे। उधर आंधी तूफान से बिजली के कई खम्भे गिर गये जिससे समधन नगर की बिजली गुल रही शुक्रवार दोपहर बाद तक बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से बहाल की गई।

### नाले में गिरकर युवक की गई जान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खरौली में तालाब के नाले में गिरने से मानसिक रूप से दिव्यांग युवक की दर्दनाक मौत हो गई। गुरुवार सुबह गांव के बाहर नाले में युवक का शव पड़े मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम खरौली निवासी ओवेंद्र कठेरिया (27) पुत्र शेर सिंह बुधवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर बने तालाब के नाले में एक युवक का शव मुंह के बल पड़ा देखा। पास जाकर पहचान करने पर शव ओवेंद्र का निकला। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही विशुनगढ़ थानाध्यक्ष भागमल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि ओवेंद्र मानसिक रूप से कमजोर था और उसे मिर्गी के दौरे भी पड़ते थे। आशंका जताई जा रही है कि वह नित्यक्रिया के लिए पानी भरने गया था, तभी पैर फिसलने से नाले में गिर पड़ा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसके पिता शेर सिंह खेती कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# भाजपा कार्यशाला में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर मंथन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



- राज्यमंत्री कैलाश राजपूत, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक समेत कई नेता रहे मौजूद
- कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय कन्नौज में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने का काम किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कैलाश राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में देश के हर वर्ग का समग्र विकास हुआ है और शासन व्यवस्था में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष ऐतिहासिक निर्णयों और विकास कार्यों के लिए याद किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रत्येक घर एवं जरूरतमंद तक पहुंचाने का कार्य करें, जिससे संगठन और अधिक मजबूत हो सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कन्नौज जिले का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल ने संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यशाला में ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, जिला महामंत्री रामसेवक कथेरिया, शैलेन्द्र दुबे, श्यामू राजपूत, शरद मिश्रा, अभिमन्यु ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, अशोक सिंह, प्रमोद राजपूत, कुलदीप सिंह दोहरे, मुनीश मिश्रा, श्याम दुबे, शिवेंद्र कुमार, मिथिलेश बाथम, राजन पंडित सहित जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में बिजली बचत को लेकर विभाग ने जारी की अपील



- ट्रांसफार्मरों और बिजली उपकरणों को ओवरलोडिंग से बचाने के लिए नागरिकों का सहयोग जरूरी एसडीओ पावर हाउस

**गुरसहायगंज कन्नौज।** भीषण गर्मी के चलते बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। ऐसे में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए बिजली की बचत करने और भारी उपकरणों का सीमित उपयोग करने का अनुरोध किया है। एसडीओ पावर हाउस पंकज चौधरी विभाग द्वारा जारी संदेश में कहा गया है कि ट्रांसफार्मरों और बिजली उपकरणों को ओवरलोडिंग से बचाने के लिए नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है, ताकि बिना कटौती के लगातार बिजली आपूर्ति बनाए रखी जा सके। विभाग ने विशेष रूप से शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक के पीक आवर्स में वॉटर पंप, वॉशिंग मशीन, हीटर और अन्य भारी बिजली उपकरणों के उपयोग से बचने की सलाह दी है। साथ ही उपभोक्ताओं से कहा गया है कि यदि घर में एक से अधिक एसी लगे हैं तो आवश्यकता अनुसार ही उनका उपयोग करें तथा एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखें। इससे बिजली की खपत कम होगी और ट्रांसफार्मर सुरक्षित रहेंगे। बिजली विभाग ने यह भी कहा कि लोगों का छोटा सा प्रयास पूरे क्षेत्र को बिजली संकट से बचा सकता है। विभाग ने नागरिकों से अनावश्यक रूप से चल रहे बिजली उपकरण बंद करने और ऊर्जा संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है, जिससे निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनी रहे।

# मृत लाइनमैन के परिजनों से मिले पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



विगत दिनों बिजली विभाग की कथित लापरवाही के चलते 11 हजार वोल्ट करंट की चपेट में आने से लाइनमैन शर्मू कठेरिया उर्फ़ शिवसागर की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इस घटना को लेकर क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है। इसी क्रम में पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह पूरी तरह परिवार के साथ खड़े हैं तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। पूर्व विधायक ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि मृतक के परिवार को 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएए ताकि परिवार को भविष्य में सहारा मिल सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने की भी मांग की। इस दौरान क्षेत्र प्रधानाचार्य अंकित यादव ग्रामीण हीरालाल दोहरे मनोज बाथम गुलशन नन्हें सिंह पिंटू कठेरिया अर्पित शुक्ला सीटू कटियार उमेश पाल विकास गुप्ता मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गीतापुरम कॉलोनी स्थित राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) कैंप कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी स्मृति को नमन किया गया। इस अवसर पर आरएलडी जिलाध्यक्ष अतुल शर्मा एडवोकेट ने कहा चाहे भूमि सुधार की बात हो या किसान कल्याण की, हर मोर्चे पर चौधरी चरण सिंह जी की अहम भूमिका रही। उन्होंने जमींदारी प्रथा उखाड़ फेंकी और ग्रामीण भारत को मजबूत आधार दिया। आज भी उनकी नीतियां प्रासंगिक हैं। हमारी पार्टी उनके सिद्धांतों पर चलते हुए किसानों की आवाज बनेगी। विनोद दूबे ने कहा चौधरी साहब किसानों के मसीहा थे। उनकी लोक कल्याणकारी नीतियों ने न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे देश के ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी।

# सरकारी कुर्सी पर बैठकर गुटखा खाते दिखे सीएमएस



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी की कार्यशैली पर उठे सवाल
- गलत है, समाज में जाता है गलत संदेश सीएमएस

जिला अस्पताल के नवनियुक्त सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार चर्चा उनकी कार्यशैली को लेकर नहीं, बल्कि सरकारी कार्यालय में बैठकर गुटखा खाने को लेकर हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में जिला अस्पताल के सीएमएस अपनी सरकारी कुर्सी पर बैठे हुए गुटखा खाते नजर आ रहे हैं।

सबसे अहम बात यह है कि डॉ. अशोक प्रियदर्शी स्वयं एक सर्जन हैं और स्वास्थ्य विभाग में जिम्मेदार पद पर तैनात हैं।

इसके बावजूद उनका कार्यालय में गुटखा खाना लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। जबकि सरकारी कार्यालयों और विशेष रूप से स्वास्थ्य संस्थानों में तंबाकू उत्पादों के सेवन पर सख्त प्रतिबंध लागू है। मामले को लेकर जब सीएमएस डॉ. अशोक प्रियदर्शी से बात की गई तो उन्होंने माना कि इस तरह गुटखा खाना गलत है और इससे समाज में गलत संदेश जाता है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गुटखा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण बनता है। वीडियो वायरल होने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि जब स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ही नियमों की अनदेखी करेंगे तो आम जनता को तंबाकू और गुटखा छोड़ने के लिए कैसे जागरूक किया जाएगा।

फिलहाल मामला सोशल मीडिया और जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# महिला हत्याकांड के आरोपी का पुलिस ने किया हाफ इनकाउंटर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



मोहल्ला बनवारी नगर में हुई महिला हत्या की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण कर दिया। कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में महिला की हत्या कर गहने लूटने वाले आरोपी शालू उर्फ शल्लू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

मालूम हो कि सोमवार को राजीव वर्मा ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह अपने पुत्र के साथ दुकान से घर लौटे तो उनकी पत्नी मंजू वर्मा कमरे में मृत अवस्था में पड़ी थीं। उनके चेहरे पर चोट के निशान थे तथा गहने गायब थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बुधवार को मुखबिर की सूचना पर फर्रुखाबाद रोड स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास आरोपी की घेराबंदी की गई। इस दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 6 अंगूठियां, झुमकी, टॉप्स, जंजीर, मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। घायल आरोपी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### कर्ज चुकाने के लिए दिया घटना को अंजाम

छिबरामऊ। पूछताछ में आरोपी शालू उर्फ शल्लू ने बताया कि वह पहले 3 साल तक राजीव वर्मा की कार चला चुका था और घर की पूरी जानकारी रखता था। कौन कब दुकान पर जाता है और कौन कब घर में वापस लौटता है। आरोपी ने बताया कि लगभग 5 से 6 लाख रुपए के कर्ज में डूबे होने के कारण उसने मंजू वर्मा से 30 हजार रुपये मांगे। मना करने पर उनके चेहरे पर मुक्का मार दिया जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी फिर उसकी हत्या कर गहने तथा मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम

छिबरामऊ। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे, सर्विलांस, एसओजी प्रभारी निरीक्षक त्रदीप सिंह उपनिरीक्षक रावेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक मनुज चौधरी, सर्विलांस टीम से हेडकांस्टेबल अजय, शिवराज, कांस्टेबल शुभम कुमार, अभिषेक तोमर, मनीचन्द्र, हाकिम, विपिन कुमार, दुष्यन्त शर्मा, गौरव एसओजी टीम से गौरव, यगन व नितुल शामिल रहे।

# तेजी से चल रहा नगर में प्रथम चरण का सूचीकरण कार्य

- अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर में हो रहे जनगणना कार्य ने कन्नौज को दिलाया आठवां स्थान



**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में चल रही भारत की जनगणना कार्यक्रम के चलते प्रथम चरण के मकान सूचिकारण और भवन गणना का कार्य तेजी से चल रहा है।

यह जानकारी सुपरवाइजर पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने दी उन्होंने आगे बताया कि प्रगणक और सुपरवाइजर अपने सभी वार्डों में घूम घूम कर प्रगणक अपने प्रदत्त कार्यों का सम्यक निर्वहन कर रहे हैं साथ ही सुपरवाइजर उनके कार्य का विश्लेषण और पर्यवेक्षण कर ऑनलाइन अग्रसारित कर रहें हैं कई सुपरवाइजर की सारी एच एल बी पूर्ण हो चुकी हैं वहीं कुछ एक पर्यवेक्षकों की आगामी दो या तीन दिनों में पूर्ण हों जाएंगी। नगर के ई.ओ. अनिल कुमार( चार्ज अधिकारी ) के कुशल नेतृत्व में सभी सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के कार्यों की नियमित समीक्षा और ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रदेश में कन्नौज को आठवां तथा जिले में नगरपालिका गुरसहायगंज का कार्य सबसे आगे है। यह गौरव की बात है अधिशासी अधिकारी के नेतृत्व में नगर में हो रहे जनगणना कार्य ने कन्नौज को आठवां स्थान दिलाया है यह नगर के लिए सौभाग्य की बात है इस मौके पर प्रगणक रितु गुप्ता के अलावा नगर के बार्ड निवासी मौजूद रहे।

### नमाज के बाद गले मिलकर दी ईद उल अजहा की बधाई

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ईदगाह परिसर सहित नगर की कई मस्जिदों में भी हजारों अकीदतमंद लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा करके अल्लाह के आगे हाथ उठाकर देश व नगर में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ की और फिर जानवरों की कुर्बानी दी गई। गुरुवार की सुबह से ही त्यौहार को लेकर मुस्लिम बहुल मोहल्लों में खुशियों का नजारा दिखाई देने लगा था। फर्रूखाबाद रोड स्थित ईदगाह में सुबह 7 बजे पेश इमाम मौलाना सैयद फुरकान ने ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई। ईदगाह के अलावा 7 :15 बजे तक मोहल्ला विरतिया स्थित एक मीनारा मस्जिद में मौलाना जियाउल हक ने और नगर की जामा मस्जिद में 7 :30 पर तथा जिमी मिया वाली मस्जिद में 8 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा कराई गई। नमाज के दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी सहित ईदगाह रोड से लेकर चारों दिशाओं में पुलिस बल तैनात रहा।

# सिखलाई रेजीमेंट के 1497 अग्निवीर बने भारतीय सेना का हिस्सा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- 24 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण किया पूरा
- आधुनिक हथियारों एवं उपकरणों के उपयोग तथा प्रशिक्षण गतिविधियों की भी दी गई जानकारी

सिखलाई रेजीमेंट सेंटर के ऐतिहासिक चर्ची परेड ग्राउंड पर शुक्रवार को आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड में 1497 अग्निवीर भारतीय सेना का अभिन्न अंग बन गए। 24 सप्ताह का कठिन सैन्य प्रशिक्षण पूरा करने के बाद अग्निवीरों ने अनुशासन, उत्साह और जोश के साथ शानदार मार्च पास्ट कर सभी का मन मोह लिया।

वे रंगरूट नहीं, बल्कि 24 सप्ताह के अथक प्रशिक्षण, बलिदान, अनुशासन और अटूट दृढ़ संकल्प से परिपूर्ण योद्धा थे। उनका हर कदम अनुशासन, साहस और एक नए भारत की भावना को दर्शाता था, जो राष्ट्र की सेवा के लिए गौरवान्वित होने को तैयार था। सिख लाइट इन्फैंट्री रेजिमेंट प्रशिक्षण केंद्र के कमांडेंट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने परेड का निरीक्षण किया। पासिंग आउट परेड महज एक समारोह नहीं थी, बल्कि यह दृढ़ संकल्प और अटूट साहस से परिपूर्ण योद्धाओं की एक नई पीढ़ी के उदय का प्रतीक थी। परेड का नेतृत्व अग्निवीर अर्धदीप सिंह ने किया। सिखलाई रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ने सैन्य वेशभूषा में सुसज्जित अग्निवीरों से सलामी ली और परेड की समीक्षा की। इस दौरान गगन दमामा बाजियो की मधुर धुन पर अग्निवीरों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। कमांडेंट ने अपने संबोधन में सिखलाई रेजीमेंट के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अग्निवीरों से मातृभूमि की सेवा और रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेना देश की आन, बान और शान है तथा सैनिकों का आचरण, अनुशासन और योग्यता समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होना चाहिए। साथ ही युवाओं को आधुनिक तकनीकी विकास के प्रति सजग और जागरूक रहने की भी सलाह दी।


परेड में मौजूद अग्निवीर


सलामी लेते कमांडेंट ब्रिगेडियर


प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूट

प्रशिक्षण के दौरान ड्रिल, शारीरिक प्रशिक्षण, फायरिंग और समय अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन अग्निवीरों को सेंटर कमांडेंट द्वारा पदक देकर सम्मानित किया गया। पासिंग आउट परेड के अवसर पर सिख लाईट इन्फेंट्री रेजीमेंट ट्रेनिंग सेंटर में विभिन्न राज्यों से आए अग्निवीरों के अभिभावक, एनसीसी कैडेट्स तथा स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे। इस दौरान अभिभावकों को अग्निवीरों की दैनिक दिनचर्या, आधुनिक हथियारों एवं उपकरणों के उपयोग तथा प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी भी दी गई।

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर सुबोध शुक्ला से 48 लाख ठगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के नाम पर युवक के साथ 48 लाख की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने घटना के संबंध में मुकदा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार थाना कादरी गेट के आवास विकास कॉलोनी निवासी सुबोध शुक्ला पुत्र अशोक कुमार शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 26 मार्च में सोशल मीडिया चला रहा था, तभी स्नेहा मितल नाम से एक रिक्वेस्ट आयी। उसके बाद उसका मैसेज आया वह मुझे मैसेज के जरिये, लगातार बात करती रही और एक दिन उसने बताया कि मैं अपने साथी के साय क्रिप्टो करेन्सी में ट्रेड करती हूँ। जिसमें इन्वेस्टमेन्ट करने से अधिक पैसा व नाम प्रास होता है। उसके बाद उसने मुझे एक बेवसाइट का लिंक दिया। जिस पर मैंने विजिट किया तो यूहां लागिन करने के लिए आया, मैंने उसके रेफरल लिंक से लागिन किया तो उसके कहने पर मैंने शुरुआतं में 10 हजार रूपयों की क्रिफ्टो करेंसी खरीदी। उसके बाद उसने मुझे 5000 का लाभ दिखाकर 15000 रुपये वापस मेरे बैंक खाता में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद स्नेहा ने अपने मेन्टोर जिसका नाम नितीश कुमार बताया। नितीश कुमार से मेरी बात हुई तो उसने मुझे एक व्हाटसएप ग्रुप था उसमें 05 मेम्बर थे, उसी ग्रुप में नितीश कुमार ट्रेड करवाता था। और ग्रुप मेम्बरर्स दीपक हुड्डा, गौरव मल्होत्रा, स्नेहा व नितीश है। जिन्होनें मुझसे बारी-बारी से बात की। क्रिफ्टो करेन्सी में इन्वेस्टमेन्ट के नाम पर कई बार में मुझे अधिक लाभ का प्रलोभन देकर मुझसे 48,40,105 रुपये अलग-अलग बैंक खातों ट्रांसफर करवा लिये। जिसके बाद मैर्ने उपरोक्त वेवसाइट को खोला तो उस पर लगभग 1,67,00,000 रुपये प्रदर्शित हो रहे थे। जिसको मैंने अपने बैंक अकाउंट मैं ट्रांसफर करने की कोशिश की तो ट्रांजैक्शन रिजेक्ट हो गया। इसके बारे मैं उपरोक्त व्यक्तियों से बात करने की कोशिश की तो किसी ने मुझसे बात नहीं की तथा अपने मोबाइल नंबरों को बंद कर लिये। तब मुझे पता चला कि इन्वेस्टमेन्ट के नाम पर मेरे साथ साइबर ठगी हो गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा


बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड कार्यालय पर शुक्रवार को विकास खण्ड अधिकारी अमरेश चौहान की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में बाल विकास पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा, बेसिक शिक्षा, कृषि, पचायतीराज, पशु चिकित्सा, आजीविका मिशन आदि सभी विभागों के सभी इंडिकेटर्स पर विस्तृत समीक्षा कर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सभी इंडिकेटर की प्रगति के लिए निर्देशित किया गया। सीएम फेलो द्वारा बैठक मे अवगत कराया गया कि कुछ टीकाकरण सत्र पर शुगर स्ट्रिप न होने के कारण गर्भवती महिलाओ की शुगर की जाँच नहीं हो पा रही है एवं फरीदपुर आंगनवाड़ी केंद्र पर बजन और लम्बाई मशीन उपलब्ध नहीं है। इस पर खण्ड विकास अधिकारी अमरेश चौहान के द्वारा सम्बंधित विभाग को लॉजिस्टिक्स सपोर्ट के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में चिकित्सा विभाग से डॉ0 गौरव राजपूत, पशु चिकित्सा से डॉ0 भूपेंद्र वर्मा, सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, एडीओ ग्राम विकास सुखदेश सिंह, किशन पाल, एडीओ पंचायत गिरीश चंद, इंदल बाबू उपस्थित रहे।

## आबकारी अधिकारी ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

शुक्रवार को जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता द्वारा आबकारी विभाग की टीम के साथ जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान आवास विकास, भोलेपुर तथा कम्पोजिट शॉप आवास विकास, भोलेपुर की सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, पीओएस मशीन के माध्यम से की जा रही बिक्री, बारकोड स्कैनिंग व्यवस्था तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण किया गया। संबंधित अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि समस्त अभिलेख अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करें। जांच के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा का भौतिक सत्यापन कर अभिलेखों से मिलान किया गया। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। जिला आबकारी अधिकारी द्वारा क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने तथा अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश भी दिए गए। जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


जांच करते आबकारी अधिकारी

## खबरें एक नजर में

### फूड प्वाइजनिंग से एक परिवार के सात लोग बीमार


अस्पताल में भर्ती लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के सात लोग बीमार हो गये। जिन्हें परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां उन सभी का उपचार चल रहा। तहसील क्षेत्र के गाँव हमीरपुर काजी निवासी शकुन्तला उम्र 40 वर्षीय पत्नी प्रवेश चन्द व उनके बच्चे कनिश्का उम्र 14 वर्ष, अन्जली उम्र 10 वर्ष, डोली उम्र 16 वर्ष, गंगोत्री उम्र 20 वर्ष पुत्रीगण प्रवेश चन्द्र, दिव्या उम्र 10 वर्ष व अन्नू उम्र 12 पुत्री मनोज कुमार ने अपने पुत्रियों व परिजनों के साथ घर में बनी अरहर की दाल और रोटी खाकर सो गये। सुबह होने पर पूरे परिवार की हालत खराब होने पर उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। परिजन बताते है कि रात में खाना खाने के बाद सो गये सुबह होने पर एक एक करके सभी की हालत बिगड़ने लगी। उल्टी दस्त के साथ बिगड़ रही हालत को देखते हुए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती हुए है। डाक्टर ने बताया कि सभी की हालत खतरे से बाहर है।

### रेलवे विभाग की अनदेखी पर भड़के किसान नेता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन स्वराज के जिलाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने रेल विभाग पर किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि रेल विभाग को दो बार ज्ञापन दिया जा चुका है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अब केवल ज्ञापन देकर काम नहीं चलेगा। यदि जल्द किसानों की मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन स्वराज द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा तथा विरोध स्वरूप रेलमंत्री का पुतला भी फूंका का जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन ने प्रशासन और रेल विभाग से जल्द समाधान निकालने की मांग की है अन्यथा आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी शासन और रेल विभाग की होगी।

### सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज में अग्निसुरक्षा के संबंध में किया गया जागरुक


अस्पताल स्टाफ को जागरूक करते अग्निशमन अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य अग्निशमन अधिकारी फतेहगढ़ के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन केंद्र प्राँशु अवस्थी द्वारा सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज में उपस्थित चिकित्सा अधीक्षक, डॉक्टर, हॉस्पिटल स्टाफ उपस्थित जनसमूह को अग्निसुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। प्रशिक्षण के दौरान आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित निकासी की जानकारी दी गई। साथ ही कर्मचारियों को जागरूक करने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया गया।

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में नलकूप विभाग के बाबू की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सड़क हादसे में नलकूप विभाग के बाबू देव उर्फ दुष्यंत की मौत हो गई। यह दुर्घटना फतनपुर गांव के पास उस समय हुई जब वह अचरा से घर लौट रहे थे। हादसे में दुष्यंत के दो साथी चंदन और अमित भी घायल हो गए। जिनमें चंदन की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अमित को मामूली चोटें आई हैं। मृतक देव उर्फ दुष्यंत नलकूप विभाग में बाबू के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने अपने दिवंगत पिता जयराम गिरी के स्थान पर यह नौकरी प्राप्त की थी। देव की शादी छह वर्ष पूर्व अलीगढ़ के कायते गांव निवासी नीलम से हुई थी। गुरुवार को उनकी चार वर्षीय बेटी वर्तिका का जन्मदिन था, उसी दिन पिता का साया उसके सिर से उठ गया। परिवार में उनकी माता कुंतेश, भाई प्रदीप, कुलदीप, दीपक और गोविंद भी हैं।


रोते बिलखते मृतक के परिजन

जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर के मोहल्ला बरतल निवासी चंदन अपने साथी दुष्यंत और अमित के साथ मेरापुर क्षेत्र से लौट रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जब वे फतनपुर गांव के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही एक अन्य बाइक ने अचानक मोड़ ले लिया। इस अप्रत्याशित घटनाक्रम से चंदन अपनी बाइक को नियंत्रित नहीं कर सके और दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक कई फीट दूर सड़क पर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। घायल युवकों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए परिजनों ने उन्हें फर्रुखाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां सुधार न होने पर दोनों घायलों को आगरा ले जाया गया। मृतक के भाई कुलदीप की सूचना पर उपनिरीक्षक रामसिंह ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## पैसों के लेनदेन को लेकर दबंगों ने युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

पैसों के लेनदेन को लेकर पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने युवक लाठी-डंडों व सरियों से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम रतनपुर पमारान निवासी संजय पुत्र रामपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि करीब दो माह पूर्व उसका अमैयापुर पश्चिमी निवासी बहोरन पुत्र ओमकार से पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया था। इसी रंजिश को लेकर 28 मई की सुबह लगभग 8 बजे जब वह रतनपुर बाजार जा रहा था, तभी बाजार से पहले पुलिया के पास आरोपियों ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार बहोरन, ओमकार, रोहित और मौने उर्फ श्यूटूबर ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों और सरिया से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। थाना अमृतपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।


युवक को पीटते दबंग

### हत्या के मामले में महिला को आजीवन कारावास

**70 हजार रुपये का लगाया गया अर्थदंड**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पेट्रोल डालकर आग लगाकर हत्या करने के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अभियुक्ता ममता पत्नी रमेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 70 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत तीन वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम वीरपुर निवासी राजबेटी पत्नी राकेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में दर्शाया था कि 27 अक्टूबर 2023 को सुबह लगभग सात बजे गांव के ही ममता ने मेरे पति राकेश से रुपए मांगे तो उन्होंने रुपए देने से मना कर दिए। इस पर ममता व उसके रमेश ने राकेश के ऊपर पेट्रोल डालकर माचिस से आग लगा दी। जिससे मेरे पति राकेश कुमार का शरीर जल गया। चीख पुकार को सुनकरद आसपास के लोग आ गये, जिन्होंने आग बुझाई। इलाज के लिए इलाज के सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। हालत अधिक गंभीर होने के कारण डॉ0 राममनोहर अस्पताल भर्ती करवाया गया। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने ममता के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। रमेश के खिलाफआरोप पत्र अलग दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अभियुक्ता ममता को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व 70 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। रमेश की पत्रावली पृथक कर दी गई।

## बहुजन समाज पार्टी की बैठक में बूथ को मजबूत करने के निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी बैठक बहन जी के निर्देशानुसार विधानसभा कायमगंज के सेक्टर 15, 192 व 194 बूथ पर सम्पन्न हुई। वहीं बूथ कैडर के मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर के नेतृत्व में सम्पन्न हुई।

बूथ को मजबूत करने व 2027 में पुनः बहन जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। सभी को संगठन मजबूत करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी रामौतार गौतम, विधानसभा अध्यक्ष गौरव सिद्धार्थ, धर्मेन्द्र राणा, अहिवरन सिंह लोधी, नेम सिंह, आनंद सिद्धार्थ, राजू शंखवार, वरुनेश निगम, आयुष कान्त, अनुज गौतम, आनंद कुमार, वीरेंद्र, विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।


अम्बेडकर व काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी

### ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियाजना हेतु 31 मई तक करायें जायेंगे बैनामें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद में प्रचलित फर्रुखाबाद प्रवेश नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे परियाजना हेतु यूपीडा के पक्ष में 31 मई तक प्रस्तावित भूमि के बैनामे कृषकों की सहमति से कराये जाने है, कृषकों की सुविधानुसार बैनामा पंजीकरण हेतु 03 सेन्टर तहसील सदर, नगर पंचायत कार्यालय खिमसेपुर एवं पंचायत घर सिरोली में बनाये गये है।

**बनाये गये तीन सेंटर**

उपजिलाधिकारी सदर ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील सदर के परियोजाना से आच्छादित ग्राम आमिलपुर, आवाजपुर, बरौन, गंगौली व कटरी कंचनपुर में लगभग 80 प्रतिशत से अधिक भूमि एवं ग्राम कटरी भीमपुर में 100 प्रतिशत भूमि के बैनामे कृषकों द्वारा आपसी सहमति के साथ उत्साहपूर्वक सम्पादित किये जा चुके है। जनपद में परियोजना में आच्छादित कुल भूमि का लगभग 55 प्रतिशत बैनामा सहमति के आधार निष्पादित किये जा चुके है और लगभग 25 प्रतिशत किसानों द्वारा सहमति एवं कागजात उपलब्ध करा दिये गये है। इस प्रकार परियोजना में लगभग 80 प्रतिशत की प्रगति की जा चुकी है। अवशेष कृषक यदि सहमति के आधार पर विक्रय पत्र निष्पादित करा सकते है। अब तक कतिपय किसानों द्वारा सर्किल रेट का 4 गुना ग्रामीण क्षेत्र में एवं 2 गुना नगरीय क्षेत्र में के आधार पर बैनामा निष्पादित किये जाने हेतु सहमति नहीं दी गयी है। अतः ऐसी दशा में ऐसी जमीनों के लिये भूमि अर्जन पुर्नवास एवं पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारिदर्शिता का अधिकार अधिनियम-2013 के अन्तर्गत अधिग्रहण की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है, जिससे परियोजना का कार्य ससमय पूर्ण कराया जा सके।

## डीएम ने की नारकोटिक्स से संबंधित दर्ज अभियोगों की समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- डीएम ने अधिकारियों को दिलायी नशे के विरुद्ध शपथ

जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जनपद स्तरीय एनसीओआरडी समिति एवं एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन बाल संरक्षण आयोग, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में किया गया। जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में समाज कल्याण विभाग, आबकारी विभाग, पुलिस विभाग, अभियोजन विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

डीएम ने बैठक में निर्देशित किया कि जनपद में नशीली दवाइयों एवं नारकोटिक्स के प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों, समितियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार-प्रसार, जागरूकता कार्यक्रम, गोष्ठियां एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। नारकोटिक्स से संबंधित दर्ज अभियोगों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग, अभियोजन विभाग एवं आबकारी विभाग को प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई करने तथा अभियोजन संबंधी कार्यवाहियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समाज कल्याण विभाग को जनपद में संचालित नशा मुक्ति केंद्रों की सक्रियता बढ़ाने तथा आमजन को नशीले पदार्थों एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि जनपद के समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने हेतु शपथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में जागरूकता बढ़ाई जाए। चिकित्सा विभाग को समस्त मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच सुनिश्चित करने तथा प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग को समस्त आबकारी दुकानों की सघन जांच करने एवं बढ़ते नशे के प्रयोग पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई तथा जनपद को नशामुक्त बनाने हेतु समन्वित प्रयास करने का आह्वान किया गया। डीएम ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना समाज एवं प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इस दिशा में सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य करें।

### जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की सुनीं गई समस्यायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** शासनादेश के तहत विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में अधिकारियों ने जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। ग्राम पंचायत जिराऊ के मजरा नगला कोठी में बने पंचायत घर में शुक्रवार शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जांच उपाधि योजना के तहत विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में विकासखंड कार्यालय के कई अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीण जनता की समस्याएं सुनी। जिसमें सर्वप्रथम आइजीआरएस की समस्याओं के निस्तारण हेतु गांव में घूम-घूम कर एडीओ पंचायत तथा एडीओ समाज कल्याण सहित विकास विभाग के कर्मचारियों ने गांव की समस्याओं को देखा। जिसमें आईजीआरएस में एक जल भराव की समस्या भी बताई गई थी। जिसको मौके पर पहुंचकर एडीओ पंचायत तथा ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के द्वारा देखा गया तथा एक हफ्ते के अंदर जल भराव की समस्या का निस्तारण करने के कही गई। वहीं गांव में पेंशन संबंधी समस्याओं के लिए एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार को समस्याओं का निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं एडीओ आईएसबी तथा एडीओ ग्राम विकास कर्मचारियों ने अपने-अपने पटल पर बैठकर समस्याएं सुनी। इस मौके पर एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण अंकुजा कटियार, ग्राम पंचायत सचिव मोतीलाल यादव, ग्राम प्रधान विनोद कुमार, ग्राम पंचायत सहायक रोजगार सेवक तथा कर्मचारी राज्यपाल सहित विकास विभाग के ग्रामीण जनता मौके पर मौजूद रही।


चौपाल में ग्रामीणों की समस्यायें सुनते अधिकार

# भाजपा अजय राय के खिलाफ साजिश रचने का कर रही कामः अंकुर मिश्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


वार्ता में जानकारी देते अंकुर मिश्रा

महोबा की एक दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया, उसके साथ न सिर्फ दुष्कर्म किया गया बल्कि नरभक्षीय व्यवहार किया गया। सरकार का कोई नुमाइंदा पीड़िता के घर नहीं पहुँचा, जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पीड़िता का दुख साझा करने उसके घर जा रहे थे तो उन्हें रोकने की हर संभव कोशिश की गई, मगर वह पीड़िता के घर पहुँचे। शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने अपने निवास पर पत्रकार वार्ता में कहा कि यह संवेदनहीन सरकार जो खुद तो पीड़िता का दुख साझा करने की संवेदना नहीं रखती। अजय राय के जाने से इतना व्याकुल हो गये कि पूरे प्रदेश में सरकार की सह पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनके इस मानवीय और मार्मिक कार्य के विरोध अजय राय जी खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू हो गए। कार्यकर्ता तो कार्यकर्ता सरकार के मंत्री और विधायक भी आगे आकर प्रदेश अध्यक्ष का विरोध करने लगे। बौखलाई सरकार के नुमाइंदों ने अजय राय के खिलाफ उनकी संपत्ति की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है और उनके मंत्री और विधायक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग कर रहें हैं, जबकि उनका सारा सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है। दो दिनों पूर्व ही आगरा नगर निगम ने प्राइवेट बिजली कंपनी टोरेंट का 430 करोड़ रूपये माफ किए हैं, इसके पहले हजारों करोड़ रूपये पूंजीपतियों के माफ कर उनसे भाजपा ने वसूली की है। कांग्रेस यह सिद्ध कर चुकी है काम लो चंदा दो की नीति भाजपा सरकार बना चुकी है तथा ईडी, आयकर के छापों से वसूली की नीति भी भाजपा की बनाई हुई है। इससे बड़ा भ्रष्टाचार का उदाहरण भला और क्या हो सकता है। पहले भाजपा अपने विधायक व मंत्रियों की जांच करा ले कि नौ सालों में कितनी लूट हुई है।

## कार्यशाला में बच्चे-बड़े सीख रहे कथक, जीवित हो रही शास्त्रीय परंपरा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


कथक नृत्य सीखते बच्चे

संस्कार भारती द्वारा आयोजित कथक कार्यशाला में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। कार्यशाला का उद्देश्य प्राचीन नृत्य परंपरा को संरक्षित करने के साथ युवाओं में रुचि जगाना है।

प्रशिक्षक स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि कथक भारत के आठ प्रमुख शास्त्रीय नृत्यों में से एक है और उत्तर प्रदेश का एकमात्र शास्त्रीय नृत्य है। इसका इतिहास लगभग 2000 वर्ष पुराना है, जिसकी शुरुआत मंदिरों के कथाकारों से हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को ठेका, दोगुन, चौगुन, तिहाई और हस्त मुद्राओं का प्रशिक्षण दिया। आगे सलामी और चक्कर सिखाकर कथक गीतों पर नृत्य कराया जाएगा।

**मंदिर से दरबार तक का सफर**

कथक प्रशिक्षक स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि कथक की उत्पत्ति देव मंदिरों में कथावाचन से हुई। भगवान की स्तुति नृत्य के माध्यम से की जाती थी। मुगल काल में यह दरबारी नृत्य बन गया। वर्तमान में कथक भाव नृत्य, आँखों की मुद्राओं और देवी-देवताओं की कथाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है।

**बच्चे-बड़े सीख रहे चाव से**

कार्यशाला में तत्कार, दोगुन, चौगुन, तिहाई जैसी थापों और विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षकों के अनुसार बच्चे और बड़े दोनों ही उत्साह के साथ कथक सीख रहे हैं। संस्कार भारती का मानना है कि ऐसी कार्यशालाएं भारतीय संस्कृति और नृत्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। कार्यशाला को सफल बनाने में अनुराग अग्रवाल, गौरव मिश्रा, अरविंद दीक्षित, कुलदीप, सुरेंद्र पांडेय, आदेश अग्रवाल, रवींद्र गुप्ता, अखिलेश पांडेय, समरेन्द्र शुक्ल, अनुराग पाण्डेय, कुलदीप श्रीवास्तव सहित कई पदाधिकारियों का सहयोग रहा।

# भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल से रविकांत अंकित व विकास ने दिया त्यागपत्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


व्यापारी रविकांत व अंकित व विकास

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल में काफी दिनों से खीचतान चल रही है। जिलाध्यक्ष के तानाशाह रवैया के खिलाफ फतेहगढ़, फर्रुखाबाद व नीमकरोरी अध्यक्ष ने संगठन से त्याग पत्र दे दिया है। पिछले 6 माह से भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री पर तानाशाह रवैया अपनाने का आरोप फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता व फर्रुखाबाद नगर अध्यक्ष अंकित गुप्ता एवं नीमकरोरी नगर अध्यक्ष विकास गुप्ता ने लगाया था। इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग व प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल को भी जिलाध्यक्ष की कार्यशैली के खिलाफ पत्र भेजा था। काफी दिन बीत जाने के बाद जिलाध्यक्ष पर कार्यवाही न होने के चलते तीनों नगर अध्यक्षों ने सामूहिक रुप से भारतीय उद्योग मण्डल से त्यागपत्र दे दिया है। अब वह इनके विरोध में नये संगठन में रहकर अपना संगठन तैयार करेंगे। आदेश अग्निहोत्री पर पहले भी आरोप संगठन के लोगों ने लगाये थे कि उन्होंने अभी तक अपनी जिला कमेटी पूर्ण से घोषित नहीं की है। कुछ पदाधिकारी ही बनाये है। ऐसे में काफी लोग उनके साथ काम करना नहीं चाहते है। संगठन द्वारा उपेक्षा होने पर उचित निर्णय लेते हुए फतेहगढ़ एवं फर्रुखाबाद व नीमकरोरी के अध्यक्षों ने त्यागपत्र दे दिया है और पद से त्यागपत्र राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष को भी भेज दिया है। रविकांत गुप्ता ने आदेश अग्निहोत्री पर संगठन विरोधी व तानाशाह का आरोप लगाते हुए भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल को अलविदा कह दिया है।

जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने बताया कि मेरे पास सबूत है कि मैंने इन लोगों को बर्खाशत कर दिया है। न ही आदेश अग्निहोत्री कोई लिखित रुप से आदेश जारी किया है।

## एनपीएस सेवा का सम्मान नहीं सेवानिवृत्ति का अपमानः ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।


जानकारी देते ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

जब तक कर्मचारी काम करता है, उसे राष्ट्र की रीढ़ कहा जाता है, लेकिन जैसे ही वह रिटायर होता है, उसका भविष्य बाजार की अनिश्चितता के हवाले कर दिया जाता है। सवाल सीधा है? क्या 30-35 साल की निष्ठावान सेवा का प्रतिफल असुरक्षा होना चाहिए?

पुरानी पेंशन व्यवस्था केवल एक आर्थिक योजना नहीं थी, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का वादा थी। आजीवन आय, महंगाई से संरक्षण और परिवार की सुरक्षा। यह कर्मचारी को यह भरोसा देती थी कि सेवा के बाद उसका जीवन सम्मान और स्थिरता के साथ बीतेगा। इसके विपरीत, नई व्यवस्थाओं ने पेंशन को अधिकार से हटाकर जोखिम में बदल दिया है, जहाँ रिटायरमेंट के बाद का जीवन बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर हो गया है।

**यह केवल नीति का अंतर नहीं? न्याय का प्रश्न है**

भारत का संविधान समानता और गरिमामय जीवन की बात करता है। फिर एक ही सरकार के अंतर्गत काम करने वाले कर्मचारियों के बीच सेवानिवृत्ति सुरक्षा में इतना बड़ा अंतर क्यों? क्या समान सेवा के बाद असमान सुरक्षा संवैधानिक भावना के अनुरूप है? और सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि नीति बनाने वालों की पेंशन सुनिश्चित रहती है, जबकि नीतियों को जमीन पर लागू करने वाले कर्मचारी अनिश्चित भविष्य के साथ छोड़ दिए जाते हैं। यह तुलना आक्रोश पैदा करने के लिए नहीं, बल्कि एक मूल प्रश्न उठाने के लिए है? क्या सामाजिक सुरक्षा चयनित लोगों तक सीमित रहनी चाहिए, या हर उस व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए जिसने अपना जीवन सार्वजनिक सेवा को दिया है? समितियाँ बनाना, रिपोर्ट तैयार करना और निर्णय को वर्षों तक टालना समस्या का समाधान नहीं है। क्योंकि सेवानिवृत्ति इंतजार नहीं करती, महंगाई रुकती नहीं, और बढ़ती उम्र विकल्प नहीं देती।

**याद रखि-देरी से मिला न्याय, कई बार अन्याय बन जाता है**

यह मांग किसी विशेषाधिकार की नहीं है। यह उस विश्वास को पुनर्स्थापित करने की मांग है जो हर कर्मचारी सेवा में प्रवेश करते समय लेकर आता है कि राज्य उसे केवल काम के समय नहीं, बल्कि काम के बाद भी सुरक्षा देगा। आज आवश्यकता केवल चर्चा की नहीं, बल्कि स्पष्ट नीति-संकल्प की है। क्योंकि जिस व्यवस्था में बुढ़ापा सुरक्षित नहीं, वहाँ सेवा का मनोबल भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है।

**पुरानी पेंशन कोई दया नहीं-यह सेवा के सम्मान का प्रतीक है**

यह खर्च नहीं-एक जिम्मेदार राज्य की पहचान है। अगर कर्मचारी का भविष्य सुरक्षित होगा, तभी सेवा निडर होगी। अगर कर्मचारी का सम्मान सुनिश्चित होगा, तभी व्यवस्था मजबूत होगी। सरकार पुरानी पेंशन व्यवस्था पुनः बहाल कर इस समस्या का तत्काल निदान करे।

## शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेले में 31 अभ्यार्थियों का हुआ चयन


साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया गया। मेला में 03 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया व रिक्तियां 120 के सापेक्ष मेला मे 43 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा 43 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर कुल 31 अभ्यर्थियों का टाटा मोटर्स पंतनगर उत्तराखण्ड-16 अप्रेन्टिसशिप, बैकमैट इण्डिया लि0 छाता मथुरा-11 जॉब ट्रेनी एवं रिवेन्ट प्रसीजन इजीनियरिंग लि0 गुरूग्राम-04 जॉब ट्रेनी के लिए चयन किया गया। मेला की व्यवस्था में प्रमुख रूप से नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार प्लेसमेन्ट प्रभारी, रंजीत कुमार सुमन अप्रेन्टिस प्रभारी, विजेन्द्र सिंह भास्कर एंव समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता सफल, भाकियू का धरना समाप्त


वार्ता करते अपर जिलाधिकारी व एएसपी

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष अजय कटियार के नेतृत्व में अमृतपुर तहसील परिसर में किसानों द्वारा चलाया जा रहा धरना प्रशासनिक अधिकारियों के साथ हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया। धरने में सैकड़ों किसान मौजूद रहे और विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। धरना समाप्त कराने के लिए अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार तथा अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश चंद्र सिंह, अमृतपुर तहसील पहुंचे। अधिकारियों ने किसान यूनियन के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कहा कि किसानों की जो भी मांगें न्यायोचित होंगी, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना किसानों की सहमति के किसी की भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा तथा प्रत्येक किसान से सहमति पत्र लिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने बताया कि प्रशासन द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद फिलहाल धरना समाप्त किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यूपीडा अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक प्रस्तावित है, जिसमें किसानों की भूमि के अधिक अधिग्रहण के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। साथ ही किसानों को उनकी भूमि के अनुरूप उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी रखी जाएगी। प्रशासन के अनुसार लगभग 80 प्रतिशत किसानों ने अपनी सहमति देते हुए बैनामा कर दिया है, जबकि शेष 20 प्रतिशत किसानों से भी जल्द सहमति बनाकर प्रक्रिया पूरी कराने का प्रयास किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने अर्पिता भारद्वाज को किया सम्मानित


डीएम से सम्मानित होती अर्पिता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन 3 जून से 6 जून को देहरादून में आयोजित होगी। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद की कराटे खिलाड़ी अर्पिता भारद्वाज का चयन हुआ है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने अर्पिता भारद्वाज का नेशनल कराटे प्रतियोगिता में चयन होने पर अपने कार्यालय में मेडल पहनाकर सम्मानित किया। संस्था के सचिव पारस भारद्वाज ने सुमन राठौर के साथ जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कराटे खिलाड़ी अर्पिता भारद्वाज को बधाई दी और कहा कि नेशनल चैम्पियनशिप जीतकर आओ और जनपद का नाम रोशन करों।

## सीपी विद्या निकेतन के विद्यार्थियों ने ताइक्वांडो टूर्नामेंट में जीते 9 गोल्ड व चार सिल्वर मेडल


मेडल दिखाते विजेता खिलाड़ी

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सीपी विद्या निकेतन के छात्र-छात्राओं ने जोनल लेवल ताइक्वांडो टूर्नामेंट एवं जोनल लेवल खो-खो टूर्नामेंट में प्रतिभाग किया। ताइक्वांडो टूर्नामेंट विलसोनिया कॉलेज मुरादाबाद में आयोजित किया गया एवं खो-खो टूर्नामेंट सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल चंदौसी में आयोजित किया गया। समस्त टूर्नामेंट काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन सीआईएससी ई द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं। टूर्नामेंट में ताइक्वांडो में सीपी विद्या निकेतन के छात्रों ने 9 गोल्ड मेडल, चार सिल्वर मेडल एवं एक ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं खो-खो में विद्यालय की अंडर 17 एवं अंडर-19 गर्ल्स की टीम्स ने प्रतिभाग किया तथा अंडर-19 गर्ल्स टीम पूरे जोन में सीपी विद्या निकेतन का दबदबा बनाकर विजय श्री का वरण करके लौटी। ताइक्वांडो में प्रशिक्षक आदित्य राठौर के निर्देशन में छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं खो-खो में व्यायाम शिक्षिका पल्लवी मिश्रा के नेतृत्व में छात्राओं की दोनों टीम्स ने चंदौसी में प्रतिभाग किया। जीते हुए समस्त छात्र-छात्राएं अगले चरण में रीजनल्स या स्टेट लेवल पर प्रतिभाग करने जुलाई एवं अगस्त के माह में जाएंगे। विद्यालय की निदेशक डॉ0 मिथिलेश अग्रवाल ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दी एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार बाजपेई ने भी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।


बूथ पर वोटर लिस्ट स्कैनिंग करते इलियास मंसूरी

### बूथ का काम सबसे जरूरी, करो मजबूतः इलियास मंसूरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी जिला संगठन बूथ स्तर पर काफी सक्रियता के साथ जुटा हुआ है। जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने शुक्रवार विधानसभा अमृतपुर के बूथ संख्या 196 बैरामपुर, 199 अमलैया आशानंद, 200 मिल्क सुल्तान में बूथ पर वोटर लिस्ट स्कैनिंग की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा की बूथ पर काम और वोटर लिस्ट स्कैनिंग बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता संवेदनशीलता के साथ इस कार्य को करें। अगर ठीक तरीके से हम लोगों ने इस कार्य को पूर्ण कर लिया तो आधा चुनाव हम जीत चुके। इस मौके पर अखिलेश मिश्रा, राजवीर सिंह, बीके गंगवार, शिवम पटेल, देबू गंगवार, गजेंद्र सिंह गंगवार आदि मौजूद रहे।

## श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर में काव्य समारोह का हुआ आयोजन


काव्यपाठ करते डा0 शिवओम अम्बर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लोहाई रोड स्थित श्रीराधा श्याम शक्ति मंदिर में काव्य समारोह का आयोजन वरिष्ठ साहित्यकार डा0 शिवोम अंबर की अध्यक्षता व युवा कवि वैभव सोमवंशी सुभग के संचालन में हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

मां वाणी की वंदना डॉ. गरिमा पांडेय ने की। वरिष्ठ रचनाकार बृज किशोर सिंह किशोर, कृष्ण कांत त्रिपाठी अक्षर, उपकार मणि उपकार, निमिष टंडन, उत्कर्ष अग्निहोत्री, प्रीति पवन तिवारी ने काव्यपाठ कर के बाबा के दरबार में नमन किया। शिव ओम अंबर ने कविता को ईमानदारी के साथ जीने का संदेश दिया। संयोजक आयोजका सुरेंद्र कुमार सफ्फड़ ने सभी के प्रति आभार जताया। मौके अनुराग सोमवंशी, विभोर सोमवंशी, महेश पाल सिंह उपकारी, अंजुम दुबे, सरल दुबे, अरुण जालान, अभिव्यंजना के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र पांडेय, योगेश मिश्रा, केके अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, दीपक, सुब्रत, सुयश, रजनी सोमवंशी, रुकमंगल सिंह, सत्यपाल, विनोद दुबे, आरती दुबे, अनुजा सोमवंशी सहित बड़ी तादाद में लोगों ने भागीदारी की।

### उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिये गये प्रमाण पत्र


कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा अग्रवाल सभा भवन में आयोजित सभा में प्रदेश अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार नव नियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कौशल, जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला महामंत्री शिव कुमार शाक्य, नगर अध्यक्ष अमित सेठ, नगर महामंत्री संजीव अग्रवाल को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस अवसर पर प्रदेश युवा मंत्री अतुल गुप्ता, विधान सभा अध्यक्ष जीतेंद्र रस्तोगी, उपाध्यक्ष कन्हैया लाल, महामंत्री संगम शाक्य, कोषाध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, जिला उपाध्यक्ष लखपति बाबू सक्सेना, महिला नगर अध्यक्ष मधु गंगवार, लक्ष्मी राठौर सहित व्यापारी उपस्थित थे।

## श्रीश्याम कमेटी द्वारा हुआ विशाल देवी जागरण

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।


जागरण में मौजूद पदाधिकारी

श्रीश्याम कमेटी के द्वारा रेलवे रोड स्थित एक गली में माता रानी का भव्य विशाल जागरण का आयोजन हुआ। जिसमें श्री कोतवालेश्वर हनुमान सेवा ट्रस्ट की पूरी टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे। माता रानी का बहुत ही भव्य दरबार सजाया गया।

जिसमें बाहर से आए कलाकारों गोल्डी शुक्ला कानपुर, अंशू गोस्वामी ग्रेटर नोएडा, शिवानी गोला के द्वारा पूरी रात भजन कीर्तन कर मां को रिझाया, विराट रूप में हनुमान जी झांकी, रामदरवार झांकी, राधा कृष्ण की झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया सारी रात तालियों की गड़गड़ाहट से जागरण पांडाल गूंजता रहा। जिसमें हजारों भक्तजनों ने मां के दरबार में माथा टेका। श्री श्याम जागरण कमेटी टीम के द्वारा सभी भक्तजनों के लिए बहुत सुंदर व्यवस्था की गई। ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, प्रबंधक संगम शाक्य, कन्हैया लाल, कमलेश भारद्वाज, दीपक शाक्य, विपन कोहली मौजूद रहे। इससे पहले उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर अध्यक्ष अमित सेठ, अतुल गुप्ता, जितेंद्र रस्तोगी, संगम शाक्य, रश्मि दुबे, ब्लॉक प्रमुख अरुण दुबे, आसिफ मंसूरी आदि का श्री श्याम कमेटी के द्वारा सभी का ढोल नगाढ़ों व पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया तथा सभी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। जागरण कमेटी टीम के सदस्य रूपलाल वर्मा, विनोद श्रीवास्तव, राकेश वर्मा, बंटी श्रीवास्तव, संगम शाक्य, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, विपिन कोहली, कृष्णा श्रीवास्तव, रोहित, मोहित दुबे, मनोज कौशल, विकास, अजीत श्रीवास्तव, सुधीर, गुरुदेव, रजत श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, प्रमोद यादव, उमेश श्रीवास्तव आदि ने सहयोग किया।

## पैतृक जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, शिकायत डीएम से

नवाबगंज समृद्धि न्यूज।

थाना नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बबना निवासी रघुनन्दनलाल शाक्य ने अपनी पैतृक कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और प्रशासनिक लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। पीड़ित के अनुसार गाटा संख्या 1269 स्थित भूमि पर उनके परिवार का वर्षों से नाम दर्ज चला आ रहा है और वह भूमि उनकी पैतृक संपत्ति है आरोप है कि गांव के कुछ दबंग किस्म के लोग उक्त जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। जिसके चलते परिवार में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया कि मामले को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई तथा आईजीआरएस पोर्टल पर भी प्रार्थना पत्र दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई उनका आरोप है कि बिना मौके पर जांच किए ही मामले का निस्तारण कर दिया जाता है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि 27 मई 2026 को भेजी गई एक रिपोर्ट में किसी अन्य व्यक्ति का फोटो लगाकर फर्जी आख्या प्रस्तुत कर दी गई, जिससे वह काफी आहत और परेशान हैं, रघुनन्दनलाल शाक्य ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मौके पर राजस्व टीम और पुलिस बल भेजकर अवैध कब्जा व निर्माण कार्य को तत्काल रुकवाया जाए तथा निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## खबरें एक नजर में

### खमरिया में मिला बुजुर्ग का शव, पुलिस की सक्रियता से हुई शिनाख्त

**ईसानगर-खीरी।** खमरिया कस्बे में सहकारी बैंक के पास गुरुवार रात लगभग 75 वर्षीय एक बुजुर्ग का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआती जांच में पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस की सक्रियता और सोशल मीडिया के जरिए सूचना प्रसारित किए जाने के बाद मृतक के परिजनों तक खबर पहुंची। परिजनों ने थाना खमरिया पहुंचकर शव की पहचान की पुष्टि की। मृतक की पहचान छोटेलाल पुत्र हरदयाल (लगभग 75 वर्ष), निवासी पचपेड़वा थाना फरधान के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार छोटेलाल की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह घर से निकल गए थे। परिवार के लोग उनकी लगातार तलाश कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि छोटेलाल दिन में खमरिया कस्बे में जिला सहकारी बैंक के पास एक गली में घर के बाहर बैठे दिखाई दिए थे और आसपास के लोगों से बातचीत भी कर रहे थे। शव की शिनाख्त के बाद परिजनों ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव अपने कब्जे में ले लिया।

### दो कुंतल 21 किलो 640 ग्राम अवैध गांजा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना प्रभारी फतनपुर मनीष कुमार त्रिपाठी मय हमराह एवं स्वाट टीम प्रभारी मय हमराह द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत पकड़ी बॉर्डर बैरियर के पास ट्रक को रोककर चेक किया गया। तलाशी के दौरान ट्रक में छिपाकर रखी गई कुल 7 बोरियों से कुल 2 कुंतल 21 किलो 640 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। मौके से ट्रक चालक सहित कुल 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना फतनपुर पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। मो. अरबाज पुत्र मो. असलम निवासी ग्राम जाफरपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष, शोएब मलिक पुत्र स्व. इस्तेखार अली निवासी ग्राम कठार मधुपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष एवं मो. वासिर पुत्र मो. शरीफ निवासी ग्राम मंदाह थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे उड़ीसा से अवैध गांजा लाकर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से अन्य सामानों के बीच छिपाकर विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करते थे तथा अवैध कारोबार से आर्थिक लाभ अर्जित करते थे।

### एनसीआरपी पोर्टल की मदद से साइबर ठगी का दस हजार रुपये वापस कराया



**हलिया (मीरजापुर)।** हलिया पुलिस और साइबर टीम ने एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति के दस हजार रुपये वापस कराकर सराहनीय कार्य किया। ग्राम हलिया, थाना हलिया, जनपद मीरजापुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र कोमलचन्द्र के साथ गत 09 मई को कुल दस हजार रुपये की ऑनलाइन फ्रॉड हुई थी। पीड़ित ने इस संबंध में थाना स्थानीय पर एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से 26 मई को प्रार्थना पत्र दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव और साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आवेदक प्रमोद कुमार के खाते में दस हजार रुपये वापस करा दिए। टीम में शामिल रहे थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, कांस्टेबल विश्वनाथ प्रताप रहे पैसे वापस मिलने पर प्रमोद कुमार ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

### अज्ञात वाहन की चपेट में बुलेट सवार मामा की मौत, भांजी गंभीर रूप से घायल



**चुनार, मिर्जापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पिरल्लीपुर फोरलेन हाईवे रेलवे अंडरग्राउंड पुल के नीचे अज्ञात वाहन ने पीछे से धक्का मार दिया जिससे बुलेट चलारहे की घटना स्तर पर ही मौत हो गई वही पीछे बैठी भांजी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस और सूचना दी मौके पर कजरहट चौकी इंचार्ज सदानंद सिंह पहुंचकर दोनों को चचरी मोड अस्पताल पहुंचाया। वहीं डॉक्टरों ने विनय राय ( 33) पुत्र बृजभूषण राय निवासी ग्राम चाकिया पूर्वी जिला चंदौली को मृत घोषित कर दिया। वही बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर ने भांजी कलश ( 20) पुत्री प्रदीप कुमार निवासी ग्राम कठिनई थाना पडरी मिर्जापुर को वाराणसी के लिए रेफर कर दिया भांजी का इलाज पूर्वांचल हॉस्पिटल में चल रहा है। बताया जा रहा की मामा विनय राय कल अपनी बहन के घर गए हुए थे रात्रि में 7-30 बजे अपनी भांजी को लेकर अपने बुलेट से घर चकिया चंदौली जा रहे थे। पीछे से अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। विनय राय के भाई ने बताया कि हम दो भाई हैं। हमसे बड़े भाई की कल एक्सीडेंट में मौत हो गई। मृतक व्यवसाय करते थे। चुनार कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि सीसी फुटेज के आधार पर वहां की तलाश की जा रही है। शव को आज पीएम के लिए भेज दिया गया है।

### परतावल से महिला का मोबाइल चोरी, दो घंटे में दो आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल में खरीदारी करने आई महिला का मोबाइल चोरी होने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी गया मोबाइल भी बरामद कर लिया है। कुसुम्हा निवासी हिना परतावल में खरीदारी करने आई थीं। इसी दौरान उनके बैग से मोबाइल फोन चोरी हो गया। पीड़िता की तहरीर पर श्यामदेउरवां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया। मामले की जांच में जुटे परतावल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित कुमार सिंह व उपनिरीक्षक अजय कुमार ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए दो घंटे के भीतर आरोपी सिकन्दर व समीर राजभर निवासी रामनगर थाना भिटौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी गया मोबाइल भी बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### नेहरू के विचार आज भी देश को दिखा रहे विकास और शांति का मार्ग: विजय सिंह

**महराजगंज।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन नारायण मिश्रा के संपर्क कार्यालय पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू केवल स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ही नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माण के महान शिल्पकार भी थे। उन्होंने ऐसे भारत की परिकल्पना की थी जहां शांति, लोकतंत्र, विज्ञान और भाईचारे का वातावरण हो। उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया संघर्ष और तनाव के दौर से गुजर रही है, तब नेहरू जी के शांति, सहिष्णुता और विश्व बंधुत्व के विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

**पढ़ुआ पुलिस का बड़ा एक्शन**

# ऑनलाइन गेमिंग ऐप से ठगी करने वाला गैंग पकड़ा, 4 गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के पढ़ुआ थाना क्षेत्र में ऑनलाइन मोबाइल गेमिंग और फर्जी इन्वेस्टमेंट स्कीम के जरिए साइबर ठगी करने वाले बड़े गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करोड़ों रुपए के साइबर फ्रॉड से जुड़े दस्तावेज, महंगे मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, सिम कार्ड, कार और बाइक बरामद की गई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने ढखेरवा-निघासन रोड स्थित लाख मोड़ के पास मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संतोष कुमार पुत्र बाबू, दिलीप कुमार पुत्र राम किशोर, अंकित कुमार पुत्र श्याम प्रकाश और आशीष गौतम पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम चचरा के रूप में हुई है।

निघासन क्षेत्राधिकारी शिवम कुमार ने बताया कि आरोपी थर्ड पार्टी मोबाइल गेमिंग एप्स जैसे नाइट फैन क्लब, एविएटर और कलर ट्रेड विद जीबी आदि के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। ये ऐप्स प्ले स्टोर पर उपलब्ध नहीं होते थे। सोशल मीडिया पर विज्ञापन और लालच भरे मैसेज भेजकर लोगों को मोटे मुनाफे का झांसा दिया जाता था। निवेश कराने के बाद आरोपी फर्जी तरीके से लोगों से ओटीपी हासिल कर उनके बैंक खातों से रकम उड़ा लेते थे। ठगी के लिए बैंक खातों और यूपीआई गेटवे का इस्तेमाल किया जाता था। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को प्रत्येक ट्रांजैक्शन पर करीब 15 प्रतिशत कमीशन मिलता था।



**पुलिस ने बरामद किए महंगे मोबाइल और बैंक दस्तावेज:** पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 महंगे मोबाइल फोन, 20 एटीएम कार्ड, 11 सिम कार्ड, चेक बुक, बैंक पासबुक, एक होंडा सिटी कार और एक बाइक बरामद की है। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा महाराष्ट्र निवासी मुकेश और रफी के नाम की चेक बुक तथा पंजाब नेशनल बैंक और यूनियन बैंक की पासबुक भी मिली हैं। बरामद वाहनों में होंडा सिटी कार नंबर DLxCBE1086 और बाइक नंबर UP30AL0790 शामिल है।

### लंबे समय से मिल रही थीं शिकायतें

सीओ शिवम कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में लंबे समय से ऑनलाइन गेमिंग और मोबाइल एप्स के जरिए साइबर ठगी की शिकायतें मिल रही थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पढ़ुआ थाना प्रभारी निरीक्षक मोहित पुंडीर लगातार जांच कर रहे थे। इसी दौरान मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए गैंग का खुलासा किया गया। पुलिस का कहना है कि यह एक संगठित साइबर फ्रॉड नेटवर्क है और इसमें कई अन्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है।

## कमरे के पंखे से लटकी मिली मजदूर की लाश, पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के गांव मोहिउद्दीनपुर में गुरुवार रात एक मजदूर-किसान ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी प्रेमचंद (55) पुत्र छोटेलाल रात में खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए थे। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो उनका शव कमरे में पंखे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर उचौलिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की।

मृतक के बड़े बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता शराब का सेवन करते थे। प्रेमचंद अपने पीछे पत्नी रामलली, चार बेटे – अवनीश (26), कमलेश (22), चमन (18) और अचल (14) – तथा तीन बेटियों का परिवार छोड़ गए हैं। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। बताया गया कि परिवार का बड़ा बेटा मजदूरी के सिलसिले में बाहर गया हुआ था। घटनास्थल पर उपनिरीक्षक करुणेश शुक्ला समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।

## पुलिस मुठभेड़ में छह शातिर चोर गिरफ्तार, दो के पैर में लगी गोली

- ईसानगर-खमरिया पुलिस व एसओजी की बड़ी कार्रवाई, लाखों की नकदी और जेवरात बरामद

**ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बीच थाना ईसानगर, थाना खमरिया पुलिस और एसओजी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त पुलिस टीम ने सक्रिय अंतरजनपदीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह शातिर अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपये की नकदी, चोरी के जेवरात, अवैध तमंचे, कारतूस और बिना नंबर प्लेट का सीएनजी ऑटो बरामद किया है। बताया गया कि अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बृहस्पतिवार देर रात थाना ईसानगर प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह और थाना खमरिया प्रभारी निर्मल तिवारी के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी टीम ग्राम नौरंगपुर के पास चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसमें सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें रमाकांत पुत्र मनोहर निवासी जालिमपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर तथा हारून पुत्र बसीर निवासी जालिमपुर थाना सकरन जनपद सीतापुर के पैर में गोली लग गई। पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अन्य गिरफ्तार आरोपियों में संदीप पुत्र कमलेश निवासी जालिमपुर थाना सकरन, संजय पुत्र छोटेलाल निवासी कनकारी थाना रेउसा, पियूष पुत्र हरिश्चंद्र निवासी हरदासपुर थाना खमरिया तथा धीरज पुत्र राजेंद्र निवासी भिठौली थाना रेउसा शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी थाना ईसानगर, खमरिया और धौरहरा क्षेत्र में हुई कई चोरी की घटनाओं में वांछित थे। इनके कब्जे से कान के बाले, झाला, मंगलसूत्र, नाक की बाली, नाक की कील, नौ जोड़ी पायल, नौ अंगूठियां, बिछिया, सिक्के सहित भारी मात्रा में चांदी व पीली धातु के जेवरात बरामद किए गए हैं। इसके अलावा दो लाख सात हजार पांच सौ रुपये नकद, दो देशी तमंचे .315 बोर, जिंदा व खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट का सीएनजी ऑटो भी बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना ईसानगर में बीएनएस और आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी हारून और रमाकांत पर सीतापुर, लखनऊ, रायबरेली, प्रतापगढ़ और राजस्थान तक में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। हारून पर दो दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज बताए गए हैं। इस कार्रवाई में थाना खमरिया प्रभारी निर्मल तिवारी, थाना ईसानगर प्रभारी ब्रजेश कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी जयप्रकाश यादव, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह चंदेल, उपनिरीक्षक हरेंद्र कुमार समेत पुलिस और एसओजी टीम के कई जवान शामिल रहे।

## बकरीद का त्योहार कड़ी सुरक्षा के बीच सकुशल संपन्न

**हलिया, मीरजापुर, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के हलिया कस्बा, धमौली, खम्हारिया कला ईदगाह, मनिगढ़ा, बडौहा, परसिया खुर्द, सोनगढ़ा, महुगढ़, पंवारी खुर्द, राजपुर आदि गांवों में मुस्लिम समुदाय द्वारा बकरीद (ईद-उल-अजहा) का त्योहार गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सकुशल संपन्न हो गया। पुलिस और प्रशासन ने त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती और किसी भी प्रकार का हुड़दंग व नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त हिदायत दी थी। नायब तहसीलदार राजीव यादव, थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने मुस्लिमों के बीच पहुंच कर कुर्बानी को लेकर विशेष हिदायतें दी गई। कहा कि सार्वजनिक स्थानों, सड़कों या खुले में कुर्बानी देने संबंधित के खिलाफ सख्त कार्वाई होगी। इसके लिए निर्दिष्ट स्थानों को ही अनुमति दी गई थी। थानाध्यक्ष ने कहा की कुर्बानी की कोई भी लाइव स्ट्रीमिंग, या ऐसे आपत्तिजनक फोटो-वीडियो इंटरनेट मीडिया पर साझा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ,एसआई घनश्याम सिंह, चौकी प्रभारी अमर नाथ यादव, रमाशंकर आदि उप निरीक्षक रहे। त्योहार के पूर्व संध्या बुधवार को शाम थानाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस, पीएसी और अर्धसैनिक बलों द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई। शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने आम जनता, धर्मगुरुओं और शांति समितियों से लगातार संवाद कर सहयोग की अपील की थी।

### घर में निकला विशालकाय सांप, रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा



**पलिया-खीरी।** पलिया रेंज क्षेत्र के ग्राम निहालीपुरवा में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक घर के अंदर विशालकाय धामन सांप दिखाई दिया। सांप को देखते ही परिवार के लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलने पर सर्प मित्र नाजरुन निशा मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया। जानकारी के अनुसार सांप घर के एक कोने में छिपा बैठा था, जिससे परिवार के लोग भयभीत थे। रेस्क्यू के दौरान नाजरुन निशा ने ग्रामीणों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी और पूरी सावधानी के साथ अभियान चलाया। काफी देर की मेहनत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया गया।

### बकरीद पर दरगाह शरीफ ईदगाह, जामा मस्जिद, बेलवीर, ताजुल मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज



**मिर्जापुर।** चुनार नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद पर ईदगाहों और मस्जिदों में भाईचारे का माहौल देखने को मिला। सुबह 7 बजे से 7:30 बजे नमाज अदा की गई, दरगाह शरीफ पर व ईदगाह पर भीड़ अधिक होने के कारण टेंट लगाया गया था जिसमें नमाज पढ़ाई गई। ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की और गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी। और देश में अमन चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन और पूरी तरह अलर्ट नजर आई। ईदगाह परिषद और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बकरीद को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। संवेदनशील इलाकों, मस्जिदों, प्रमुख चौराहों और बाजारों में भारी पुलिस फोर्स तैनात है। वहीं, ड्रोन कैमरों की निगरानी में पढ़ी गई नमाज इस दौरान उपस्थित उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकार मंजरी राव, तहसीलदार देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## हड़ताल समाप्त कराने पर नहीं बनी सहमति

- अपरजिलाधिकारी एवं अधिवक्ताओं के बीच हड़ताल समाप्ति को लेकर चली वार्ता हुई विफल, पूर्व की भांति अधिवक्ताओं ने जमकर की नारेबाजी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



फरेंदा तहसील परिसर में विगत सोलह दिन से अधिवक्ताओं का चल रहा धरना प्रदर्शन आज बुधवार को 19 वें दिन भी जारी रहा। दोपहर बाद जिलाधिकारी महराजगंज द्वारा प्रतिनिधि के तौर पर वार्ता के लिए आए एडीएम न्यायिक नवनीत गोयल की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बार व बेंच की बैठक आयोजित की गई। जिसमें अधिवक्ताओं ने क्रमशः अपनी शिकायतों को बिंदुवार उनके समक्ष रखा। संचालन करते हुए रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा के सचिव सतीश चंद्र दुबे ने करते हुए कहा कि अधिवक्ता विगत काफी समय से अपनी न्यायिक मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। अधिवक्ता राघवेंद्र उपाध्याय ने अधिवक्ताओं की समस्या से एडीएम न्यायिक को अवगत कराया उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी फरेंदा का व्यवहार अधिवक्ताओं, फरियादियों व कर्मचारियों के प्रति उचित नहीं है। सरोज मिश्र ने कहा कि धारा 24 के मामलों में बिना समुचित न्यायिक प्रक्रिया के मुकदमों को खारिज कर दिया जा रहा है जिससे फरियादियों को काफी दिक्कत हो रही है। अधिवक्ता अनिरुद्ध श्रीवास्तव,सेराज अहमद, जगदंबा यादव,अष्टभुजा वर्मा,ओमप्रकाश शुक्ला, राम आसरे शुक्ल, रवि पासवान,परमात्मा सिंह, आनंद गुप्ता, अमित जायसवाल, जितेन्द्र दत्त यादव,व अशफाक अहमद ने भी अलग अलग अपनी अपनी शिकायतों से अवगत कराया। उसके पश्चात अध्यक्ष जितेंद्र सैनी पूरे बार की भावना से अवगत कराया। उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेंद्र गौतम ने अपना पक्ष रखा और न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार मुकदमों के निस्तारण की बात कही। अंत में एडीएम न्यायिक ने बार व बेंच के बीच व्याप्त गतिरोध को समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संवाद हीनता से अक्सर ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि अपने रिपोर्ट से वह जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे। तब तक के लिए धरना समाप्त करने का आग्रह किया लेकिन अपर जिलाधिकारी व अधिवक्ताओं के बीच घंटों चली वार्ता विफल रही। धरना प्रदर्शन पूर्व की भांति अपने मिशन में है। इस दौरान तहसीलदार फरेंदा वशिष्ठ वर्मा, एसओसी अशोक कुमार, चकबंदी अधिकारी अमरेश वर्मा, राजेश कुमार, लालमणि मिश्र उपस्थित रहे।

